ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज एवं रांची (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन शुक्ल पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 16 अक्टूबर 2023 • वर्ष-30 • अंक-03 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## 827
## माध्यमिक शिक्षकों का
## नियुक्ति पत्र
## वितरण समारोह



मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास,
ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय
कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन,
प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
झारखण्ड सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

**श्रीमती महुआ माजी**
माननीया सांसद, राज्यसभा

**श्री संजय सेठ**
माननीय सांसद, लोकसभा रांची

**श्री सी.पी. सिंह**
माननीय विधायक, विधानसभा रांची

दिनांक : 16 अक्टूबर, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे
स्थान : स्व॰ रामदयाल मुण्डा फुटबॉल मैदान मोराबादी, रांची

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 309188 (School Education and Literacy) 2023-24

## गागर में सागर

### मिसाइल मैन कलाम की जयंती मनी

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संग्रष मोर्चा के जिला कार्यालय में भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन अब्दुल कलाम की 92 वीं जयंती रविवार को मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की । संचालन संजय कुमार ने किया। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि देश के महान वैज्ञानिक शिक्षक और भारत के 11 राष्ट्रपति अब्दुल कलाम भारत के अनमोल रत्न थे। इस अवसर पर संजीत कुमार, सनी कुमार, उपेंद्र तिवारी, रामपुकार विश्वकर्मा, जशवंत कुमार, रंजित कुमार, विनय राम इत्यादि मौजूद थे।

### पूर्व उपमहापौर ने किया प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** शहर के टी. वी. टावर रोड बैरिया स्थित ₹आरोग्य अमृततुल्य₹ नाम के प्रतिष्ठान का उद्घाटन नगर निगम मेदिनीनगर के प्रथम उपमहापौर राकेश कुमार सिंह ( मंगल सिंह) ने किया । इस अवसर पर उपमहापौर श्री सिंह ने प्रतिष्ठान के संचालनकर्ता को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रतिष्ठान संचालक ने कहा कि इस प्रतिष्ठान में चाय,कॉफी आदि के कई वैराइटी उपलब्ध हैं । यह चाय प्रेमियों के लिए चार्जिंग प्वाईंट होगा। मौके पर कई गणमान्य लोगों बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### सत्संग केंद्र जपला रोड से सोनार मुहल्ला में स्थानांतरित

**छतरपुर।** ठाकुर अनुकूलचंद्र जी का छतरपुर स्थित सत्संग केंद्र रविवार को जपला रोड से सोनार मोहल्ला निवासी सह नागेंद्र प्रसाद सिन्हा के निवास स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है । जानकारी देते हुए छतरपुर सत्संग केंद्र के संचालक नागेंद्र सिन्हा ने बताया की पूर्व की तरह ही प्रतिदिन सुबह शाम को अपने निश्चित समय पर ठाकुर भोग एवं प्रार्थना हेतु ठाकुर प्रेमी आज से परिवर्तित केंद्र पर ही आयेंगे । मालूम हो कि दो दशक पहले से छतरपुर में संचालित ठाकुर जी के अनुयायी आज छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के गांव गांव में है जिनकी संख्या हजारों में है । वर्तमान में छतरपुर ठाकुर जी का सत्संग केंद्र एवं उपयोजना केंद्र संचालित है जहां सुबह शाम ठाकुर प्रार्थना के साथ प्रत्येक शुक्रवार या विशेष दिनों पर ठाकुर प्रेमी अपने घरों या केंद्र पर सत्संग आयोजित करते है ।ये सभी ठाकुर जी के विचारो से प्रभावित हो और उनके बताए रास्ते पर चल कर बच और बढ़ रहे है । श्री श्री ठाकुर का मुख्य मंदिर देवघर में स्थित है।

### रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ कलश स्थापना के साथ शुरू

**हुसैनाबाद।** शारदीय नवरात्र के साथ ही जपला महावीर भवन परिसर में रामचरित मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ के 43वें वर्ष का शुभारंभ आचार्य धर्मराज पांडेय ने कलश स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हो गया है। इसका विधिवत उद्घाटन अतिथियों और समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र पाल ने नौ आचार्यों को वस्त्र देकर की। मौके पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ने कहा कि भक्ति में ही शक्ति निहित है भक्तों को सच्चे मन से मां जगदंबे की आराधना करनी चाहिए। इस उदघाटन समारोह की अध्यक्षता यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र पाल और संचालन सचिन आनंद ने की। जबकि मौके पर श्रवण कुमार, दिनेश कश्यप, मनोज शर्मा, मनीष कुमार, छोटेलाल केशरी,ध्रुव अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, उदय सोनी, संतोष कुमार, राजेश सिंह, सूरज गुप्ता, रामेश्वर राम, उदय विश्वकर्मा,पप्पू कांस्यकार, डॉ. मलय राय, अजीत अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों को जागृत करना जरूरी: शकील

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रामवि. हुसैनाबाद में राष्ट्र व्यापी अभियान के तहत टीचर्स मीट का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य शिक्षकों का ज्ञानवर्धन, प्रतिभाओं का पोषण, परिवर्तनकारी समाज है। इसकी अध्यक्षता मुजफ्फर हुसैन एवं संचालन राज्य एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य मो. जुबैर अंसारी ने की। शकील अहमद ने परिचय कराते हुए कहा कि यह एसोसिएशन शिक्षक पेशे में काम करने वाले, प्राथमिक, मध्य, उच्च विद्यालय, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, मदरसों के शिक्षकों का राष्ट्रव्यापी पंजीकृत संगठन है। इसका उद्देश्य, शैक्षिक संस्थाओं में बेहतर शैक्षिक माहौल को बढ़ावा देना है। बैठक को जितेन्द्र पासवान, मनोज चौधरी, प्रमोद पासवान, शमीम कोरैशी ने भी संबोधित किया। मौके पर मतीन अहमद, इजहार खान, सैयद हाशिम, नदीम आदि कई शिक्षक उपस्थित थे।

# सड़क किनारे फुटपाथ से अतिक्रमण हटाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने रविवार को शहरी क्षेत्र सहित सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे बने फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को पांच सौ जुमार्ना देना होगा। वहीं दुर्गा मंदिर मोड़ के समीप ऑटो लगाने पर जुमार्ना वसूल किया जाएगा। पदाधिकारी ने बताया कि दक्षिण की ओर जाने वाले ऑटो न्यू बस स्टैंड यात्री शेड में रहेंग। जबकि उत्तर की ओर जाने वाले तालाब के समीप रहेंगे। शहर को सुसज्जित करने



का प्रयास किया जायेगा। वहीं नियम कानून के उल्लंघन करने वाले पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# विभिन्न पूजा पंडालों से निकली कलश शोभा यात्रा







**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** प्रखंड अंतर्गत माँ दुर्गा की विभिन्न पूजा पंडालो से कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा के साथ ही विभिन्न पूजा पंडालों में शारदीय नवरात्र शुरू हो गई। उंटारी रोड के विभिन्न पूजा पंडालों से कलश के साथ श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली। कलश यात्रा में बसपा के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता शामिल हुए। कलश शोभा यात्रा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संगम तट तक गया। वहीं पूजा पंडाल मे वैदिक मंत्रोचारण के बीच कलश स्थापित किया गया। कई पूजा पंडाल से कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इधर प्रखंड क्षेत्र के हीं कुलही गाँव से भी कलश शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं पूजा कमिटी के लोगों ने बताया कि मां दुर्गा के पुजा के साथ साथ सप्तमी से लेकर दशमी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक का अयोजन किया गया है। कलश यात्रा मे शामिल, प्रयाग चौधरी, रामचरित्र चौधरी, कामेश्वर चौधरी, अजय विश्वकर्मा, वीरेंद्र चौधरी, नारायण चौधरी, पप्पू विश्वकर्मा, शैलेंद्र कुमार चौधरी , शिवनाथ चौधरी सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

### जल भराई के बाद कलश स्थापना

**हरिहरगंज।** नवयुवक संघ समिति खड़गपुर की ओर से शारदीय नवरात्र के पावन मौके पर गाजे-बाजे के साथ विधिवत कलश यात्रा निकाली गयी। इस मौके पर महिला-पुरुष सैकड़ो श्रद्धालुओं ने दुर्गा स्थान से चलकर बटाने नदी पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भराई के बाद विधिवत कलश को दुर्गा स्थान में स्थापित की गयी। इसके साथ ही दुर्गा सप्तशती के पाठ शुरू हो गया। मौके पर मुखिया काजल कुमारी, रवि रंजन वर्मा, समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष बृजकिशोर मेहता, सचिव अखिलेश मेहता, डीलर अवधेश राम, वार्ड सदस्य शैलेंद्र कुमार, पंसस पति विनोद राम, संतोष मेहता, सूर्यकांत मेहता, हरेंद्र मेहता, । सहित कई श्रद्धालु शामिल थे।

### कलश स्थापना के साथ नवरात्र पूजन शुरू

**विश्रामपुर।** नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र के लगभग सभी पूजा पंडालों से नवरात्र के प्रथम दिन भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक चलने वाला नवरात्र पूजन आज से शुरू हो गया। वैदिक मंत्रोच्चारण व देवी गीतों से पूरा क्षेत्र भी गूँजमान हो गया है। विश्रामपुर नप मुख्यालय के गढ़ मुहल्ला सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी पूजा पंडाल,बाजार मुहल्ला नवयुवक संघ पूजा पंडाल, सोरडीहा अदर्शकला केंद्र पूजा पंडाल, नावाडीह कला नवयुवक संघ देवी धाम पूजा पंडाल, जागृति युवा क्लब पूजा पंडाल, हिंदूत्व संघ पूजा पंडाल, कविलाशी सार्वजनिक दुर्गा मंडप पूजा पंडाल,पांडेपुर माँ शेरावाली पूजा पंडाल,बी मोड़ माँ शेरावाली क्लब पूजा पंडाल,डंडिला खुर्द नवयुवक संघ पूजा पंडाल, जय माँ भवानी संघ दुर्गा पूजा पंडाल,मल्लाह टोली युवा जागृति संघ पूजा पंडाल, बघमनवा, लालगढ़,पंजरी कला, गुरहा कला, सिगसिगी सहित सभी पूजा पंडालों से कलश शोभा यात्रा निकाला गया। नजदीक के नदियों में जाकर कलश में जल भरा गया। कलश शोभा यात्रा में मौके पर स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, समाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, नप के निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, वरीय समाज सेवी मुंशी प्रसाद गुप्ता, समजसेवी विजय कुमार रवि, भाजपा नेत्री किरण देवी, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी,युवा समजसेवी मनीष कुमारसहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुये।

### ढाब में मां दुर्गा की मूर्ति का अनावरण

**हरिहरगंज ।** प्रखंड के ढाब बस स्टैंड न्यू स्थान दुर्गा चौक स्थित जय भवानी संग की ओर से मां दुर्गा के प्रतिमा का अनावरण पूर्व विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने किया। इसके साथ ही शारदीय नवरात्र के पावन मौके पर गाजे-बाजे व जयघोष के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा पूजा पंडाल से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए बटाने नदी तट से जल भरकर श्रद्धालुओं ने पवित्र कलश पूजा पंडाल पर स्थापित किये। कलश यात्रा में पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता, मुखिया जितेंद्र पासवान, कमेटी के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद, उपाध्यक्ष नंदकेश्वर, सचिव ललन, कोषाध्यक्ष जमुना, महासचिव प्रवेश यादव, संरक्षक रामेश्वर, सुदर्शन, रविंद्र के अलावे अजय मेहता, अखिलेश गुप्ता, सीकेन्द्र मेहता, अनिल मेहता, डॉ. बबन मेहता, प्सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

### मोहम्मदगंज में कलश यात्रा

**मोहम्मदगंज ।** शारदीय नवरात्र शुरू होते ही पूरा वातावरण माँ दुर्गा के गीत संगीत भजन से भक्तिमय हो गया है। रविवार को नवरात्र के पहले दिन पूजा पंडाल में कलश स्थापना के लिए प्रखंड व थाना क्षेत्र के मोहम्मदगंज ,कादलकुर्मी, पन्सा ,बरवाडीह, लटपौरी ,गोडाडीह सहित विभिन्न गांव में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में काफी संख्या में महिला ,पुरुष सहित छोटे छोटे बालक बालिकाओ ने भाग लिया। मोहम्मदगंज व कादल कुर्मी के पूजा पंडाल में कलश स्थापना के लिए भीमचुल्हा कोयल नदी से, लटपौरी व बरवाडीह के श्रद्धालुओं नेमोहम्मदगंज कोयल नदी से ,पन्सा के श्रद्धालुओं ने कोयल नदी से, गोडाडीह के श्रद्धालुओं ने काशी स्त्रोत नदी से पवित्र जलभरकर पूजा पंडाल में स्थापित किये। मोहम्मदगंज सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के कलश यात्रा में दीपू लाल, नित्यानन्द पाठक, विवेक विशाल बंटी, सनी, अंकित ,धीरज, दिलीप, मंटू, आशीष, गीता कुमारी सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मोहम्मदगंज बाजार से देवीधाम से मेन रोड होते हुए भीमचुल्हा स्थल के पास कोयल नदी पहुँचे जहाँ आचार्य पण्डित पुष्पेंद्र पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरवाए।पूजा पंडाल में कलश स्थापना के बाद नवरात्र के पहले दिन से ही सम्पुट पाठ के साथ विधिवत पूजा अर्चना शुरू हो गया है ।वही पूजा पंडाल को भव्य रूप देकर आकर्षक बनाने के लिए कारीगर लगे हुए हैं।

# बिजली चोरी के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर विद्युत अवर प्रमंडल जपला द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध विशेष छापेमारी दल का गठन किया। छापेमारी दल में शामिल विद्युत सहायक अभियंता संजय कुमार व कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान तीन अलग-अलग गांवो के 12 लोगो को अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मोहम्मदगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही कुल मिलाकर 1 लाख 22 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। कनीय अभियंता श्री सिंह के बताया कि छापेमारी दल ने भजनियां गांव के मोती राम, अनिल पासवान, अरविंद पासवान, पारस राम, राम प्रवेश मेहता, संजीत राम, इस्लाम अंसारी व पोटो गांव निवासी शिकारी राम, अशोक राम व स्टेशन नहर चौक के सत्यनारायण मेहता, काशी साव और शर्मा राम को अवैध तरीके से बिजली चोरी के आरोप में पकड़ा। श्री सिंह के आगे कहा की जिन उपभोक्ता के परिसर में अभी तक विद्युत मीटर नही लगा है और बिना मीटर के विद्युत उपभोग कर रहे है। वैसे उपभोक्ता जल्द से जल्द मीटर लगा ले तभी बिजली का उपभोग करे। नही तो कनेक्शन काटते हुए विभाग कानूनी कारवाई करेगी। साथ ही जिनका बिजली बिल बकाया 5 हजार से अधिक है वैसे उपभोक्ता का भी लाइन काटी जा रही है। वहीं थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आगे की कानूनी कारवाई की जा रही है। इस छापेमारी दल में मानवदिवस कर्मी जितेंद्र ठाकुर, ललितेश्वर मेहता, रंजय कुमार शामिल थे।

# कलश यात्रा में सगुना मुखिया मंजू देवी सम्मिलित हुई



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड में शारदीय नवरात्र आरंभ हो हो गया है। पंचायत सुगना के ग्राम खरौधा में जय भवानी क्लब के तत्वाधान में कलश यात्रा निकल गई। जल यात्रा में सम्मिलित मुख्य अतिथि के रूप में सुगन मुखिया मंजू देवी, व वशिष्ठ अतिथि के रूप में पहुंची जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, और समाजसेवी सुरेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सैकड़ो की संख्या में भक्तगण,श्रद्धालु जीजोई नदी से जल भर कर पूजा पंडाल में पहुंचकर दुर्गा प्रतिमा के समक्ष कलश रखें। जिसमें भक्त गनों के बीच पंडित जी के द्वारा आज प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना करवाई गई । कलश यात्रा में सम्मिलित होने पहुंचे पाटन मुखिया संघ अध्यक्ष रणजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रणजीत सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, जंघासी मुखिया प्रत्याशी मुकेश सिंह, भवानी क्लब के अध्यक्ष जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह समेत सैकड़ो ग्रामीण कलश यात्रा में उपस्थित हुए।

# विश्रामपुर का गढ़देवी मंदिर शक्ति पीठ के रूप में है प्रसिद्ध

## 150 वर्षों से मां आदिशक्ति की होती है पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिश्रामपुर।** नप मुख्यालय में राजपरिवार द्वारा बनवाया गया मां आदिशक्ति का गढ़देवी मंदिर काफी प्राचीन है। यह मंदिर विश्रामपुर राजपरिवार के गढ़ परिसर में ही स्थित है। यह गढ़देवी मंदिर पलामू प्रमंडल में शक्ति पीठ के रूप में प्रसिद्ध है। जिसमें चांदी से बना हुआ माँ आदिशक्ति की प्रतिमा स्थापित है। मंदिर के गर्भगृह में स्थापित मां आदिशक्ति विश्रामपुर राज परिवार की कुलदेवी भी हैं। राज परिवार मंदिर में स्थापित अपने कुल देवी की पूजा अर्चना 150 वर्ष पूर्व से करते आ रहा है। राजपरिवार पूजा के दौरान मां आदिशक्ति से परिवार की समृद्धि और प्रजा की भलाई के अलावा क्षेत्र में अमन शांति,हरियाली



ब खुशहाली की दुआ मांगता है। वैसे तो प्रत्येक दिन सुबह शाम मां की पूजा आरती होती है। जिसे राज पुरोहित पंडित अच्युयतानंद पांडेय करते हैं। राजपरिवार के सदस्य भी पूजा अर्चना करने आते रहते हैं। लेकिन शारदीय नवरात्र व चैत नवरात्र में में यहां विशेष पूजा अर्चना होती है। जिसमे राजपरिवार के सभी सदस्य शामिल होते हैं। दोनों नवरात्र में इस मंदिर का कपाट आम लोगों के लिए भी खोल दिया जाता है। नवरात्र के दौरान आसपास के दर्जनों गांव के लोग भी यहां पूजा अर्चना करने आते हैं। इस परंपरा को रंजित राय,रानी रागनी सिंह व शशांक शेखर आज भी जीवित हैं। नवरात्र के प्रथम दिन से ही राजपरिवार के सभी सदस्य पूजा अर्चना में लग जाते हैं।

### सतबरवा में महायज्ञ की शुरुआत

**सतबरवा।** महावीर चौक बाजार में नवयुवक संघ के द्वारा श्री रामचरितमानस नवाह पारायण महायज्ञ का 32 वें अधिवेशन की शुरूआत हुई। मौके पर सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी व जिप सदस्य सुधा कुमारी ने यजमान को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया । कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्त रामघाट नदी से कलश में जल भर गया। वहां से बस स्टैंड, क्रांति चौक,मेला टांड़ होते हुए यज्ञ मंडप पहुंचे। श्रद्धालुओं को वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश की स्थापना कराई गई। ऐसे ही रामचरितमानस नवाह पारायण का पाठ शुरू हो गया। इस दौरान रात्रि में वृंदावन से पधारे कृष्णा पीतांबरा दीदी के मुखारविंद से प्रवचन किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व सरपंच नंदकिशोर प्रसाद, समाजसेवी मोहन प्रसाद जोशी, अजय उरांव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, कुंदन जायसवाल ,संतोष दीवाना, विकास गोस्वामी, निर्दोष कुमार सुमित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्त गण मौजूद थे।

**बदला जमाना** — स्मार्टफोन व इंटरनेट ने सदियों से चली आ रही संचार के तरीके को बदला

# समाचार का वाहक अन्तर्देशी व पोस्ट कार्ड लुप्त

**पहले संचार का माध्यम चिट्ठी हुआ करती थी , जिससे लोग मामूली कीमत पर पूरे देश में अपने रिश्तेदारों तक अपनी बात पहुंचा देते थे**

**ओपी प्रजापति**

**मेदिनीनगर।** किसी जमाने में अंतदेर्शीय पत्र व पोस्टकार्ड ही अपनों तक सूचना पहुंचाने का सशक्त माध्यम हुआ करते थे। लेकिन आज के समय में स्मार्टफोन और इंटरनेट ने संचार के लंबे समय से चले आ रहे तरीकों की जगह ले ली है। सदियों से चली आ रही डाकघरों में अंतदेर्शीय पत्र और पोस्टकार्ड काफी अच्छी तरह से बिक रहे होते थे लेकिन आज के समय में एका दुक्का भी देखने को नहीं मिलते हैं। पहले संचार का माध्यम चिट्ठी हुआ करती थी और जिससे लोग मामूली कीमत पर पूरे देश में किसी तक भी अपनी बात पहुंचा देते थे। एक कार्ड पर अपनी बात लिखकर पत्र पेटी में डाल दी जाती थी जो कुछ दिनों में अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचती थी। एक पत्र कार्ड आमतौर पर लिखे पत्र







को उपयुक्त रूप से मोड़ कर और गोंद द्वारा चिपका कर इस्तेमाल किया जाने वाला एक पत्र है जो डाकखाने से खरीदा जा सकता है। यह उचित मूल्य पर उपलब्ध था। इसका मूल्य कम ही होता है और आम जनता के लिए सस्ता व सुलभ माध्यम है। इसके भीतर कोई भी कागज या सामान रखने की अनुमति नहीं दी जाती थी। यह व्यापक प्रचार और प्रसार में है और यह मुफ़्त ही हवाई संचरण द्वारा देश के भीतर ही प्रयोग किया जा सकता था। इसमें लोग ज्यादातर 025 पैसे वाले अंतदेर्शीय पत्र पर टिकट 05,05, लगा रहता था। 50 पैसे वाले पोस्ट कार्ड का उपयोग करते थे, और उस पर महात्मागांधी जी की तस्वीरें हुआ.करती थी। लेकिन आज के दौर में एक बटन दबाने से ही आपकी बात दूसरे व्यक्ति तक पहुंच जाती है। नई-नई टेक्नोलाजी के आने से व अनिवार्यता होने पर लोग डाक सेवा का उपयोग करते हैं। छात्र किसी भर्ती के लिए करते हैं या व्यापारी सामान भेजने के लिए या किसी छोटे मोटे काम के लिए डाक का प्रयोग किया जाता है। अब हालात तो ये हैं कि जिले के प्रधान डाक घर में एक भी अंतदेर्शीय पत्र कार्ड नहीं बेचते। स्टेशन रोड के पोस्ट आफिस में अंतदेर्शीय पत्र मांगने पर मौजूदा कर्मचारियों के पास से एक ही जबाव मिलता कि पिछले 4-5 साल से उन्होंने अंतदेर्शीय कार्ड देखा तक नहीं और एक भी ग्राहक ये कार्ड मांगने भी नहीं आया। यही हालात लगभग सभी पोस्ट आफिसों पर धूल फांक रहे हैं। इसे ही कहते हैं जमाना बदल गया है।

### भाजपा नेता ने नेत्र क्लीनिक का किया उद्घाटन

**हुसैनाबाद।** जपला हैदर नगर मुख्य मार्ग पर ग्राम दिवान बीघा में शिखा आई केयर का शुभारंभ हुआ। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने इस आई केयर का उद्घाटन किया। उद्घाटन करने के बाद कर्नल संजय सिंह ने पूरे क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नेत्र रोग से संबंधित होने वाले इलाज को सूक्ष्म तरीके से जाना। उद्घाटन में मुख्य रूप से कर्नल संजय सिंह के अलावा पारा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह सहायक शिक्षक अभय सिंह समाजसेवी चंचल सिंह सुनील सिंह समेत नेत्र परिक्षक डॉ. विपिन कुशवाहा और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। जानकारी देते हुए कर्नल संजय सिंह ने कहा कि शिखा आई केयर क्लिनिक आम लोगों और गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि डॉ. विपिन कुशवाहा और इनका परिवार मानव सेवा के उद्देश्य से अपने कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं इसके लिए इन्हें ढेर सारी बधाई दी हैं।

### दलपतपुर में धूमधाम से निकाली गयी नवरात्रि की कलश यात्रा

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के ग्राम पंचायत दलपतपुर स्थित देवी मंदिर से शारदीय नवरात्र को लेकर नवयुवक संघ समिति के तत्वावधान में गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में एनसीपी के वरिष्ठ नेता संदीप पासवान, मुखिया पति राजेंद्र यादव तथा पूर्व मुखिया शिवनंदन यादव सहित महिला पुरुष सैकड़ो श्रद्धालुओं ने देवी मंदिर से शीश पर कलश लेकर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए देवगन डैम पहुंचे। जहां वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच कलश में जल भरी के बाद देवी मंदिर में स्थापित की गयी। इसके बाद नवरात्र का पाठ शुरू हो गया। कलश यात्रा में अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, सचिव मनोज यादव, कोषाध्यक्ष अखिलेश यादव, उपकोषाध्यक्ष गुड्डू यादव, शिवलाल यादव सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज एवं रांची (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • आश्विन शुक्ल पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 16 अक्टूबर 2023 • वर्ष-30 • अंक-03 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## नवरात्र : दूसरा दिन

### मां ब्रह्मचारिणी



दधाना कपाभ्यामक्षमालाकमण्डलू।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

**ध्यानमंत्र :** जो देवी दोनों कर कमलों में अक्षमाला और कमण्डलू धारण करती हैं, वे सर्वश्रेष्ठा ब्रह्मचारिणी दुर्गा मां मुझ पर प्रसन्न हों।

# झारखंड में 17 तक बारिश की संभावना

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** देश के सभी राज्यों में बारिश का दौर खत्म हो गया है। लेकिन मौसम विभाग ने बड़ा अपडेट जारी किया है। मौसम विभाग ने अपने ताजा अपडेट में बताया कि पश्चिमी विक्षोभ में आये बदलाव की वजह से पहाड़ी राज्यों में फिर से बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। इससे देश में मौसम का मिजाज भी बदलेगा।

**इन राज्यों में 15 से 17 अक्टूबर तक होगी बारिश :** मौसम विभाग ने अलर्ट करते हुए बताया कि 13 से 17 अक्टूबर के बीच गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद और जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश के होने के आसार हैं। जबकि 14 से 17 अक्टूबर के बीच पहाड़ी राज्य हिमाचल और उससे सटे पंजाब में भी हल्की से मध्यम बारिश संभव है। और 15 से 17 अक्टूबर के बीच बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बारिश हो सकती है। यूपी से मॉनसून के पूरी तरह से चले जाने का एलान कर दिया है। वहीं, दक्षिणी राज्य तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना के



अलावा महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा में मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां काफी अनुकूल बनती नजर आ रही हैं।

**तापमान में गिरावट आना शुरू :** मानसून अब थमने और बादलों के छंटने के साथ ही तापमान में गिरावट आनी शुरू हो गयी है। अब सुबह होते ही हल्की ठंडी हवा चलती है। दोपहर को कड़क धूप रहती है। और शाम होते ही लोगों को ठंडक का एहसास होने लगाती है। अब भारत के ज्यादातर हिस्सों में फैन बंद करना पड़ रहा है। देश के अधिकांश हिस्सों से मानसून की विदाई हो चुकी है। लेकिन मौसम के जानकारों का कहना है कि उत्तर भारत के चार पहाड़ी राज्यों में आने वाले 2-3 दिनों में बारिश और बर्फबारी होगी। इस दौरान गरज के साथ बौछारें गिर सकती हैं। हिमाचल और जम्मू के कई इलाकों में खूब बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इससे लेकर मौसम विभाग अलर्ट जारी किया है।

### देरी से होगी मानसून की विदाई

राज्य में मानसून इस बार करीब एक सप्ताह देरी से विदा होगा। आमतौर पर हर साल मानसून 17 सितंबर के आसपास विदा होता है, लेकिन इस बार ये एक सप्ताह देरी से विदा होने वाला है। अक्टूबर माह के एक सप्ताह से मध्य दर्जे की बारिश हुई जिसके बाद मौसम साफ हो गया है। सुबह -शाम मौसम सुहावना रहता है, लेकिन दिन में लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि राज्य में 15 अक्टूबर से गुलाबी ठंड का आगाज हो जाएगा। शाम होते ही तापमान धीरे-धीरे नीचे गिरने लगेगा।

# पलामू के पंकज ने नेपाल में स्वर्ण पदक जीता

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** यूथ गेम्स इंडिया की इंटरनेशनल टीम से हैदरनगर के पंकज पासवान ने नेपाल में स्वर्ण पदक लेकर भारत का गौरव बढ़ाया है। यह गेम्स 10 से 14 अक्टूबर तक रंगशाला स्टेडियम नेपाल में खेला गया है। मूलतः झारखंड के पलामू जिलान्तर्गत हैदरनगर निवासी पंकज ने बताया कि चार क्वार्टर में 3 / 1 गोल से इंडिया फुटबाल टीम ने इस मैच में जीत दर्ज की है। जिसमें उन्होंने अच्छा स्कोर प्राप्त कर स्वर्ण पदक लेने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र के सभी प्रतिनिधि से खेल को भी आगे बढ़ाने में सहयोग करने की सलाह दी है। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के सभी खेल मैदान को अविलंब दुरुस्त व सौंदर्यीकरण कराने की मांग प्रतिनिधियों से की है। उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल में भी बढ़ चढ़कर रुचि लेने की जरुरत है। जिससे किसी भी खेल में इंडिया टीम पहुंचकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सके।

## गागर में सागर

### दुर्गा पूजा को लेकर सिविल सर्जन ने छुट्टियों पर लगाई रोक

**रांची।** राजधानी में पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूजा समिति के लोग पंडालों की साज-सज्जा के साथ-साथ पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। पूजा समिति के अलावा जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं को विशेष सुविधाएं मुहैया कराने की तैयारी में जुटी हुई है। स्वास्थ्य व्यवस्था के बारे में बात करते हुए रांची सिविल सर्जन डॉ। प्रभात कुमार ने कहा कि जिन पंडालों में अत्यधिक भीड़ होती है, वहां अगर समिति के सदस्य स्वास्थ्य कर्मियों की मांग करते हैं, तो विभाग निश्चित रूप से संबंधित पंडालों में स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति करेगा। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि राजधानी के ग्रामीण और शहरी इलाकों में बनने वाले पंडालों के आसपास के सभी अस्पतालों में 24 घंटे स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहेंगे। सभी प्रखंड स्तरीय अस्पतालों के कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि पूजा के दौरान किसी भी तरह की छुट्टी न लें। इसके अलावा विभिन्न चौक चौराहों पर एंबुलेंस भी मौजूद रहेगी ताकि भीड़ के कारण अगर किसी श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ती है तो उसे आपात स्थिति में अस्पताल पहुंचाया जा सके।

### अधेड़ की तालाब से शव बरामद

**पाटन।** नावाजयपुर के ग्राम बंदुवा के तालाब से पुलिस ने एक शव को बरामद किया। जिसका पहचान कमेश उरांव 50 वर्ष पिता स्व. नटाई राम के रूप में हुई। वह ग्राम भीतडीहा थाना मनातू जिला पलामू का रहने वाला था। जिसका शव तालाब से नावा जयपुर पुलिस के द्वारा निकाली गई। वहीं शव को गमछा में पत्थर बांधकर तालाब में फेंका हुआ था। थाना प्रभारी संजय रजक के प्रयास से शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल मेदिनीनगर भेजा गया। इधर नावा जयपुर पुलिस छान-बिन में जूट गयी है।

### दो अफीम तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** पिठौरिया थाना की पुलिस ने दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में बिहारी मुंडा और विनोद गोप शामिल है। इनके पास से दो किलो अफीम, एक बाइक और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पिठौरिया थाना के महुआजारा के दो अफीम तस्कर पैशन प्रो बाइक पर सवार होकर एक झोला में अफीम लेकर खूंटी जाने वाले है। एसपी ने बताया कि सूचना के बाद एएसपी मुख्यालय मुमल राजपुरोहित के नेतृत्व में कोनकी- पुसु रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम को देखकर बाइक सवार भागने लगे। पुलिस टीम ने उन्हें खदेड़ कर पकड़ लिया।

स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों के रखरखाव के लिए

# 6.46 करोड़ रुपये किये आवंटित

### स्वास्थ्य विभाग ने पलामू को 3295000 रुपये आवंटित किये

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्य के सरकारी अस्पतालों के नियमित रखरखाव, संचालन, प्रबंधन और मरम्मत को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने करोड़ों रुपए आवंटित किए हैं। बता दें, राज्य स्कीम के तहत स्वास्थ्य विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और आवासीय परिसरों के नियमित रखरखाव, प्रबंधन, संचालन और मरम्मत की योजना के लिए करीब 6 करोड़ 46 लाख 71 हजार रुपये का आवंटन किया है।

बता दें कि राशि का आवंटन वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए किया गया है। इसमें राजधानी रांची को सबसे अधिक 5671000 का आवंटित किए गए है। वहीं इन राशियों के निकासी और व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन ही होंगे। जबकि राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे।

### इन जिलों को इतने रुपये आवंटित

रांची- 5671000, पूर्वी सिंहभूम- 3548000, गुमला 3481000, सरायकेला-2933000 सिमडेगा- 2268500, लोहरदगा-1446500, चतरा-1978500, धनबाद- 2662500, गोड्डा-2698500, पलामू- 3295000, पश्चिमी सिंहभूम-4886000, दुमका- 4449000, जामताड़ा- 2073000, लातेहार- 1755500, पाकुड़-1936500, साहेबगंज- 2438500, खूंटी- 1663000, बोकारो-2402000, देवघर-2634500, गढ़वा- 2448500, कोडरमा-1186500, हजारीबाग-2732500,रामगढ़-1082000, गिरिडीह-3001000।

# रेल निर्माण कंपनी के वाहनों में आगजनी का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के कटक मसांडी थाना क्षेत्र स्थित शाहपुर में रेल निर्माण कंपनी के कर्मचारी के साथ मारपीट और वाहनों में आगजनी करने वाले मुख्य आरोपित को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपित चतरा जिले के पत्थलगड्डा थाना क्षेत्र निवासी सीमांत साव उर्फ सीमांत कुमार ने लेवी वसूली के लिए घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक जंगल बुट, एक उग्रवादी वर्दी ओर एक देशी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि 11-12 अक्टूबर की अर्द्ध रात्रि में कटकमसांडी थाना क्षेत्र स्थित शाहपुर में रेलवे ट्रेक निर्माण कार्य में लगे रॉयल ईनका कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड कम्पनी के साईट पर वर्दी पहने करीब 12-15 अज्ञात अपराधी पहुंचकर वहां पर खड़े तीन हाईवा, एक रोलर एवं एक टैंकर में आग लगा दिया था। इस दौरान कम्पनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट कर लेवी लेने के उद्देश्य से धमकाया गया था। घटना को अंजाम देने के बाद जाते समय कर्मचारियों का मोबाईल अपने साथ ले गए। मामले को लेकर कटकमसांडी थाना (कांड सं. 421/ 23) प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले के उद्भेदन के लिए डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में इस कांड में सूत्रधार के रूप में सिमन्त साव उर्फ सिमन्त कुमार की संलिप्तता प्रकाश में आयी। शनिवार को रात सूचना मिली कि सिमन्त बलबल नदी के पास जंगल में देखा गया है। एसआईटी की टीम कार्रवाई करते हुए बलबल नदी के पास जंगल से सिमन्त को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से घटना के समय प्रयुक्त हुआ वर्दी, बूट बरामद किया गया। पुलिस को पूछताछ में आरोपित सिमन्त ने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकारते हुए बताया कि वह घटना के समय प्रयुक्त हुआ वर्दी, बूट छुपाने जा रहा था। आरोपित के पास से एक देशी कट्टा भी बरामद किया गया। घटना में संलिप्त एक अन्य आरोपित की पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी लगातार छापामारी कर रही है।

## झारखंड : 9 नगर निगमों की 18 महिला कर्मी गणतंत्र दिवस समारोह में होंगी विशिष्ट अतिथि

**रांची।** नई दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर भारत सरकार ने राज्यों को पत्र लिखा है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर झारखंड सरकार को लिखे गए पत्र में राज्य सरकार से नगर निगमों में कार्यरत दो महिला कर्मियों के नाम मांगे गए हैं, जिन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप में गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। इसी आलोक में झारखंड के नगर विकास विभाग ने रांची, धनबाद, देवघर, चास, मानगो, आदित्यपुर, मेदिनीनगर ,गिरिडीह, हजारीबाग नगर निगम के नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त को पत्र लिखा है।विभाग ने गणतंत्र दिवस समारोह 2024 समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में वुमेन इमप्लॉय ऑफ नगर निगम को शामिल करने के लिए दो महिला कर्मियों के नाम मांगे हैं। महिलाकर्मियों के पदनाम व मोबाइल नंबर इत्यादि के साथ पूरी देकर नामों को भेजना है। नौ निकायों में से 18 महिला कर्मी नई दिल्ली में होने वाले समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। पूरी सूची मिलने के बाद इसे भारत सरकार को भेजा जायेगा।

## आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

इंगलैंड -215/10 ( 40.3 ओवर)

अफगानिस्तान - 284/10 (49.5 ओवर)

**आज का मैच**

आस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका लखनऊ (2 बजे से)

# सीआरपीएफ के पूर्व डीआईजी की पत्नी से 27.50 लाख की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** सीआरपीएफ के पूर्व डीआईजी स्व. मारियानुस मिंज की पत्नी सुनिता मिंज से 27.50 लाख की धोखाधड़ी का मामला रविवार को सामने आया है। इस संबंध में सुनिता मिंज ने नामकुम थाना में एफआइआर दर्ज करायी है। महिला ने आरिफ नैयर उर्फ आर्या पर पार्टनरशिप में धोखाधड़ी कर पैसा हड़पने का आरोप लगाया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, सुनिता मिंज सदर थाना क्षेत्र के कोकर बरियातु के रिम्स रोड पाहन टोली में रहती है जबकि आरिफ हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के निजाम नगर में रहता है। आरिफ ने षडयंत्र के तहत नामकुम के उलीडिह स्थित उनके रेस्टोरेंट मिस्टिक हिल गार्डन में पार्टनरशिप के लिए स्टांप पेपर पर अपना नाम चढ़वाकर साइन करवाया। इसके बाद आरिफ ने किसी और बिजनेस में पैसा लगाने का झांसा देकर महिला से लगभग 27.50 लाख ले लिया था लेकिन आरिफ ने पैसे को ना तो किसी बिजनेस में निवेश किया और न ही बताया कि उनसे पैसा का क्या किया। महिला ने पार्टनरशिप में धोखाधड़ी कर पैसा हड़पने का आरोप लगाया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# छह हजार साल पुराने छिन्नमस्तिका मंदिर में देशभर से पहुंचे उपासक

### तपस्वियों की मान्यता में दूसरी जागृत शक्तिपीठ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जंगलों, पहाड़ियों और नदियों से घिरा क्षेत्र, जगह-जगह साधना करते लोग, मंत्रोच्चार से गूंजता वातावरण, हवन कुंडों से उठती ज्वाला। यह रजरप्पा है। यहां है करीब छह हजार साल पुराना बताया जाने वाला मां छिन्नमस्तिका का मंदिर। पौराणिक आख्यानों के साथ-साथ साधकों-तपस्वियों की मान्यता है कि छिन्नमस्तिका का यह धाम असम के कामरूप कामाख्या के बाद दूसरे सबसे जागृत शक्तिपीठ है।

हर साल की तरह इस बार भी शारदीय नवरात्र पर तप-साधना के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से भक्तों, तंत्र साधकों और अघोरियों का जुटान हुआ है। रांची से करीब 85 किलोमीटर दूर रजरप्पा में हर नवरात्रि और अमावस्या की तिथि में यहां पूरे देश भर से शक्ति यानी देवी के उपासक जुटते हैं। इनमें सबसे ज्यादा तादाद झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के साधकों की होती है।

प्राचीन मान्यताओं के अनुसार यह स्थान मेधा ऋषि की तपस्थली के रूप में जाना जाता रहा है। हालांकि उनसे जुड़ा कोई भौतिक अवशेष यहां नजर नहीं आता। यह मंदिर दामोदर नद और भैरवी नदी के संगम के किनारे त्रिकोण मंडल के योनि यंत्र पर स्थापित है, जबकि पूरा मंदिर श्रीयंत्र के आकार में है। मंदिर के एक पुजारी शुभाशीष पंडा के अनुसार, मां छिन्नमस्तिके को पौराणिक ग्रंथों में बताए गए 10 महाविद्या में से एक माना जाता है। यह देवी का रौद्र स्वरूप है। मंदिर में उत्तरी दीवार के साथ रखे शिलाखंड पर दक्षिण की ओर मुख किए छिन्नमस्तिका की प्रतिमा स्थित है। कुछ साल पहले मूर्ति चोरों ने यहां मां की असली प्रतिमा को खंडित कर आभूषण चुरा लिए थे। इसके बाद यह प्रतिमा स्थापित की गई।

पुरातत्ववेत्ताओं की मानें तो पुरानी अष्टधातु की प्रतिमा 16वीं-17वीं सदी की थी, उस लिहाज से मंदिर उसके काफी बाद का बनाया हुआ प्रतीत होता है। मुख्य मंदिर में चार दरवाजे हैं और मुख्य दरवाजा पूरब की ओर है। शिलाखंड में देवी की सिर कटी प्रतिमा उत्कीर्ण है। इनका गला सर्पमाला और मुंडमाल से शोभित है। बाल खुले हैं और जिह्वा बाहर निकली हुई है। आभूषणों से सजी मां नग्नावस्था में कामदेव और रति के ऊपर खड़ी हैं। दाएं हाथ में तलवार और बाएं हाथ में अपना कटा मस्तक लिए हैं। इनके दोनों ओर मां की दो सखियां डाकिनी और वर्णिनी खड़ी हैं। देवी के कटे गले से निकल रही रक्त की धाराओं में से एक-एक तीनों के मुख में जा रही है। मंदिर के गुम्बद की शिल्प कला असम के कामाख्या मंदिर के शिल्प से मिलती है। मंदिर के मुख्य द्वार से निकलकर मंदिर से नीचे उतरते ही दाहिनी ओर बलि स्थान है, जबकि बाईं ओर नारियल बलि का स्थान है। इन दोनों बलि स्थानों के बीच में मनौतियां मांगने के लिए लोग रक्षासूत्र में पत्थर बांधकर पेड़ व त्रिशूल में लटकाते हैं। मनौतियां पूरी हो जाने पर उन पत्थरों को दामोदर नदी में प्रवाहित करने की परंपरा है।

## 10 जिलों से होते हैं देश के 80 फीसद साइबर अपराध

# साइबर अपराध में मथुरा व भरतपुर सबसे आगे

- आरएनएम



**नई दिल्ली।** आईआईटी कानपुर के एक स्टार्टअप फ्यूचर क्राइम रिसर्च फाउंडेशन (एफसीआरएफ) के नवीनतम अध्ययन पत्र ए डीप डाइव इनटू साइबर क्राइम ट्रेंड्स इंपैक्टिंग इंडिया में आया है कि साइबर अपराध के मामले में झारखंड के जामताड़ा व हरियाणा के नूंह से आगे हो गया है उत्तर प्रदेश का जिला मथुरा और राजस्थान का भरतपुर। अध्ययन के अनुसार देश में 80 प्रतिशत साइबर अपराध मात्र दस जिलों से होते हैं। एफसीआरएफ ने दावा किया कि भरतपुर (18 प्रतिशत), मथुरा (12 प्रतिशत), नूंह (11 प्रतिशत), देवघर (10 प्रतिशत), जामताड़ा (9.6 प्रतिशत), गुरुग्राम (8.1 प्रतिशत), अलवर (5.1 प्रतिशत), बोकारो (2.4 प्रतिशत), कर्मा टांड (2.4 प्रतिशत) और गिरिडीह (2.3 प्रतिशत) भारत में साइबर अपराध के मामलों में शीर्ष पर हैं जहां से सामूहिक रूप से 80 प्रतिशत साइबर अपराधों को अंजाम दिया जाता है।एफसीआरएफ के सह संस्थापक हर्षवर्धन सिंह के अनुसार, हमारा विश्लेषण भारत के 10 जिलों पर केंद्रित था जहां से सबसे अधिक साइबर अपराध को अंजाम दिया जाता है। जैसा कि श्वेत पत्र में पहचान की गई है। इन जिलों में साइबर अपराध के प्रमुख कारकों को समझना प्रभावी रोकथाम और खत्म करने की रणनीति तैयार करने के लिए आवश्यक है।अध्ययन में सामने आया है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर वेरिफिकेशन प्रोसेस और अपर्याप्त केवाईसी की वजह से अपराधियों को फर्जी पहचान बनाने में मदद मिलती है। इससे लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों को भी उन्हें ट्रेस करना चुनौतीपूर्ण होता है। ब्लैक मार्केट में रेंट पर मिल रहे सिम कार्ड और फर्जी अकाउंट्स के जरिए ये साइबर क्रिमिनल गुमनाम होकर ठगी को अंजाम देते हैं। एआई की वजह से अपराधियों के लिए साइबर क्राइम करना और आसान हो गया है।

# दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस का ब्लू प्रिंट तैयार, जारी किए गए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दुर्गा पूजा की सुरक्षा के लिए रांची पुलिस हाई अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के हर संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल तैनाती का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया गया है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सुरक्षा के मद्देनजर रविवार को जिले भर के थानेदारों और डीएसपी की बैठक बुलाई।बैठक में दुर्गा पूजा की सुरक्षा पर विशेष सतर्कता और निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

**पंडाल दर्शन से लेकर विसर्जन तक की प्लानिंग :** रविवार को राजधानी के सभी थानेदार दुर्गा पूजा को लेकर उनके द्वारा की गई तैयारियो का खाका लेकर एसएसपी के पास मीटिंग के लिए पहुचे थे मसलन किस थाना क्षेत्र में कितने पंडाल है ,किस पंडाल में भीड़ ज्यादा होती है ,कौन सा पंडाल संवेदनशील है और किस पंडाल में कितना बल तैनात करने की आवश्यकता है।मीटिंग के दौरान एसएसपी ने सभी थाना क्षेत्रों में थाने की गश्ती दल के अलावा पीसीआर, हाइवे पेट्रोल और मोटरसाइकिल दस्ते के साथ विशेष निगरानी का निर्देश दिया है। शहरी क्षेत्र को अलग-अलग जोन में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जोन की सुरक्षा की जिम्मेवारी संबंधित क्षेत्रों के डीएसपी को होगी, जबकि सेक्टर में बांटकर इंस्पेक्टरों को तैनात किया गया है, पूरी सुरक्षा की मॉनिटरिंग एसएसपी खुद करेंगे। एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि पर्व के दौरान अफवाह फैलाने वालों पर विशेष नजर होगी। अफवाह फैलाने वालों को चिह्नित कर गिरफ्तार किया गया जाएगा।

**सभी पूजा पंडालों पर होगी नजर :** शहर के सभी पूजा पंडालों की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम होंगे। सभी पूजा समितियो को निर्देश दिया गया है की वे पंडाल के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।पूजा समितियो को निर्देश दिया गया है की वे अपने अपने पंडाल के डेकोरेशन की सीमा तक सीसीटीवी कैमरे लगाए। सीसीटीवी से हर संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की नजर होगी। इसके कंट्रोल रूम में लगी पुलिस की कैमरों की डीवीआर और लाइव फीड की व्यवस्था कंट्रोल रूम में की गई है।

## गागर में सागर

### चौरिया में रामलीला नाट्य का उद्घाटन



**खरौंधी।** कूपा प्पंचायत के चौरिया में न्यू आदर्श शिक्षित वेरोजगार संघ चौरिया द्वारा आयोजित रामलीला एवं नाट्यकाला कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, मनोज पहाड़िया, प्रमुख आभा रानी, बीससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, कूपा मुखिया प्रमोद राम, बीडीडी पूर्णिमा देवी, पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, झामुमो प्रखंड सचिव मिथलेश राम ने संयुक्त रूप से किया। लोगों को संबोधित करते हुए रजक ने कहा कि रामलीला को देखकर आप लोग अपने जीवन में उतारें। रामलीला से बहुत सारे सीख मिलते हैं। वहीं चौधरी ने कहा कि आज के युग में सभी कोई राम बनना चाहता है लेकिन राम नहीं बन पाता है, बल्कि रावण बन जाता है। वहीं प्रमुख ने कहा कि अपने घर में नारी को सिर्फ नव दिन तक ही सम्मान न करें, सभी दिन नारी का सम्मान करें। जहां नारी हैं वहीं लक्ष्मी हैं। इसलिए नारी को सिर्फ नव दिन नहीं, सभी दिन सम्मानित करें। मौके पर न्यू आदर्श शिक्षित वेरोजगार संघ चौरिया के अध्यक्ष चौधरी राजकुमार निराला, सचिव मंदीप साह, संतोष कुमार गुप्ता, नंदलाल चौधरी, उप मुखिया, सूर्यदेवचौधरी, प्रविंद गुप्ता, कबिता देवी, शारदा देवी, केतवारु सिंह, मनोज चौधरी आदि उपस्थित थे।

### धुरकी के थाना प्रभारी ने की डीजे ऑपरेटरों/मालिकों के साथ बैठक

**धुरकी।** थाना प्रभारी ने रविवार को प्रभारी ने थाना क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में लगे डीजे मालिकों और ऑपरेटरों के साथ बैठक की। बैठक में सख्त निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल तथा जुलूस में अश्लील और भड़काऊ गाने नहीं बजने चाहिए। अगर निर्देश के बावजूद भी कोई अश्लील गाना बजाता पकड़ा गया तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पूजा समिति के सदस्य कभी भी शराब के नजदीक नहीं जाएंगे तथा पूजा समिति के लोग शराब क्रय विक्रय करने वालों की सूचना दें। मौके पर राजेश विश्वकर्मा, उपेंद्र शाह, गोल्डन, ब्लॉक बैठा आदि डीजे मालिक उपस्थित थे।

### डंडई बाजार में दुकान का हुआ उद्घाटन

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव के मुख्य बाजार में रविवार को सनी इलेक्ट्रॉनिक नामक मशीनरी का हॉलसेल दुकान खोली गई। इसका उद्घाटन प्रोपराइटर सनी कुमार ने किया। जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड के मुख्य बाजार में इलेक्ट्रॉनिक दुकान खुलने से प्रखंड वासियों को काफी लाभ होगा। सनी ने बताया कि आधुनिक युग में डंडई जैसे गांव में इलेक्ट्रॉनिक दुकान नहीं थी। उक्त दुकान के अभाव में मिशनरी सामान लेने को लेकर लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। ग्राहकों को किफायती दर में इलेक्ट्रॉनिक मिशनरी आधारित सभी तरह का सामान उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

### बुजुर्ग दंपती को दिया एक माह का राशन



**मेराल।** एआईएमआईएम के गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व विधायक प्रतिनिधि एम एन खान ने रविवार को मेराल प्रखंड के पेसका गांव निवासी नेत्रहीन महिला मंजू देवी एवं लकवा से ग्रसित पति कृष्णा ठाकुर को उनके घर पहुंच एक माह का राशन उपलब्ध कराते हुए नकद रुपये दिये। एम एन खान ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली कि पेस्का गांव निवासी मंजू देवी तथा उनके पति कृष्णा ठाकुर आर्थिक एवं शारीरिक रूप से लाचार हैं। दोनों पति-पत्नी एक नेत्रहीन दूसरा लकवा से ग्रसित है। साथ ही उनके पास मकान का भी अभाव है। एक रूम में अपना जीवन बसर करने पर मजबूर है। जिस रूम में रहते हैं उसी रूम में गाय, बकरी भी रखते हैं। कृष्ण ठाकुर ने स्थानीय मुखिया से मदद के लिए अनुरोध किया लेकिन कोई सार्थक पहल नहीं हो पाई। साथ ही स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को भी अपनी समस्या को लेकर मिला। मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया, आवास के लिए अनुशंसा भी की गई लेकिन अभी तक इन तक कोई मदद नहीं पहुंच पाई। उन्होंने कहा कि दंपती की समस्या को लेकर गढ़वा उपायुक्त से मिलेंगे। इनकी सारी समस्या से उपायुक्त को अवगत कराते हुए अंबेडकर आवास दिलवाने का प्रयास करेंगे। मौके पर जिला सचिव रमजान अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रहमान अंसारी, वरिष्ठ नेता शाह मोहम्मद अंसारी, जिला युवा अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष फारूक अंसारी, गुलवास अंसारी सदर, कल्याणपुर पंचायत अध्यक्ष गुलबहार अंसारी, चामा पंचायत अध्यक्ष इलाही अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, एजाज अंसारी, यासीन खान, इस्तखार अंसारी आदि उपस्थित थे।

गढ़वा जिले में पहले दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सभी पूजा पंडालों और मुख्य सड़कों पर पुलिस प्रशासन की ओर से थी सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था

# कलश स्थापना के साथ नवरात्र का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्र शुरू हो गया। प्रथम दिन लोगों ने अपने-अपने घरों में कलश स्थापित कर जगत जननी मां दुर्गा का वहन किया। इसके साथ ही सभी पूजा पंडालों में भी कलश स्थापना के साथ नवरात्रि की शुरुआत की गई। शहर के ऐतिहासिक गढ़ देवी मंदिर में कलश की स्थापना की गई। पहले दिन गढ़ देवी मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ काफी उमड़ी। चिनिया रोड शिव मंदिर में मां दुर्गा पूजा समिति की ओर से कलश यात्रा निकाली गई, जो दानरो नदी के संगम से जल भरकर गाजे बाजे के साथ पूजा पंडाल में स्थापित की गई। गढ़ देवी मंदिर के पुरोहित राजन कुमार पांडे ने बताया कि पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना की गई। प्रतिदिन माता के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाएगी। थाना प्रभारी केके साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मां गढ़ देवी मंदिर सहित विभिन्न पूजा पंडालों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की तैनाती की गई है। साथ ही शहर में विभिन्न इलाकों में पुलिस गश्ती पेट्रोलिंग पार्टी तेज कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सादे लिवास में भी पुलिस के पदाधिकारी व जवान निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की समस्या होने पर तत्काल पुलिस के पदाधिकारी व जवान से संपर्क करें।












### डंडई : कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू

**डंडई।** कलश स्थापना के साथ रविवार से प्रखंड क्षेत्र में शारदीय नवरात्र का पर्व शुरू हो गया। उक्त अवसर पर क्षेत्र के कई गांवों में श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। प्रखंड के डंडई गांव में भव्य तरीके से श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ हाथों में महाबीरी झंडा लिए श्रद्धालु माता रानी का जय घोष करते जरदे गांव के यूरिया नदी स्थित संगम स्थल पर पहुंचे, जहां कलश का संकल्प कराकर पुनः देवी धाम स्थित कपूर्री चौपाल के पास पहुंचे। कलश को स्थापित किया गया। पंडित रविंद्र नाथ द्वारा कलश की पूजा कराई गई। कलश यात्रा में कई राजनीतिक दलों के लोगों के अलावा कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों ने भाग लिया। कलश स्थापना होते ही क्षेत्र पूरी तरह भक्ति में हो गया। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घर में भी पूजा अर्चना की गई।

### मेराल : मंत्रोचार के साथ की गई कलश स्थापना

**मेराल।** कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र की प्रथम दिन मां शैलपुत्री की आराधना जिसमे प्रखंड मुख्यालय मां शायर देवी धाम सहित हासनदाग, कारकोमा गेरुआ बाना दुलदुलवा संगबरीया, गोबरदाहा दलेली बिकताम सहित कई जगहो पर आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश स्थापना किया गया। कलश स्थापना के साथ ही मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना किया गया हासनदाग देवीधाम मंदिर में वाराणसी से आए विद्वान श्री श्री 1008 विश्वाकांत पांडे उर्फ प्रमोद पांडे जी द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश स्थापना कराया गया तथा श्री दुर्गा सप्तशती एवं श्री रामचरितमानस सुंदरकांड कांड संपूठित पाठ किया जा रहा है। रात्रि में कई जगहों पर प्रवचन रामलीला तथा चलचित्र के माध्यम से रामायण सीरियल भी दिखाया जाएगा। मां शायर देवी धाम के संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत ने कहा कि इस बार भव्य तरीके से शारदीय नवरात्र का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया जा रहा है सभी श्रद्धालु भक्त इस भक्ति मय वातावरण में एक बार मां शायर देवी धाम दर्शन करने पहुंचे। इस मौके पर मां शायर देवी धाम के प्रांगण में मेराल पूर्वी पंचायत के मुखिया रामसागर महतो पश्चमी पंचायत के मुखिया पति मुन्ना राम कृष्ण प्रसाद कुशवाहा विनोद प्रसाद उर्फ लाला मनोज जायसवाल रंजीत कुमार चौबे इत्यादि उपस्थित थे।

### खरौंधी : नवरात्र प्रारंभ भक्तिमय हुआ माहौल

**खरौंधी।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शरदीय नवरात्रि व दुर्गा पूजा को लेकर रविवार को कलश स्थापना के साथ नवरात्र प्रारंभ हो गया है। प्रखंड में इसे लेकर विभिन्न पूजा समितियों ने व्यापक पैमाने पर तैयारी की है। विभिन्न पूजा समिति ने पूजा पंडालों में मां दुर्गे की कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की विधिवत पूजा अर्चना की, जिससे प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में भक्तिमय का वातावरण बन गया है। अहले सुबह खरौंधी देवी मंदिर पूजा समिति ने कलश यात्रा निकली। कलश यात्रा देवी मंदिर से चलकर गांव में स्थित डोमनी नदी तक गई, जहां मंत्रोचारण के साथ दर्जनों श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा। इसके पश्चात सभी अपने कलश को देवी मंदिर लाकर कलश को स्थापित कर पूजा अर्चना की। वहीं प्रखंड के खरौंधी, राजी सुंडी, करिवाडीह, चंदनी, सिसरी, अरंगी, कूपा तथा मझिगावां पंचायत में कई दुर्गा पूजा समितियों द्वारा पूजा पंडालों में कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। प्रखंड की 9 पंचायतों में लगभग 26 जगहों पर दुर्गा पूजा की तैयारी की गई है। खरौंधी जल यात्रा में मुखिया मंजू देवी, मुखिया पति कृष्णा साह, मुन्नी देवी, किरण देवी, कंचन कुमारी, पिंकी कुमारी पूजा समिति के रामखेलावन पासवान, छोटन रवानी, राम मूरत बैठा, अखिलेश पासवान, रिंकू बैठा, जनत अंसारी, विजन पासवान, गुड्डु पासवान आदि उपस्थित थे।

### केतार : कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू

**केतार।** प्रखंड में रविवार को पूजा अनुष्ठान कर कलश स्थापित किया गया। इसके साथ ही शारदीय नवरात्र शुरू हो गया। इस वर्ष प्रखंड के विभिन्न गांवों में शारदीय नवरात्र अनुष्ठान एवं दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर लोगों में खास उत्साह देखा जा रहा है। शारदीय नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। केतार स्थिति चतुभुर्जी मंदिर, पाचाडुमर मां भगवती शायरी मंदिर, परती कुशवानी गांव में कोठार भगवती मंदिर, परसोडीह में दुर्गा मंदिर, मुकुंदपुर गांव स्थित सूर्य नारायण वन मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद कलश स्थापित किया गया और दुर्गा सप्तशती का पाठ शुरू हुआ। कई लोगों ने शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के नवों रूपों की आराधना के लिए अपने घरों में भी कलश स्थापना कर दुर्गा सप्तशती का पाठ व अनुष्ठान कर रहे हैं। प्रखंड के विभिन्न गांवों की पूजा कमेटियों ने कलश स्थापित किया। नवरात्र के अवसर पर कई गांवों में रासलीला और धार्मिक सीरियल, रामायण महाभारत, कृष्ण लीला बड़े पर्दे पर दिखाया जा रहा है। नवरात्र पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर प्रखंड के लोगों में श्रद्धा के साथ भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

## गढ़वा जिला कबड्डी संघ का पुनर्गठन, विकास स्वदेशी बने अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्लस टू उच्च विद्यालय नगर उंटारी के सभागार में रविवार को गढवा जिला कबड्डी संघ की आमसभा व चुनाव विकास स्वदेशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सचिव ने वार्षिक प्रतिवेदन व आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। गत बैठक के प्रस्ताव की संपुष्टि की गई। पूर्व सचिव ने कहा कि गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के दिशा निर्देश में जिला कबड्डी संघ ने अपने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में मेडल दिलाने का काम किया। आमसभा में सर्वसम्मति से कबड्डी संघ का पुनर्गठन किया गया। नव गठित कमेटी के लिये दीपक प्रताप देव व राजकिशोर सिंह को संरक्षक, विकास स्वदेशी को अध्यक्ष, अभिषेक कुमार मेहता व छोटन सिंह को उपाध्यक्ष, राजू उरांव को सचिव, विकास कुमार व रामअवध सिंह को उपसचिव, शोभनाथ साह को कोषाध्यक्ष, राधिका कुमारी सिंह, सुजंती कुमारी, पप्पू गुप्ता, विजय कुमार, शक्ति सिंह, मणिलाल गुप्ता, रविरंजन, संगीता कुमारी, संतोष कुमार मौर्य को कार्यकारिणी सदस्य, तकनीकी कमेटी में बेबी कुमारी का चयन किया गया। उपाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। चुनाव में बतौर पर्यवेक्षक कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के हैदर हुसैन, गढवा जिला ओलंपिक संघ के उदय नारायण तिवारी व अधिवक्ता राकेश प्रताप देव उपस्थित थे। आमसभा व चुनाव का संचालन गढ़वा जिला कबड्डी संघ के पूर्व सचिव अजय कुमार गुप्ता ने किया।

## महिलाओं को स्वावलंबी बनाने पर की गई चर्चा

**मेराल।** संगवरिया पंचायत भवन के प्रांगण में आजीविका महिला संकुल संगठन स्वालंबी सहकारी लिमिटेड के तत्वाधान में वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीपीएम पिंकी सिंह ने की। सखी मंडल से जुड़े संगवरिया पंचायत, गोंदा, तेनार, पांढुआ एवं लोआदाग से महिलाओं ने आमसभा में भाग लिया। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, बीडीओ जागो महतो, सुप्रसिद्ध डॉक्टर अनिल कुमार साह, प्रखंड बीस सूत्रीअध्यक्ष शंभू प्रसाद, संगवरिया पंचायत के मुखिया संजय राम आदि मौद रहे। सीएलएफ के सचिव द्वारा वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। मंच का संचालन ललन यादव ने किया। महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने के लिए विचार व्यक्त किया तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बाल विवाह, डायन प्रथा, अंधविश्वास, पाखंडवाद पर लोगों के बीच नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। उपरोक्त बिंदुओं पर उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को पौधा देकर सम्मानित किया गया।

## शहर में लगातार हो रही हैं लूटपाट/चोरी की घटनाएं

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिला मुख्यालय में चोरी व लूटपाट की वारदातें प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। रोजाना कहीं ना कहीं ये चोर वारदात को अंजाम दे रहे हैं और घटना घटित कर आसानी से फरार हो जा रहे हैं। यह गढ़वा में आम सी हो गई है। जिला मुख्यालय में चोर और लुटेरे प्रशासन को खुलेआम चुनौती देते हुए दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पिछले दिनों गढ़वा जिला परिषद सदस्य अमृतांजलि दुबे से हुई छिनतई मामले का पुलिस उद्वेदन भी नहीं कर सका था कि पुराना बाजार स्थित निमिया स्थान के पास पिस्टल के बल पर एक युवक से लूटपाट की घटना हो गई। बताते चलें कि 5 अक्टूबर को गढ़वा के जिला परिषद सदस्य अमृतांजलि दुबे से ज्ञान निकेतन बायपास रोड के समीप अज्ञात लुटेरों ने उनके हाथ में रखे थैला छीनकर फरार हो गए थे।

उक्त मामले की शिकायत गढ़वा थाने में दर्ज कराई गई थी, जिसमें बताया गया था कि एडीबी बैंक से डेढ़ लाख रुपये निकाल कर पुराना बाजार में सामान की खरीदारी करने जा रहे थे। इसी दौरान नकाबपोश एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों ने वहां पहुंचकर जिला परिषद सदस्य के हाथ से थैले छीनकर फरार हो गए। वहीं शनिवार की शाम लुटेरेने मदरसा रोड निवासी मुन्ना सोनी के पुत्र रोहित सोनी से पिस्टल के बल पर एक टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल, एक सोने की चेन, पर्स को लूटकर फरार हो गए। जाते-जाते लुटेरों ने जान से मारने की धमकी दे डाली। इतना ही नहीं, शुक्रवार को दोपहर में लुटेरों ने एक घर में घुसकर लगभग 5 लाख रुपये के जेवर और 2 लाख 25 हजार नकद लूट कर फरार हो गए।

**दिनदहाड़े पिस्टल के बल पर युवक के साथ लूट इससे पहले घटी घटनाओं में पुलिस के हाथ नहीं लगा कुछ**



## भाजपा नेताओं ने खरौंधी प्रखंड का किया दौरा, कार्यकर्ताओं से मिले

**खरौंधी।** भाजपा नेता कन्हैया चौबे तथा शिवधारी राम ने रविवार को खरौंधी क्षेत्र का भ्रमण कर भाजपा नेता तथा कार्यकर्ता से मिले। वहीं भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने कन्हैया चौबे का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। साथ ही बाजार परिसर में बृजबिहारी दुबे के मकान में मिलन समारोह का आयोजन किया, जहां कन्हैया चौबे ने सभी भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया। चौबे ने कहा कि भाजपा से ही मैंने राजनीति की शुरुआत की थी। कुछ गलतियां हमसे हुईं, जिसके कारण भाजपा से विमुक्त हो गया। पुनः मुझे इसका ज्ञान हुआ, जिसके बाद मेरी पार्टी में वापसी हुई है। भगवान कृष्ण और मां राधा की प्रेरणा से मैं कुछ करता हूं। उन्होंने ही मुझे प्रेरणा दी कि अभी कार्य अधूरा है। जिस तरह 2014 में घर-घर जाकर हर-हर मोदी घर-घर मोदी किए थे। पुनः उसे करने की आवश्यकता है। जब 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पुनः प्रधानमंत्री बन जायेंगे तभी भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने का सपना साकार हो सकेगा। इसके लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास तथा संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह से मिला। मैं पार्टी में चुनाव लड़ने के उद्देश्य से नहं आया हूं। मैं पार्टी का ऐसा सिपाही बनूंगा। मैं आजीवन संगठन के लिए अनवरत कार्य करता रहूंगा। मिलन समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी, वसंत कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, सुनील कुमार द्विवेदी, सत्येंद्र प्रसाद यादव, विश्वनाथ राम, जनेश्वर मेहता, बुधन बैठा, विवेकानंद यादव, अशोक चौधरी, काशी उराव, सुशील यादव सहित दर्जनों भाजपा नेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धर्म-कर्म

### यह संसार सदा रहने के लिये नहीं है, यहां केवल मरने वाले ही रहते हैं : जीयर स्वामी

# ईश्वर को पाने के लिए साधन की नहीं लगन की आवश्यकता

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि जब तक अहम है, तब तक तत्त्वज्ञान का अभिमान तो हो सकता है, पर वास्तविक तत्त्वज्ञान नहीं हो सकता। जब तक अपने में राग-द्वेष हैं, तब तक तत्त्वबोध नहीं हुआ है, केवल बातें सीखी हैं। तत्त्वज्ञान होने में कई जन्म नहीं लगते, उत्कट अभिलाषा हो तो मिनटों में हो सकता है; क्योंकि तत्त्व सदा-सर्वदा विद्यमान है। तत्त्वज्ञान अभ्यास से नहीं होता, प्रत्युत अपने विवेक को महत्त्व देने से होता हैं। अभ्यास से एक नयी अवस्था बनती है, तत्त्व नहीं मिलता। जब तक तत्त्वज्ञान नहीं हो जाता, तब तक सब प्राणी कैदी हैं। कैदी का लक्षण है 'पाप कर्म करे अपनी मरजी से और दुःख भोगे दूसरे की मरजी से।' 'मैं ब्रह्म हूं' यह अनुभव नहीं है, प्रत्युत अहंग्रह-उपासना है। इसलिये तत्त्वज्ञान होनेपर 'मैं ब्रह्म हूं' यह अनुभव नहीं होता। तत्त्वज्ञान होने पर काम-क्रोधादि विकारों का अत्यन्त अभाव हो जाता है। कालरूप अग्नि में सब कुछ निरंतर जल रहा है, फिर किसका भरोसा करें? किसकी इच्छा करें? विचार करो कि अपना कौन है? अगर अभी



मौत आ जाय तो कोई हमारी सहायता कर सकता है क्या? जन्मदिन आने पर बड़ा आनंद मनाते हैं कि हम इतने वर्ष के हो गये! वास्तव में इतने वर्ष के हो नहीं गये, प्रत्युत इतने वर्ष मर गये अर्थात हमारी उम्रमें से इतने वर्ष कम हो गये और मौत नजदीक आ गयी! बालक जन्मता है तो वह बड़ा होगा कि नहीं, पढ़ेगा कि नहीं, उसका विवाह होगा कि नहीं, उसके बाल-बच्चे होंगे कि नहीं, उसके पास धन होगा कि नहीं आदि सब बातों में संदेह है, पर वह मरेगा कि नहीं - इसमें कोई संदेह नहीं है! परमात्मतत्त्व का ज्ञान करण-निरपेक्ष है। इसलिये उसका अनुभव अपने-आपसे ही हो सकता है, इंद्रियां - मन-बुद्धि आदि करणों से नहीं। जब तक नाशवान वस्तुओं में सत्यता दिखेगी, तब तक बोध नहीं होगा। बोध होने पर अपने में दोष तो रहते नहीं और गुण (विशेषता) दिखते नहीं। मृत्युकाल की सब सामग्री तैयार है। कफन भी तैयार है, नया नहीं बनाना पड़ेगा। उठाने वाले आदमी भी तैयार हैं, नये नहीं जन्मेंगे। जलाने की जगह भी तैयार है, नयी नहीं लेनी पड़ेगी जलाने के लिये लकड़ी भी तैयार है, नये वृक्ष नहीं लगाने पड़ेंगे। केवल श्वास बंद होने की देर है। श्वास बंद होते ही यह सब सामग्री जुट जायगी। फिर निश्चिंत कैसे बैठे हो? चेता करो! यह संसार सदा रहने के लिये नहीं है। यहां केवल मरने वाले ही रहते हैं। फिर पैर फैलाये कैसे बैठे हो? विचार करो, क्या ये दिन सदा ऐसे ही रहेंगे? निश्चित समय पर चलने वाली गाड़ी के लिये भी जब पहले से सावधानी रहती है, फिर जिस मौतरूपी गाड़ी का कोई समय निश्चित नहीं, उसके लिये तो हरदम सावधानी रहनी चाहिये। मकान यहां बना रहे हो, सजावट यहां कर रहे हो, संग्रह यहां कर रहे हो, पर खुद मौत की तरफ भागे चले जा रहे हो! जहां जाना है, पहले उसको ठीक करो! 'करेंगे'–यह निश्चित नहीं है, पर 'मरेंगे' यह निश्चित है। आप भगवान को नहीं देखते, पर भगवान आपको निरंतर देख रहे हैं।

## 'सुंदरता नहीं, मन निर्मल होने से प्रसन्न होते हैं जगरन्नाथ'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

ठाकुर अनुकूलचंद्र के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र के प्रांगण में मासिक सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया। सत्संग में धृतिसुंदर लाल, अनिता देवी, रीना देवी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने आगामी 5 नवंबर को ठाकुर जी के 136वें जन्मोत्सव में शामिल होने के लिये सभी अनुयायियों से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में दूसरे राज्य के भी सत्संगी परिवार आयेंगे। सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि निर्मल मन से किया गया कार्य सार्थक होता है। मनुष्य के रूप की सुंदरता से जगत के लोग प्रसन्न होते हैं, लेकिन मन निर्मल होने से जगत के नाथ अर्थात जगरन्नाथ प्रसन्न होते हैं। याजक राजकुमार दा ने कहा कि वर्तमान पुरुषोत्तम का शरण ग्रहण करना चाहिये। ऋत्विक धृतिसुंदर लाल ने आगामी 5 नवंबर को आयोजित उत्सव के लिये कार्य व दायित्व का विवरण दिया। सत्संग में बबिता सिंह, चंचला गुप्ता, सुप्रिया, प्रभा देवी, विजय, सुजय, धृतिदीप्त, अशोक गहलोत, राहुल दा, अजय दा, शंकर दा आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### मुर्गी पालन का प्रशिक्षण महिलाओं व पुरुषों को दिया गया



**मेदिनीनगर।** भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पोखराहा पलामू में डा. अनुप विलियम लकड़ा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर के द्वारा 34 महिला पुरुष प्रशिक्षार्थियों को मुर्गी पालन का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में मुर्गियों की नस्ल ,उनकी बीमारियाँ,बीमारी के लक्षण और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साथ झारखण्ड सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की विशेष एवं विस्तृत जानकारी दी। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बेरोजगार युवक-युवतियां को मुफ्त में प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षार्थियों को मुफ्त खाना - पीना और रहने की व्यवस्था संस्थान के द्वारा दी जाती है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र दी जाती है।

### जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा क्षेत्र

# श्री रामचरित मानस पारायण पाठ महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के बाजार प्रांगण में आयोजित श्री रामचरित मानस पारायण पाठ महायज्ञ के 53 वें अधिवेशन को लेकर रविवार की सुबह कलश यात्रा निकाली गई। बजे गाजे के साथ निकली कलश यात्रा में सैकड़ो महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए । यह कलश यात्रा बाजार प्रांगण से निकलकर सूर्य मंदिर रोड, भट्ठी चौक, थाना रोड व कपूरी ठाकुर चौक होते हुए कृष्णदाहा मंदिर प्रांगण में मांधाता नदी के तट पर पहुंची। जहां आचार्य सुवंश पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ कलश में जल भरवाया गया। इसके उपरांत यात्रा वापस यज्ञ स्थल पहुंची और कलश स्थापित किया गया । इस दौरान श्रद्धालुओं के जय श्रीराम और हरहर महादेव की जयघोष से घंटों वतावरण गूंजता रहा। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजन कुमार गुप्ता, महामंत्री आनंद प्रसाद, कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार, उपाध्यक्ष रूपेश कुमार, चंद्रशेखर, आकाश कुमार, विकास कुमार, कमल कुमार, शत्रुधन प्रसाद, अशोक दास,उमेश प्रसाद, प्रदीप प्रसाद,नितेश कमलापूरी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### दुकानदार से 52 हजार रुपये की ठगी

**सतबरवा ।** थाना क्षेत्र के सतबरवा निवासी राजू प्रसाद पिता मुरली प्रसाद से ठगी का एक मामला प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी ने थाना में आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। रविवार को एन एच का ठेकेदार बताते हुए राजु प्रसाद के किराना दुकान से सामान 32 हजार का खरीद कर ऑटो पर लोड किया और 20000 नगद कैस भी लिया और कहा कि फोन पे से टोटल पैसा 52 हजार डाल दे रहे हैं। इसके बाद वह अचानक गायब हो गया। जब उसे खोज बिन किया जाने लगा। जब पता नहीं चला तब ऑटो चालक सददाम से उसके बारे में पूछा तो उसने बताया कि बात करने की बात कह कर मेरा भी मोबाइल वह ले गया है।

# जमीनी विवाद में 60 वर्षीय अधेड़ की हत्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहड़ी निवासी रामराज महतो उम्र 60 वर्ष को अपने ही भाई और भतीजों ने जमीनी विवाद में लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी। इस घटना के बारे में मृतक के पुत्र अजेंद्र कुमार महतो ने बताया कि शनिवार की रात 9:30 बजे हमारे घर के बाहर ईंट रखने को लेकर चाचा रामदीप महतो से झगड़ा हो गया। झगड़ा होने के पश्चात रामदीप महतो, राकेश महतो, सुजीत महतो, सारो देवी, नीलम देवी के द्वारा हमारे पिता रामराज महतो को लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### पलामू में मनाया गया महिला किसान दिवस उत्सव

# कृषि की योजनाओं में महिला किसानों की हो अधिक भागीदारी : डीएओ

### उत्कृष्ट कृषि कार्यों के लिए तीन महिला किसान सम्मानित

**नवीन मेल संवाददासता**

मेदिनीनगर। कृषि कल्याण मंत्रालय के दिशा निर्देश पर रविवार को स्थानीय जिला कृषि कार्यालय के आत्मा सभागार में महिला किसान दिवस उत्सव मनाया गया। इसमें विभिन्न प्रखंडों की प्रगतिशील महिला कृषकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार मांझी ने महिला कृषकों को योजना में सम्पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। जिला गव्य विकास पदाधिकारी ने पशुपालन विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पशुपालन में महिलाओं का योगदान काफी सराहनीय रहता है। जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने पलामू जिला में उद्यान विकास योजना से संबंधित बातों को रखते हुए उद्यानकी फसलों पर जोर दिया। उन्होंने बताया की आज के दिन महिलाएं मशरूम की खेती कर आत्मनिर्भर हो रही हैं, जो काफी सराहनीय है। उन्होंने बताया की उद्यान से संबंधित सभी योजनाओं में महिला किसान कैसे शामिल हो, इसपर गौर करने की जरूरत है। आत्मा के उप परियोजना निदेशक प्रवीण राज ने अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के मद्देनजर मोटे अनाज की खेती पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज जैसे ज्वार, मडुवा, बाजरा, मक्का इत्यादि की खेती में कम मेहनत और ज्यादा मुनाफा है। इसमें सिंचाई की भी कम आवश्यकता होती है। मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसके सेवन से बहुत सारी बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर उपस्थित महिला कृषकों में तीन महिला प्रगतिशील किसान यथा मेदिनीनगर प्रखंड की सुकनी देवी, नावा बाजार प्रखंड की श्वेता कुमारी एवं सतबरवा प्रखंड की महिला किसान लक्ष्मी देवी को सम्मानित किया गया।



### नदियों से बालू उठाव पर एनजीटी की रोक की अवधि समाप्त

# पलामू के 73 घाटों से बालू का उठाव शुरू होगा आज से

**बालू का उठाव सिर्फ ट्रैक्टर से, मशीन का उपयोग नहीं : डीएमओ**

**पंचायत की कमेटी करेगी बालू उठाव का संचालन, घाट से उठाये गये बालू पर नहीं लगेगी रॉयल्टी**



नवीन मेल संवाददाता

मेडिनीनगर। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एन जी टी )ने बालू उठाव पर लगी रोक हटा दी है। पलामू में कैटेगरी वन के तहत 73 घाटों से बालू के उठाव को लेकर दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।इस आदेश के बाद अब 16 अक्टूबर से बालू कारोबारी इन घाटों से बालू का उठाव कर सकेंगे। हालांकि बालू का उठाव सिर्फ टैक्टर से होगा। इसमें मशीन का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा बालू का उठाव कर उसका भंडारण किसी अन्य स्थान पर नहीं किया जायेगा। घाटों से उठाये गये बालू का उपयोग निजी, गैर व्यवसायिक, सामुदायिक उद्देश्य और सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जायेगा। उक्त जानकारी जिला खनन पदाधिकारी ने दी है। उन्होंने बताया है कि घाटों से उठाये गये बालू रॉयल्टी टैक्स से मुक्त रहेगी। ग्राम पंचायत व स्थानीय शासन द्वारा बालू घाटों में पहुंच पथ, प्रबंधन, पर्यवेक्षण के लिए सरकार द्वारा निर्धारित संधारण राशि (100 रुपये प्रति 100 घनफुट) ली जायेगी। बालू का उठाव किसी भी कीमत पर नदी में बने पुल-पुलिया के 500 से 2500 मीटर की परिधि के समीप से नहीं किया जायेगा। वन कैटेगरी बालू घाटों से बालू उठाव के लिए पंचायत स्तर पर आठ सदस्यीय टीम गठित की गयी है। समिति में पंचायत के मुखिया, उप मुखिया, पंचायत सचिव व अन्य पांच सदस्य शामिल होंगे। अंचलाधिकारी (सीओ), पंचायती राज पदाधिकारी और अंचल निरीक्षक बालू उठाव कार्य की निगरानी करेंगे। गौरतलब हो कि एनटीजी द्वारा 14अक्टूबर तक नदियों से बालू के उठाव पर रोक लगाई गई थी। यह रोक हर वर्ष बरसात के मौसम में रहता है। बालू का उठाव नहीं होने से निर्माण कार्य प्रभावित थे जो अब फिर से शुरू हो जायेंगे।

# कलश यात्रा में शामिल हुये जिला परिषद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** माता शैलपुत्री के पावन दिवस पर पाटन जिला परिषद संग्राम सिंह रविवार को पाटन क्षेत्र के किसैनी, सकलदीपा, खरौंदा, टंडवा और बैदा कला कलश यात्रा मे शामिल हुए। दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर सभी भक्त गण सभी दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी और समस्त पाटन पलामू के परिवार को जिला परिषद संग्राम सिंह ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूजा की शुभकामना देते हुए माता रानी से प्रार्थना करते हैं कि क्षेत्र में खुशहाली बनी रहे। माता रानी का कृपा सभी प्रेमी पर बनी रहे। जिला परिषद ने कहा कि माता रानी के पावन अवसर पर जितने भी धर्म प्रेमी लोग हैं मदिरा पान का सेवन नहीं करें। सभी बंधु बांधवों को बतायें कि पूजा के अवसर पर धूम्रपान ना करे। कलश यात्रा के शुभ अवसर पर नीरज सिंह, मनोज सिंह कंचन कुमार, उदय सिंह धर्म सिंह विवेक सिंह ईश्वरी सिंह,आकाश विश्वकर्मा,नवनीत कुमार पारस मेहता योगेंद्र सिंह प्रेम सिंह सुचित पाल ,सरोज पाल ,योगेंद्र पाल, विनय पांडे ,श्रीकांत पांडे ,राजू पांडे आशुतोष पांडे, गौतम कुमार सहित हजारों भक्तगण मौजूद थे।

### पोलपोल में नवाह्न परायण पाठ व शारदीय नवरात्र शुरू

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के पोलपोल बाजार में श्रीराम चरित्र मानस नवाह्न परायण यज्ञ व दुर्गा पूजा कलश स्थापना के साथ रविवार से शुरू हो गया। इसके पूर्व यज्ञ समिति के अध्यक्ष आनंद सिंह ने पाठकर्ता विप्रजनों का बरन व अंग वस्त्र प्रदान किया। इसके साथ ही 46 वे अधिवेशन की शुरूआत हो गई। अयोध्या से पधारे विद्वतजन मधुरेश महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री राम चरित्र मानस नवाह्न परायण का पाठ किया गया। समिति के द्वारा इस वर्ष दुगार्पूजा,नवाह परायण यज्ञ के अलावे रात्रि में प्रवचन का आयोजन किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष आनन्द सिंह ने कहा कि प्रभु श्री राम का चरित्र अनुकरणीय है।

# पांडू स्कूल के शिक्षकों की लापरवाही से अवगत हुये डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांडू थाना क्षेत्र के ग्राम कजरू के ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त को आवेदन देकर कहा है कि पांडू क्षेत्र के कजरू गाँव एक सुदूरवर्ती, नक्सल प्रभावित, आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक रूप से अति पिछड़ा गांव है। जहाँ एक मात्र शिक्षण संस्था के रूप में स्त्रोंनत उच्च विद्यालय कजरु कलां है। जो एक सरकारी विद्यालय है। इस गांव के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने का मात्र एक यही विद्यालय साधन है। इस विद्यालय में लगभग 400-500 छात्र-छात्राए पढाई लिखाई करते हैं। जहां कुल 11 शिक्षक एवं शिक्षिका हैं। परंतु तमाम साधन एवं व्यवस्था होने के बावजूद गरीब परिवार के विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई के प्रति शिक्षक शतप्रतिशत लापरवाह, संवेदनहीन तथा उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रहे हैं। इस विद्यालय के शिक्षक विद्यालय में प्रार्थना तथा हाजरी बनाने के बाद विद्यालय से गायब रहते हैं। पान- गुटका दुकान, चाय दुकान, आदि स्थान पर बैठ कर गप करते रहते हैं। विद्यालय में पढ़ाई के समय शिक्षक मोबाइल फोन में व्यस्त रहते हैं। विद्यालय का रूटीन कार्यालय में लगा तो है लेकिन एक भी दिन उसका निर्वहन नहीं होता है। आवेदन देने वाले ग्रामीणों के नाम विकास कुमार गुप्ता, कौशल कुमार, विनय कुमार पाल, चंदन कुमार, सुनील बैठा, अन्जय कुमार गुप्ता, मंजीत कुमार, राजेश्वर साहू, मनोज कुमार, अरुण पासवान, गुरू साव, राजेश पाण्डेय, संतोष कुमार राम, वीरेंद्र राम सहित सैकड़ो ग्रामीणों का नाम शामिल हैं।

# गरीबों को नहीं मिल रहा पीएम आवास योजना का लाभ : भाकपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो ने डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा के ग्राम -अवसाने, दुबा, एवं चांदो ग्राम का दौरा किया । आम लोगों की जन समस्याओं से अवगत हुए। जहां पर जिला सचिव श्री तिवारी ने पाया कि इस इलाका में ग्रामीण सड़कों की हालत काफी खराब है। सड़क जर्जर स्थिति में है। वहीं प्रधानमंत्री आवास के नाम पर गरीबों को आवास नहीं मिला है। आज भी गरीब खपड़ा के मकान में रहने को विवश हैं। पिछले सप्ताह हुई बारिश में कई लोगों का घर गिर गया है। लेकिन इस और किसी जनप्रतिनिधि चाहे बीजेपी के विधायक या सांसद उनका ध्यान नहीं है। मौके पर बाबूलाल सिंह, अवध किशोर सिंह, अंगद सिंह, अजय चौधरी, अनुराग चौधरी, पिंटू चौधरी, उषा देवी ,मोहन सिंह, आशा देवी, जगन्नाथ उरांव सहित अन्य तीनों गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

# कसमार में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वधान में तरहसी के कसमार पंचयात में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता, अक्षय कुमार,कसमार पंचयात के मुखियाअरबिंद कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजली और दीप प्रजालवित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । अध्यक्षता अविनाश कुमार व संचालन शिक्षक अंगद ठाकुर ने किया।मौके पर किसलय तिवारी ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, आजादी का अमृत महोत्सव जन नेतृत्व की पहल के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार ने इसी उत्सव की निरंतरता में ह्य मेरी माटी मेरा देश अभियानह्न का शुभारम्भ किया है। कार्यक्रम की विषय-वस्तु के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों का आयोजन 09 से 15 अगस्त तक दिल्ली और उसके आसपास के विभिन्न वायु सेना स्टेशनों पर किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ह्यमेरी माटी-मेरा देशह्न अभियान का सुझाव देते हुए कहा था कि इसकी टैगलाइन ह्यमिट्टी को नमन, वीरों का वंदनह्न है। लवली गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश में चलाया गया अभियान मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत सभी के द्वारा घर-घर जाकर मिट्टी अथवा दो चुटकी चावल एकत्रित करने का संकल्प लिया गया है। इसके पीछे देश के जाबांज वीरों के बलिदान को समर्पित इस अभियान का उद्देश्य दिल्ली में युद्ध स्मारक के निकट सुर वाटिका का निर्माण करना है।उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आज हमारे समाज में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं एवं बेटियों को शिक्षा से वंचित रखा जा रहा है।आज के बुद्धिजीवी माता पिता से अनुरोध किया कि बेटियों की शिक्षा पर ध्यान दें। प्रधानाध्यापक गिरेन्द्र प्रभाकर, नकुल प्रसाद, शिक्षक अशोक प्रसाद गुप्ता, उपेंद्र शर्मा, अनुरुद्ध विश्कर्मा, धर्मजीत यादव, डॉक्टर रामजीत शर्मा, प्रेमचंद पासवान, नितेश ठाकुर, बैनाथ राम, संदीप यादव, सतीश कुमार मेहता, कमलेश प्रजापति समेत सकैड़ो लोग मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वाले नागरिक होंगे सम्मानित





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता सह कंकारी पंचायत समिति सदस्य मुन्ना कुमार ने कहा कि भ्रष्टचार के खिलाफ लड़ने वाले नागरिकों को सम्मानित करेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टचार के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रहे एसीबी एंटी करप्शन ब्यूरो पलामू में एक मात्र संस्था कार्य कर रहा है। सूचना का अधिकार कानून, लोकायुक्त सहित अन्य संस्थाओं को कार्य नहीं करने दें रही है। यह भ्रष्टाचारी सरकार हेमंत सोरेन ठंडे बस्ते में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भ्रष्टाचार चरम पर है। जिस अनुपात में भ्रष्टाचारियों को जेल जाना चाहिए,उतना नहीं जा रहे हैं। जिसके कारण भ्रष्ट पदाधिकारी और कर्मचारी को तनिक भी डर नहीं है। खुलेआम घुस मांगने का वो काम करते हैं और गरीब असहाय लोगों को दौड़ा दौड़ा कर परेशान करते हैं। जनता को छोटे छोटे कामों के लिए घूस देने के लिए मजबूर कर देते हैं। युवा नेता मुन्ना कुमार ने कहा कि भ्रष्टचार के खिलाफ सूचना अधिकार कानून लागू है, लेकिन सरकार और विपक्ष दोनों के कारण फेल है।

# चहारदीवारी निर्माण होने से बच्चे रहेंगे सुरक्षित : जिप सदस्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत सुआ ग्राम में जिला परिषद बासु देवी , सुआ मुखिया दुलारी देवी ने 37 लाख 92 हजार की लागत से सुआ स्कूल चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। मेदिनीनगर स्कूल के चहारदीवारी निर्माण जिला परिषद बासु देवी के प्रयास का परिणाम है । मौके पर जिप सदस्य ने कहा कि जिला परिषद बनने के बाद क्षेत्र का समुचित विकास हुआ है। क्षेत्र के विकास के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल के चहारदीवारी निर्माण हो जाने से विद्यार्थी सुरक्षित रहेंगे। सुआ मुखिया दुलारी देवी ने कहा कि सुआ पंचायत में कई तरह की योजनाएं धरातल पर संचालित हैं। समाज के लोगों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभ प्रदान किया जाये। उन्होंने कहा कि स्कूल में चहारदीवारी नहीं होने से स्कूली बच्चे असुरक्षित थे। मौके पर उप प्रमुख शीतल सिंह, सरजा मुखिया आनंद कुमार, उपाध्याय सिंह ,कौड़िया पंचायत समिति सदस्य अजीत सिंह, सदर विधायक प्रतिनिधि हृदया सिंह, कौड़िया मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, सुआ मुखिया प्रतिनिधि उपाध्याय सिंह, पोलपोल मुखिया प्रतिनिधि ड्डारदूल सिंह, समाजसेवी सुरेंद्र साव, अजय कुमार ठाकुर, उदेश्वर बैठा, ठेकेदार अड्डिमन्यु तिवारी समेत कई लोग शामिल थे।

## आस्था

### मातृशक्ति व दुर्गा वाहिनी की बहनें करेंगी शस्त्र पूजा

# ॐकार, एकात्मक मंत्र व विजय मंत्र के पश्चात होगी पूजा

**मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी की बहनों के नेतृत्व में 24 अक्टूबर तक सभी प्रखंडों और समिति युक्त पंचायतों तथा गावों में दुर्गाष्टमी सह शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा**





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं इससे संबद्ध संगठन के प्रमुखों तथा प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को विहिप के जिला कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र व संचालन बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक में हाल ही में संपन्न बजरंग दल शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा की समीक्षा की गई। जिला संयोजक ने कार्यक्रम के आय और व्यय का ब्योरा दिया, जिसे सर्व सम्मति से अनुमोदित किया गया। जिला मंत्री ने कार्यक्रम को अभूतपूर्व और ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को बधाई दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष द्वारा दुर्गाष्टमी सह शस्त्र पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कहा गया कि मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी की बहनों के नेतृत्व में 24 अक्टूबर तक सभी प्रखंडों और समिति युक्त पंचायतों तथा गावों में दुर्गाष्टमी सह शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बताया गया कि दुर्गाष्टमी विहिप का वार्षिक कार्यक्रम है। इसमें दुर्गा माता की तस्वीर अनिवार्य है। ॐकार, एकात्मक मंत्र और विजय मंत्र के पश्चात शस्त्र पूजन किया जाएगा। दुर्गा माता के चित्र के सामने दो-तीन शस्त्र रखे जायेंगे। मंच पर बैठी बहनें इन शस्त्रों की पूजन करेंगी। तत्पश्चात दुर्गा माता का भजन और दुर्गा चालीसा का पाठ किया जायेगा।कार्यक्रम का संचालन मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी के सदस्यों द्वारा किया जायेगा । कार्यक्रम की समाप्ति दुर्गा माता की आरती से होगी। प्रत्येक कार्यक्रम का पालक एक पुरुष कार्यकर्ता को बनाया जायेगा। जिनकी जिम्मेदारी कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराना होगा। बैठक में विहिप के सह मंत्री अमित तिवारी, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, उपाध्यक्ष लाला यादव, जिला समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, बलो पासना प्रमुख विकाश कुमार कश्यप, नगर अध्यक्ष दीपक प्रसाद, नगर मंत्री दीपक सिंह, नीलांबर पीतांबर पुर प्रखंड विहिप अध्यक्ष राजीव सिंह, मंत्री रौशन मेहता, गौतम कुमार मेहता, आलोक राज, सुमित गुप्ता, मनातू प्रखंड से अरविंद यादव, प्रीतम कुमार, नवा बाजार से विहिप अध्यक्ष हिमांशु पांडेय, प्रखंड संयोजक सौरभ पाण्डेय, रमाशंकर प्रसाद, प्रकाश विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### कैरो के दुर्गा पूजा पंडालों में नवरात्र शुरू



**कैरो।** प्रखंड के नगजुआ, हनहट, कैरो दुर्गा पूजा पंडालों में नवरात्र पाठ शुरू हुई। इसके पूर्व सुबह 8 बजे कलश यात्रा निकाली गई। कैरो मां अम्बे दुर्गा पूजा पंडाल से कलश यात्रा नंदनी नदी के लिए गई। सैकड़ों माता के भक्तों कलश यात्रा में शामिल होकर माता के जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा को सुशोभित किया। आचार्य कौशल कांत त्रिपाठी के द्वारा नदी में विधिवत पूजन व संकल्प कराकर भक्तों को जल संग्रहण कराया। इसके अलावा नगजुआ पूजा पंडाल में से भी नंदनी डैम के लिए कलश यात्रा निकली गई। इसके उपरांत पूजा पंडालों में नवरात्र के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की विधिवत पूजा अर्चना के साथ ही नौ दिनी अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। मौके पर शरत कुमार विधार्थी, शंभु सोनी, बजरंग प्रसाद, रिंकू प्रसाद, राजकुमार साहू, मनोज पांडेय, सूरज मोहन साहू, संजय साहू, संजय महतो, सुरेश प्रसाद, गौतम कुमार, रामप्रसाद पाल सहित सैकड़ों माता के भक्त उपस्थित थे।

### संस्कृति महोत्सव के लिए रवाना हुई टीम



**लोहरदगा।** बोकारो के थर्ड सी स्थित विद्या मंदिर में 15 एवं 16 अक्टूबर को विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में भाग लेने के लिए मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा की टीम रविवार को रवाना हुई। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने शुभकामनाएं देकर तीन मार्गदर्शन शिक्षक सहित 30 सदस्यों की टीम को रवाना किया। टीम में वैदिक गणित प्रश्न मंच में अमर उरांव, मुनिका कुमारी व किरण कुमारी, विज्ञान प्रश्न मंच में ईशा कुमारी, रिया कुमारी व रोहित कुमार साहू, अंग्रेजी प्रश्न मंच में सुष्मिता कुमारी, नेहा कुमारी व अल्फा कुजूर, संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच में आकांक्षा पांडे, ज्योति प्रिया कुजूर व आदित्य उरांव, त्वरित भाषण में रोशनी उरांव शामिल है। सांस्कृतिक प्रदर्शन में पूर्णिमा भगत, रितु कुमारी, मधु श्वेता कुजूर, प्रिया कुजूर, अनिमा लकड़ा, पूनम कुमारी, सुजीत उरांव, मंतोष उरांव, अनित उरांव, अंकित उरांव, विकास उरांव, धर्मदेव उरांव, सचिन भगत, अजीत उरांव, संदीप उरांव शामिल हैं। मार्गदर्शक आचार्य टोली में आचार्य पत्र वाचन की प्रतिभागी के रूप में नीतू कुमारी के अलावा रश्मि साहू और यशोदा कुमारी शामिल है।

### बालू लदे 7 ट्रैक्टर पकड़े, दो गिरफ्तार

**लोहरदगा।** पुलिस व खनन विभाग द्वारा एनजीटी के अंतिम दिन विशेष छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें अवैध बालू लोडेड सात ट्रैक्टरों को मौके से जब्त किया गया है। वहीं दो बालू तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी बरवा टोली निवासी अताउल रहमान व कोलसिमरीमरी गांव निवासी प्रमोद पासवान के रूप में पहचान की गई है। इस मामले पर सदर थाना समेत सेन्हा और कुडू थाना में डीएमओ ने अलग-अलग प्राथमिक दर्ज कराईहै। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जम्मा को मिले गुप्त सूचना के आधार पर सेन्हा थाना क्षेत्र के डाडु कोईल नदी घाट पर छापामारी की गई। छापामारी में बालू का अवैध खनन और परिवहन करते तीन ट्रैक्टरों को मौके पर जब्त किया गया। बालू तस्करी के कार्य में रेकी कर रहे तीन बाइक सवारों को खदेड़ा गया। आरोपी अपनी बाइक छोड़कर भाग गए। पुलिस टीम ने तीन बाइक जब्त कर अपनी कस्टडी में ले लिया। बताया गया कि रविवार शाम को की गई औचक छापामारी में सदर थाना क्षेत्र से दो अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त किए गए। इस मामले पर सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने कहा कि अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध छापामारी अभियान को खनन विभाग ने तेज कर दिया है। उन्होंने बताया कि एनजीटी लागू होने के बाद स्थानीय विभिन्न नदियों के घाटों से बालू के उत्खनन और परिवहन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा है। बावजूद, तस्कर बालू की तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। बताया कि रविवार को कुडू के टाटी मोड़ के निकट सुबह की गई औचक छापामारी में दो अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर को जब्त किया गया। अवैध बालू तस्करी में रेकी कर रहे दो तस्करों को खदेड़कर गिरफ्त में लिया गया।

## ढोल, नगाड़े, शंख, घंट और माता के जयकारे से लोहरदगा का वातावरण गूंजायमान रहा

# केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने निकाली कलश शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को लोहरदगा केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की अगुवाई में पावरगंज देवी मंदिर से अपर बाजार ठाकुरबाड़ी तक भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ का कलश भी शामिल था। बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं भक्ति भाव के साथ शोभायात्रा में शामिल हुईं। भगवा वस्त्र पहने भक्त हाथ में भगवा ध्वज लहराते हुए मां का जयकारा लगा रहे थे। ढोल, नगाड़े, शंख, घंट और माता के जयकारे से वातावरण गूंजायमान हो रहा था।



सोमवार बाजार बड़ा तालाब, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार होते हुए ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुंचे। जगह-जगह पर श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा और कलश का पूजन किया व पुष्प वर्षा की गई। कलश रथ को आकर्षक रूप से फूलों से सजाया गया था। आगे सुसज्जित घोड़ा चल रहा था, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। कलश ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुंच कर नवाह्न परायण पाठ स्थल पर स्थापित किया गया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण हुआ। शोभायात्रा में विभिन्न धार्मिक संगठन के लोग शामिल थे। मौके पर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा ने कहा कि आज नवरात्रि का पहला दिन है। सभी भक्त मां शैलपुत्री की उपासना करेंगे और सभी भक्तजन नियम संयम से विजयादशमी तक पर्व को धूमधाम से मनाएंगे। हमें दुर्गा पूजा त्योहार में अनुशासन व संयम, समय का महत्व व विजय प्राप्ती की भी सीख मिलती है। जीवन के कार्यों की सफलता में मार्ग बतलाती है। सभी कार्यक्रम सभी भक्तों के सहयोग से संपन्न हो रहा है। महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने जिला प्रशासन, जिला पुलिस प्रशासन और सभी भक्तों का आभार प्रकट किया। सभी मिलकर इस उत्सव को भव्य व ऐतिहासिक बनाएंगे। शोभायात्रा में सैकड़ों भक्त शामिल हुए। इधर सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन की चौकसी भी रही। हर चौक चौराहे पर पुलिस के जवान मौजूद थे।

## कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू, मां शैलपुत्री की पूजा हुई

**लोहरदगा।** मां अंबे की आराधना का महापर्व नवरात्र कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हो गया। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में नवरात्र पाठ का आयोजन किया गया है। वहीं शहर के बौली बगीचा स्थित सिद्धपीठ मां दुर्गा मंदिर में रविवार से शारदीय नवरात्र शुरू हो गया। शहर में सबसे पहले दुर्गा पूजा प्रातः 4:00 बजे से इसी मंदिर में पिछले 20 वर्षो से की जा रही है। पीठ के प्रधान सेवक राजेंद्र पाठक ने बताया कि इस मंदिर में 20 वर्षों से पूजा करते-करते यह स्थान भक्तों के लिए एक सिद्ध पीठ हो गई है। साल के दो नवरात्र चैत्र और आश्विन यहां विशेष रूप से मनाया जाता है, जबकि गुप्त नवरात्र के कार्यक्रम भी यहां आयोजित किए जाते हैं। वर्ष में चार नवरात्र यहां किए जाते हैं, और सभी वर्षों के नवरात्र को मिला दें तो इस बार इस मंदिर में 800 वां



नवरात्र पूजन किया जा रहा है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। यहां पर सभी लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है। इस बार पूजा के लिए प्रसिद्ध यज्ञाचार्य एवं कथावाचक सदानंद रामानुज श्री वैष्णव जी महाराज भी यहां निवास करेंगे। मंदिर निर्माणकर्ता स्व. सोहर महतो के पुत्र राजेश महतो, मंदिर के ही पुजारी राजेंद्र पाठक, मुन्ना साहु, प्रदीप महतो, सुरज कुमार, हर्ष राज, तेजु साहु आदि ने सहयोग प्रदान किया।

## सेन्हा में कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र पूजन शुरू

### सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस सहित मेडिकल कर्मी रहे मुस्तैद



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना के साथ झखरा ग्राम के अलावे पूरे प्रखंड क्षेत्र में कलश यात्रा के पश्चात शारदीय नवरात्र पूजा अर्चना आरंभ हुआ। वहीं कलश यात्रा के दौरान झखरा ग्राम के अलावे बुटी पंचायत के विभिन्न गांवों से श्रद्धालु कुमारी कन्या व मताओं ने भाग लिया। कलश यात्रा दुर्गा पूजा पंडाल से आरंभ हुई, जो चमडू नदी से विधिवत पुरोहित प्रेम कुमार मिश्रा के मंत्रोच्चारण के साथ कन्याओं द्वारा जल उठा कर मंदिर प्रांगण तक लाया गया। इस दौरान मां दुर्गा, माता अंबे, मां शेरावाली के जयघोष से क्षेत्र गूंजायमान रहा। कलश यात्रा में 301 कन्याओं व महिलाओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला। कलश यात्रा के दौरान आयोजन कमेटी के अलावे थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल एवं मोटरसाइकिल दस्ता जगह जगह पर मुस्तैद था। वहीं मेडिकल टीम भी अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार थी। कलश यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष राजेश जयसवाल, उपाध्यक्ष सीताराम बैठा, सचिव विनोद, उपसचिव संदीप जयसवाल, कोषध्यक्ष रवि उरांव, मुख्य संरक्षक विकास जयसवाल, संरक्षक महावीर जयसवाल आदि शामिल थे।

## लोहरदगा में जोर-शोर से चल रही हैं दुर्गा पूजा की तैयारी

**लोहरदगा।** शारदीय नवरात्र शुरू हो गया हैं। इस अवसर पर जगह-जगह दुर्गा पूजा के लिए पंडाल सजाए जाते हैं, जहां मां की विशाल प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजन किया जाता है। वहीं, कुछ लोग घरों में मां की प्रतिमा स्थापित करते हैं और फिर नवमी और दशमी पर उन्हें विदाई देते हैं। छोटी-बड़ी और अलग-अलग रूप-रंग में मां की हजारों प्रतिमाएं इन दिनों कारीगर बना रहे हैं। शेरोंवाली मां शेर पर सवारी करते हुए ही विराजी जाती हैं। ऐसे में उनके प्रिय वाहन की सजावट में किसी प्रकार की कोई कमी न रह जाए। इसके लिए लोहरदगा में हर साल पूरे मनोयोग से स्थानीय व बाहरी कलाकार ऐसे ही मां दुर्गा और उनके वाहन की प्रतिमा सजाते हैं। एक मां जितने प्यार से अपने बच्चे की परवरिश करती है, उतने ही प्यार से ये कलाकार मां मूरत में रंग भरते हैं। वही पंडाल सज्जा को लेकर भी तैयारियां शुरू हो गई है। लोहरदगा के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पंडाल निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। जगह जगह कारीगर आकर्षक पंडाल निर्माण के लिए दिन रात मेहनत कर रहे है।

## भंडरा में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र का हुआ शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

शाश्वत वैदिक मंत्रोच्चार, माता रानी के जयकारे व भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ रविवार को शारदीय नवरात्र महोत्सव का आगाज हो गया। शक्ति की देवी मां अम्बे की आराधना का महापर्व नवरात्र भव्य कलश स्थापना के साथ भंडरा प्रखंड क्षेत्र में नवरात्र पाठ शुरू हुआ। नवरात्र के शुरू होते ही प्रखंड क्षेत्र में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना में भक्त जुट गए। भंडरा प्रखंड के भंडरा, चट्टी, भौंरो व बेदाल गांव में रविवार को कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

सिद्धि दायनी दुर्गा मंदिर निर्माण पूजा समिति के 101 सदस्य के साथ नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति से 51 महिलाओं ने भौंरो नदी से विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद पवित्र जल कलश में भरकर पुनः पूजा स्थल पर पहुंची, जहां पूर्व से मौजूद पंडितों ने कलश की विधिवत पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना के साथ नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व बच्चियों का



उत्साह देखते ही बन रहा था। कलश यात्रा में मां दुर्गा के उद्घोष से पूरा क्षेत्र मां दुर्गा के पूजा आराधना में लीन लग रहा था। कलश स्थापना के बाद युवा नव निर्माण दुर्गा पूजा समिति द्वारा भक्तों के बीच शर्बत, चना-गुड़ व केला का वितरण किया गया। इधर चट्टी, बेदाल व भौंरों में भी विधिवत कलश स्थापना के साथ ही नवरात्र पाठ शुरू कर दिया गया। कलश यात्रा मे थाना प्रभारी गौतम कुमार, राधा मोहन शर्मा, देवेंद्र साहू, आकाश यादव, श्रीकांत गुप्ता, पंडित कमलेश शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

### कुडू में कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू

**कुडू।** प्रखंड क्षेत्र के कई मंदिरों में एवं कई पूजा पंडालों में देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री का पूजन विधिवत किया गया। इस मौके पर कलश स्थापना कर माता का पूजन किया गया। मंदिरों को एवं पूजा पंडालों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। बड़की चापि पंचायत में अवस्थित दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू किया गया। पुरोहित ने बताया कि बड़की चाँपि दुर्गा मंदिर की स्थापना सन 1932 में हुई।

## शांतिपूर्ण व सौहार्द माहौल के लिए निकाला फ्लैग मार्च



**कैरो।** दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण एवं सौहार्द माहौल में मनाने के लिए रविवार को कैरो थाना पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। सीओ कमलेश उरांव, थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, एसआई ऋषिकांत कुमार शर्मा, संतोष कुमार, एएसआई संजय कुमार राय व पुलिस बल के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। दुर्गा पूजा में किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसको लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। पूजा के दौरान कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी फैलाने का कोशिश करेगा तो बख्शा नहीं जाएगा, उसपर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शांति बनाए रखें, अगर कोई अप्रिय स्थिति सामने आती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस आम लोगों की सुरक्षा में सदैव तत्पर है।

## चैनपुर दुर्गा मंदिर में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र की शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**

चैनपुर और आस पास के क्षेत्रों में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र रविवार से आरंभ हो गया। चैनपुर दुर्गा मंदिर परिसर से पुरोहित विश्वनाथ पाठक के वैदिक मंत्रोचार एवं गाजे बाजे के साथ के साथ कलश यात्रा निकाला गई। कलश यात्रा सुबह 8 बजे निकाली गई। इसमें माताएं और बहनें अपने सर पर 201 कलश रख कर चल रही थीं। सफी नदी से जल लेकर कलश यात्रा पुनः मंदिर पर आकर समाप्त हो गई। नवरात्र के पहले दिन विभिन्न पूजा स्थलों और घरों में शक्ति के अराधकों ने शारदीय



नवरात्र कलश की स्थापना की और श्री दुर्गा सप्तशति का पाठ आरंभ किया। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। इधर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज साहू ने समस्त ग्राम वासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दी।

## 'न जन्म दर घटा, न मृत्यु दर बढ़ा, फिर कैसे कम हुई आदिवासियों की आबादी'

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**



प्रखंड के मालम नावाटोली चर्च मैदान में रविवार को एकदिवसीय आदिवासी सांस्कृतिक नाच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि गुमला विधायक भूषण तिर्की ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि किस तरह आदिवासी समाज सिंधु घाटी से होते हुए रोहतासगढ़ झारखंड आए तथा पूरे भारतवर्ष में फैल गया। आज आदिवासी समाज की आबादी पूरे देश में 18 करोड़ है। वहीं झारखंड में जब देश आजाद हुआ तो हम लोग 30 प्रतिशत से अधिक थे लेकिन आज वर्तमान समय में आदिवासी समाज की जनसंख्या घटकर 26 प्रतिशत हो गई है, जबकि हम लोगों का जन्म दर घटा नहीं और मृत्यु दर बढ़ा नहीं फिर भी हमारी आबादी कम कैसे हो गई यह चिंता का विषय है। देश को स्वतंत्र हुए 70 साल से ज्यादा हो गए। झारखंड राज्य अलग हुए 20 साल हो गए। देश एवं राज्य में बहुत सारी सरकार आई एवं चली गई लेकिन एक आदिवासी का बेटा हेमंत सोरेन ने बड़े-बड़े ऐतिहासिक एवं साहसिक फैसले लिए जो इतिहास में सुनहरे शब्दों में लिखा जाएगा। 1932 खतियान का मामला हो या मॉब लिंचिंग का प्रस्ताव लाकर कानून बनाने का मामला हो या फिर फील्ड फायरिंग रेंज की अवधि विस्तार देने से रोक लगाने का फैसला। यह सब साहस भरा कदम दिशोम गुरु शिबू सोरेन का शेर बेटा हेमंत सोरेन ही उठा सकता है। आज झारखंड राज्य का करोड़ों रुपया बकाया राशि केंद्र सरकार के पास है जिसे रोक कर रखा गया है। तथा पूरे भारत वर्ष में एक अकेला आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन है जिसे केंद्र की भाजपा सरकार केंद्रीय जांच एजेंसी के माध्यम से प्रताड़ित करने का काम कर रही है जिसे झारखंड की जनता कभी सफल नहीं होने देगी। आज बाबूलाल मरांडी भाजपा में घूम रहा है। जो कल तक कहा करता था कि कुतुब मीनार में चढ़कर कूद जाऊंगा मगर भाजपा में नहीं जाऊंगा। आज यह लोग आदिवासियों के मान सम्मान की बात कर रहे हैं। जब मणिपुर में आदिवासी लड़की एवं महिलाओं को नंगा कर घुमाया जा रहा था तब यह लोग कहां थे। बीजेपी शासित राज्य मध्य प्रदेश में आदिवासि के मुंह पर पेशाब भाजपा के लोगों द्वारा किया जा रहा था तब यह लोग कहां थे। आदिवासी समाज ऐसे दल बदलू नेताओं की पहचान कर चुका है। इसी कारण उनकी सभाओं में जानता नहीं पहुंच रही है और ना कार्यकर्ता दिखाई दे रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव आरिफ अंसारी, केंद्रीय सदस्य रंजीत सिंह सरदार, जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज, नुरुल होदा, संजय सिंह, लड्डुन खान, नोवेल लकड़ा, समसुद्दीन अंसारी, चारलेश मिंज, जॉनी कुजूर, दिलीप कुजूर, भइया राम, सफीक खान, तसलीम आदि लोग उपस्थित थे।

## कार्यक्रम: जय अग्रोहा, जय अग्रसेन, महाराजा अग्रसेन की जय के नारों से गूंजता रहा शहर

# लोहरदगा में धूमधाम से निकली भगवान अग्रसेन की शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला समिति व अग्रवाल यूथ सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को अग्रसेन जयंती की सुबह स्थानीय अग्रसेन धर्मशाला परिसर से महाराजाधिराज भगवान अग्रसेन की धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। सुसज्जित रथ में विराजमान महाराजा अग्रसेन की सुंदर झांकी के साथ निकली शोभायात्रा की आगे चलने वाली अग्र समाज के 18 गोत्र के प्रतीक स्वरूप पताका लहराते हुए शोभायात्रा की शोभा और भी बढ़ा रही थी।

अग्र समाज के संस्थापक अग्रसेन महाराज की 5147वीं जयंती को लेकर सुबह से ही अग्रसेन भवन में गहमागहमी का माहौल था। सुबह से ही अग्रवाल समाज के लोगों का यहां पहुंचना शुरू हो गया



था। शोभायात्रा के साथ ही वाहनों पर महाराज अग्रसेन के भजन बजते रहे। इनकी धुन से शहर गूंजता रहा। अग्रसेन भवन परिसर में सबसे पहले झंडोत्तोलन कर इसकी शुरुआत किया गया। इसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गई। महाराजा अग्रसेन की शोभा यात्रा अग्रसेन भवन से शुरू होकर राणा चौक, तिवारी दुरा, हटिया गार्डन, तेतरतर चंद्रशेखर आजाद चौक, गुदरी बाजार, अपर बाजार, महावीर चौक, ईस्ट गोला रोड, बरवाटोली, मिशन चौक होते हुए पुन अग्रसेन भवन पहुंची। शोभा यात्रा के दौरान अग्रवाल सभा की महिलाएं, पुरुष, युवाओं, युवतियों और बच्चों ने महाराजा अग्रसेन पर आधारित कई नारे लगाएं। महाराजा अग्रसेन की जय, कुलदेवी माता महालक्ष्मी की जय, एक रुपया एक ईंट, अग्रवाल समाज अमर रहे, जय अग्रोहा जय अग्रसेन, भारत का सपूत कैसा हो, महाराजा अग्रसेन जैसा हो इत्यादि नारे लगाए। हाथों में तलवार लिए महिलाएं व युवतियां शोभायात्रा के आगे आगे चल रही थीं। इधर अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ महाआरती की गई और प्रसाद का वितरण किया गया। शोभा यात्रा की अगुवाई अग्रवाल सभा के वरिष्ठ लोग कर रहे थे। इस मौके पर चंद्रशेखर अग्रवाल, प्रोफेसर परमानंद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अजय मित्तल, अनिल अग्रवाल, शशिधर अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, संजय कुमार, अनिशा मित्तल, भावना कुमारी, सोनाली अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, संगीता मित्तल, अनीता देवी, राखी अग्रवाल, नंदन कुमार, निखिल गर्ग, राहुल अग्रवाल, कुमार निरव, शैलेश कुमार, अभय अग्रवाल, रवि कुमार, शंकर अग्रवाल, रोहित कुमार, हेमंत अग्रवाल, मुस्कान मित्तल, अश्मित दीप, राहुल कौशल, कमल अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, आरती गोयल, सोनाली अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, हर्ष मित्तल, आंनद गोयल, आशीष गोयल, छाया मित्तल, तान्या गोयल, अंशु मित्तल, बुलबुल अग्रवाल, आस्था सिंघल, यश सिंघल, खुसबू अग्रवाल, राखी अग्रवाल, कंचन सिंघल, सुनीता देवी, नीति भारतीय, रवि कुमार, विक्की कुमार, छोटू कुमार, रमेश अग्रवाल आदि शामिल थे।

## गागर में सागर

### बैंकों का सबसे ज्यादा फंसा हुआ कर्ज बकाया



**नई दिल्ली।** नॉन परफॉर्मिंग एसेट एक ऐसा लोन या एडवांस है, जिसके लिए मूलधन या ब्याज का भुगतान 90 दिनों की अवधि के लिए ओभरड्यू रहता है। इसमें एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा और पीएनबी जैसे उच्च एनपीए वाले बैंक हैं। ट्रेंडलाइन पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पंजाब नेशनल बैंक का नेट एनपीए मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 1.98 फीसदी है, जो पीएसयू बैंकों के बीच सबसे ज्यादा है। पीई रेशियो स्टॉक 18.8 है। पीएनबी का मार्केट कैप 82,802 करोड़ रुपये है। पंजाब एंड सिंध बैंक का नेट एनपीए वित्त वर्ष के पहली तिमाही में 1.95 फीसदी है। वहीं इस स्टॉक का पीई रेशियो 23.2 है। इसका मार्केट कैप 29,246 करोड़ रुपये है। बैंक ऑफ इंडिया का कुल एनपीए इस अवधि के दौरान 1.65 फीसदी है। इस स्टॉक का पीई रेशियो 9.25 है और मार्केट कैप 43,867 करोड़ है। यूनियन बैंक का नेट एनपीए रेशियो वित्त वर्ष 2024 के जून तिमाही में 1.58 फीसदी है। पीई रेशियो 7.5 है और मार्केट कैप 76,274 करोड़ है। इंडियन ओवरसीज बैंक का नेट एनपीए कुल एनपीए में से द1ऋ24 के दौरान 1.44 फीसदी है। वहीं इस स्टॉक का पीई रेशियो 36.9 है और मार्केट कैप 81,753 करोड़ रुपये है। बैंक ऑफ बड़ौदा का नेट एनपीए वित्त वर्ष 2024 के जून तिमाही के लिए 0.78 फीसदी रहा है। पीई रेशियो 6, जबकि मार्केट कैप 1,05,237 करोड़ रुपये है। एसबीआई का नेट एनपीए वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 0.71 फीसदी है और स्टॉक का पीई रेशियो 7.69 है। एसबीआई का मार्केट कैप 5,14,191 करोड़ रुपये है।

### निर्यातकों की उसना चावल पर निश्चित 80 डॉलर प्रति टन का निर्यात शुल्क लगाने की मांग



**कोलकाता।** चावल निर्यातकों ने व्यापार को सुचारू बनाने के लिए केंद्र से उसना चावल के लिए मौजूदा 20 प्रतिशत शुल्क के बजाय एक निश्चित 80 डॉलर प्रति टन का निर्यात शुल्क लगाने का अनुरोध किया है। चावल निर्यातकों के शीर्ष निकाय के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय चावल निर्यातक संघ (आईआरईएफ) ने सरकार से सफेद चावल पर जुलाई में लगाए गए निर्यात प्रतिबंध पर पुनर्विचार करने और निर्यात मात्रा और किसानों दोनों पर नकारात्मक प्रभाव को रोकने के लिए बासमती चावल के न्यूनतम निर्यात मूल्य को घटाकर 850 डॉलर प्रति टन करने का भी आग्रह किया है। सरकार ने उसना चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क अगले साल 24 मार्च तक बढ़ा दिया था। आईआरईएफ के अध्यक्ष प्रेम गर्ग ने बताया, ह्लहम सरकार से 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क के स्थान पर 80 डॉलर प्रति टन का निश्चित निर्यात शुल्क लगाने का अनुरोध करते हैं। इससे चावल व्यापार में अस्पष्टता और बिलिंग संबंधी समस्याएं खत्म हो जाएंगी।ह्व उन्होंने कहा कि संघ सफेद चावल पर लगे प्रतिबंध पर पुनर्विचार के लिए सरकार से बातचीत चाहता है।

### आईडीबीआई बैंक के पास 11,520 करोड़ रुपए की विलंबित कर परिसंपत्तियां

**नई दिल्ली।** सरकार ने आईडीबीआई बैंक के संभावित परिसंपत्ति मूल्यांककों को बताया है कि बैंक के पास 11,520 करोड़ रुपए की विलंबित कर परिसंपत्तियां हैं। इसके अलावा मुंबई, पुणे और चेन्नई सहित विभिन्न शहरों में उसकी 129 संपत्तियां भी हैं। किसी इकाई की विलंबित कर परिसंपत्ति भविष्य में उसकी कर योग्य आय को कम कर देती है। इसका अर्थ है कि उसने करों का अधिक भुगतान कर दिया है और यह राशि बाद में कर राहत के रूप में व्यवसाय को वापस कर दी जाएगी। आईडीबीआई बैंक के संभावित परिसंपत्ति मूल्यांककों के सवालों के जवाब में निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने कहा कि बैंक की मुंबई में 68, पुणे में 20, चेन्नई में नौ और अहमदाबाद में सात संपत्तियां हैं। इसके अलावा कोलकाता में छह और दिल्ली तथा हैदराबाद में पांच-पांच संपत्तियां हैं। दीपम ने कहा, आईडीबीआई बैंक के बही-खाते में अमूर्त संपत्ति में मुख्य रूप से लगभग 11,520 करोड़ रुपए की विलंबित कर परिसंपत्तियां हैं।" दीपम ने आगे कहा कि परिसंपत्ति मूल्यांककों को ब्रांड नाम और शाखा नेटवर्क का मूल्यांकन भी करना चाहिए, जो उसके बही-खातों पर नहीं दिखती हैं।

### वित्त मंत्री ने कहा- देश की पूंजी को बढ़ाने में सभी हितकारों की जिम्मेदारी है

# विकास के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्राइवेट सेक्टर को मदद करनी चाहिए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्राइवेट सेक्टर से बड़ी अपील की है। उन्होंने कहा है कि सतत विकास के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्राइवेट सेक्टर को मदद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार और एजेंसियों की ओर से प्रयास किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने इसमें प्राइवेट सेक्टर को भी शामिल होने के लिए अपील किया है। उन्होंने कहा कि परोपकार के तौर पर दी गई पूंजी भी लागत, जोखिम को कम करने और निजी पूंजी को जुटाने में मदद करेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस कोशिश में भाग लेना और योगदान देना सभी हितकारों की जिम्मेदारी है। वित्त मंत्री ने ये बातें मोरक्को में एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, जो कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की ओर से किया गया था। निर्मला सीतारमण इन दिनों मोरक्को के दौरे पर हैं, जहां उन्हें जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों की चौथी बैठक में भाग लेना था। इसके साथ ही वर्ल्ड बैंक और इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड की बैठक भी मोरक्को में होना है। इस बैठक में भी वित्त मंत्री भाग लेना है। मोरक्को में बैठक के दौरान निर्मला सीतारमण ने कहा कि मैं प्राइवेट सेक्टर को आगे आने और इसे ग्लोबल लक्ष्य को आगे बढ़ाने में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रही हूं। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र के देशों ने 2015 में 17 लक्ष्यों को अपनाया था। इसमें गरीबी, भूखमरी से मुक्ति से लेकर शहरों के विकास और तमाम ग्लोबल चुनौतियों से समाधान के लिए कदम उठाने का जिक्र शामिल है। यह लक्ष्य 2030 तक पूरा करने के लिए रखा गया है। सीतारमण का यह बयान इस समय और भी अहम हो जाता है, क्योंकि सतत विकास जैसे ग्लोबल मुद्दों के लिए पैसा दिए जाने की प्रक्रिया सवालों के घेरे में है। इन तरीको में बदलाव के लिए वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ जैसी ग्लोबल एजेंसिया दबाव बना रही हैं।



**मैं प्राइवेट सेक्टर को आगे आने और इसे ग्लोबल लक्ष्य को आगे बढ़ाने में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रही हूं**

### आरबीआई गवर्नर का दुनिया में बजा डंका

# शानदार परफॉर्मेंस के लिए मोरक्को में हुए सम्मानित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (फ्इक) के गवर्नर शक्तिकांत दास को एक बड़ा सम्मान मिला है। दास को शनिवार को मोरक्को के माराकेश शहर में ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर काड्र्स 2023 में 'अ+' रैंक से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों को यह सम्मान उनकी बेहतर परफॉर्मेंस के लिए दिया जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने एक्स पर यह जानकारी दी है। ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन दुनिया के सेंट्रल बैंकर्स की रिपोर्ट तैयार करती है। यह रिपोर्ट अ से लेकर ऋग्रेड तक तैयार की जाती है। यह ग्रेड एक्सीलेंस परफॉर्मेंस से लेकर असफलता तक होती है। अ+ रैंक मिलने का अर्थ शानदार परफॉर्मेंस के लिए सम्मान दिया जाना है। वहीं, ऋ ग्रेड असफलता को दशार्ती है। ए से लेकर एफ तक की ये ग्रेड्स महंगाई कंट्रोल करने, अर्थव्यवस्था विकास लक्ष्य, करेंसी स्टेबिलिटी और ब्याज दर मैनेजमेंट के आधार पर दी जाती हैं। शक्तिकांत दास के साथ ही दो अन्य केंद्रीय बैंकरों- स्विट्जरलैंड के थॉमस जे. जॉर्डन और वियतनाम के गुयेन थी होंग को भी ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड 2023 में 'A+' ग्रेड मिली है। इस सम्मान की घोषणा सितंबर महीने में ही हो गई थी। सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड साल 1994 से सालाना आधार पर ग्लोबल फाइनेंस द्वारा जारी किया गया है। यह रिपोर्ट 101 खास क्षेत्रों और देशों में सेंट्रल बैंक्स के लीडर्स का आकलन करता है व उन्हें ग्रेड प्रदान करता है। इसमें यूरोपीय संघ, पूर्वी कैरेबियाई सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ सेंट्रल अफ्रीकन स्टेट्स और सेंट्रल बैंक ऑफ वेस्ट अफ्रीकन स्टेट्स जैसी संस्थाएं शामिल हैं।




### हर साल नया आईफोन क्यों लॉन्च करती है एप्पल?

# उन लोगों के लिए होता है जो नई टेक्नोलॉजी को यूज करना चाहते हैं : कुक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नॉन परफॉर्मिंग एसेट एक ऐसा लोन या एडवांस है, जिसके लिए मूलधन या ब्याज का भुगतान 90 दिनों की अवधि के लिए ओभरड्यू रहता है। इसमें एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा और पीएनबी जैसे उच्च एनपीए वाले बैंक हैं। ट्रेंडलाइन पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पंजाब नेशनल बैंक का नेट एनपीए मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 1.98 फीसदी है, जो पीएसयू बैंकों के बीच सबसे ज्यादा है। पीई रेशियो स्टॉक 18.8 है। पीएनबी का मार्केट कैप 82,802 करोड़ रुपये है। पंजाब एंड सिंध बैंक का नेट एनपीए वित्त वर्ष के पहली तिमाही में 1.95 फीसदी है। वहीं इस स्टॉक का पीई रेशियो 23.2 है। इसका मार्केट कैप 29,246 करोड़ रुपये है। बैंक ऑफ इंडिया का कुल एनपीए इस अवधि के दौरान 1.65 फीसदी है। इस स्टॉक का पीई रेशियो 9.25 है और मार्केट कैप 43,867 करोड़ है। यूनियन बैंक का नेट एनपीए रेशियो वित्त वर्ष 2024 के जून तिमाही में 1.58 फीसदी है। पीई रेशियो 7.5 है और मार्केट कैप 76,274 करोड़ है। इंडियन ओवरसीज बैंक का नेट एनपीए कुल एनपीए में से Q1F 24 के दौरान 1.44 फीसदी है। वहीं इस स्टॉक का पीई रेशियो 36.9 है और मार्केट कैप 81,753 करोड़ रुपये है। बैंक ऑफ बड़ौदा का नेट एनपीए वित्त वर्ष 2024 के जून तिमाही के लिए 0.78 फीसदी रहा है। पीई रेशियो 6, जबकि मार्केट कैप 1,05,237 करोड़ रुपये है। एसबीआई का नेट एनपीए वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 0.71 फीसदी है और स्टॉक का पीई रेशियो 7.69 है। एसबीआई का मार्केट कैप 5,14,191 करोड़ रुपये है।



### उबलने लगा कच्चा तेल देखते-देखते आई तेजी

**नई दिल्ली।** इजरायल और हमास के बीच एक सप्ताह से ज्यादा समय से युद्ध चल रहा है। हाल-फिलहाल में युद्ध समाप्त होने का कोई ठोस संकेत भी नहीं दिख रहा है। इस बीच पश्चिम एशिया में छिड़ी जंग का असर अब दुनिया भर में पसरने लगा है। भारत भी असर से अछूता नहीं रह सकता है। युद्ध के चलते कच्चे तेल में आई उबाल अब भारत के लिए चिंता की बात बन रही है। भारत पर युद्ध का असर किस तरह से हो सकता है, उसका अंदेशा खुद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जाहिर कर चुकी हैं। अभी जी20 के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीतारमण ने अपनी चिंताएं जाहिर कीं। उन्होंने साफ-साफ कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे मौजूदा संकट ने एक बार फिर से ईंधन की कीमतों को लेकर चिंताओं को उभार दिया है। उन्होंने कहा कि कई देश ईंधन की कीमतों के बढ़ने की आशंका से परेशान हैं। वित्त मंत्री की चिंताएं अनायास नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार के भाव बता रहे हैं कि अब वाकई में चिंतित होने की जरूरत है।

# इंडियन बायोगैस एसो. को 2,755 करोड़ रुपए के निवेश की मिलीं प्रतिबद्धताएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हाल ही में आयोजित रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो-2023 के दौरान उद्योग संगठन इंडियन बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) को नए निवेश की कुल 2,755 करोड़ रुपए की प्रतिबद्धताएं मिली हैं। आईबीए के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा, ह्यह्यजैव ऊर्जा संयंत्रों के परिचालकों, विनिमार्ताओं और योजनाकारों के इंडियन बायोगैस एसोसिएशन को इस एक्सपो के दौरान कुल 2,755 करोड़ रुपए के निवेश की प्रतिबद्धताएं मिली हैं। रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया (आरईए) का आयोजन चार से छह अक्टूबर के दौरान ग्रेटर नोएडा में किया गया था। इस दौरान एसोसिएशन ने कई संयुक्त उद्यम (जेवी) समझौते किए। इसके अलावा उसने कुछ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए और उसे आशय पत्र (एलओआई) भी मिले। केडिया ने बताया कि उद्योग जगत ने जो वादा किया है उसके तीन साल में पूरा होने की उम्मीद है। केडिया ने बताया कि जर्मनी, स्वीडन और इटली जैसे विभिन्न देशों की कंपनियों ने इसमें भारी रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा, ह्यह्यहमने 1,000 करोड़ रुपए से अधिक के संयुक्त उद्यम समझौते किए। इसके अलावा हमें देश में कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्रों की स्थापना के लिए 54 और एलओआई मिल सकते हैं। आईबीए भारत में बायोगैस संयंत्र के परिचालकों, विनिमार्ताओं और योजनाकारों का पहला राष्ट्रीय स्तर का पेशेवर बायोगैस संघ है। एसोसिएशन की स्थापना 2011 में हुई थी और बायोगैस के माध्यम से हरित भविष्य को बढ़ावा देने के लिए 2015 में इसे नया रूप दिया गया।



## विदेश

### कनाडा को भारत संग विवाद पड़ रहा भारी

# पीएम ट्रूडो के बाद एनडीपी नेता जगमीत की लोकप्रियता में भी आई भारी गिरावट

**एजेंसी। वाशिंगटन**

खालिस्तानी अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की मौत के मामले में भारत पर आरोप लगाना ट्रूडो सरकार और उनके समर्थक दलों पर भारी पड़ रहा है। निज्जर मामले में भारत-कनाडा विवाद का असर प्रत्यक्ष रूप से कनाडा की राजनीति में दिखने लगा है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि भारत की खुफिया एजेंसियों ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की है। इस बयान के बाद भारत न सिर्फ कनाडा के खालिस्तान समर्थक आतंकी संगठनों की कड़ी निगरानी कर रहा है, बल्कि आतंकियों को प्रोत्साहित करने वाले ठ्ठ्ढ नेता जगमीत सिंह की भूमिका पर पैनी नजर रखे हुए है। भारत के साथ निज्जर विवाद के चलते कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो और नेशनल डेमोक्रैटिक पार्टी (एनडीपी) के नेता जगजीत सिंह की लोकप्रियता लगातार गिर रही है। जगमीत सिंह की लोकप्रियता पांच साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है, जो उनके लिए एक बड़ा झटका है। उन्हें अपनी ही पार्टी में भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसका सबूत है कि ओटावा में एनडीपी सम्मेलन के दूसरे दिन बेशक जगमीत सिंह अपनी नेतृत्व समीक्षा से बच गए लेकिन प्रतिनिधियों के मतदान ने साबित कर दिया कि उनका पार्टी से समर्थन घट रहा है। सम्मेलन में सिंह के मुख्य भाषण के बाद 81 प्रतिशत प्रतिनिधियों ने उनके पक्ष में मतदान किया। जबकि 2021 में सिंह को 87 प्रतिशत प्रतिनिधियों का समर्थन मिला और 2018 में उन्हें लगभग 91 प्रतिशत समर्थन मिला था।



# अमेरिका में डॉ. आंबेडकर की सबसे ऊंची प्रतिमा का अनावरण



**एजेंसी। वाशिंगटन**

भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार डॉ. बी आर आंबेडकर की भारत के बाहर सबसे बड़ी प्रतिमा का यहां अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन के मैरीलैंड उपनगर में औपचारिक रूप से अनावरण किया गया। भारत एवं अन्य देशों से पहुंचे लोगों और अमेरिका के विभिन्न हिस्सों से आए 500 से अधिक भारतीय-अमेरिकियों की मौजूदगी में जय भीम' के नारों के बीच 19 फुट ऊंचे स्टैच्यू ऑफ इक्वैलिटी' (समानता की प्रतिमा) का अनावरण किया गया। भारी बारिश और बूंदाबादी के बावजूद लोगों ने पूरे उत्साह एवं ऊर्जा के साथ इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यह प्रतिमा प्रसिद्ध कलाकार और मूर्तिकार राम सुतार ने बनाई है। सुतार ने ही सरदार पटेल की प्रतिमा भी बनाई थी, जिसे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' कहा जाता है।

### भूकंप के झटकों से फिर दहला पश्चिमी अफगानिस्तान

**काबुल।** पश्चिमी अफगानिस्तान में रविवार को 6.3 तीव्रता के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इससे करीब एक सप्ताह पहले ही अफगानिस्तान के इसी क्षेत्र में तेज भूकंप और भूकंप बाद के झटकों के कारण हजारों लोगों की मौत हो गई थी और पूरे के पूरे गांव तबाह हो गए थे। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि हाल में आए भूकंप का केंद्र प्रांतीय राजधानी हेरात से लगभग 34 किलोमीटर दूर और सतह से आठ किलोमीटर (पांच मील) गहराई में था। इस भूकंप में जान-माल के संभावित नुकसान को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। रात में सात अक्टूबर को आए भूकंप के कारण पूरे के पूरे गांव तबाह हो गए थे। यह देश के हालिया इतिहास में आए सबसे विनाशकारी भूकंप में से एक था। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने विगत बृहस्पतिवार को बताया था कि इस भूकंप में मारे गए लोगों में 90 फीसदी से अधिक महिलाएं और बच्चे थे।

## विनाशकारी

### इजरायली स्ट्राइक में मारा गया हमास का टॉप कमांडर बिलाल

# 2300 से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत, 8,714 घायल

**एजेंसी। तेलअवीव**

हमास और इजराइल के बीच जारी मौजूदा संघर्ष में 2300 से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है और यह पांच गाजा युद्धों में से फिलिस्तीनियों के लिए सबसे घातक युद्ध बन गया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इस युद्ध में अब तक घायलों की संख्या 8,714 हो चुकी है। ये सभी गाजा में हुई इजरायली एयरस्ट्राइक में हताहत हुए हैं। मरने वालों में 700 बच्चे भी शामिल हैं। वेस्ट बैंक में अब तक 50 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है. इजरायल में मारे जाने वाले लोगों की संख्या 1300 है, जबकि 3400 लोग घायल हुए हैं । मौजूदा युद्ध लगभग एक सप्ताह पहले उस समय शुरू हुआ था, जब हमास के आतंकवादियों ने अचानक दक्षिणी इजराइल में हमला कर दिया था। इन हमलों में 1,300 से अधिक इजराइली मारे गए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हैं। इजराइल के लिए यह मिस्र और सीरिया के साथ 1973 में हुए युद्ध के बाद से अब तक का सबसे घातक युद्ध साबित हो रहा है। इजरायली सैनिकों ने शनिवार की देर रात दक्षिणी खान यूनिस बटालियन में नहबा बल के टॉप कमांडर बिलाल अल-कदरा को एयर स्ट्राइक में ढेर कर दिया। इसके साथ ही इस्लामिक जेहाद के हेडक्वॉर्टर को भी ध्वस्त कर दिया। इजरायल ने लड़ाकू विमानों से गाजा पट्टी पर एयर स्ट्राइक की इजरायली वायुसैनिकों ने लड़ाकू विमानों से गाजा पट्टी पर एयर स्ट्राइक की जिसमें बिलाल को मार गिराया। बिलाल ने इजरायल में किबुत्ज निरिम और निरओज इलाके में घरों में घुसकर लोगों की हत्या की थी। बिलाल हमास के साथ काम करने के अलावा कदरा फिलिस्तानी इस्लामिक जिहाद संगठन में अहम भूमिका निभा रहा था। इजराइली सेना के मुख्य सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हागारी ने शनिवार रात राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित एक संबोधन में निवासियों से दक्षिणी गाजा पट्टी इलाके में जाने के लिए एक नई अपील जारी की। उन्होंने कहा, हम जल्द ही गाजा शहर पर व्यापक हमला करने जा रहे हैं। उन्होंने हमास पर नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। इजराइल ने संभावित जमीनी हमले से पहले गाजा की लगभग आधी आबादी को उनके घर खाली करने का आदेश दिया है। गाजा पट्टी के चिकित्सा अधिकारियों ने कहा है कि इजराइल की संभावित कार्रवाई से पूर्व करीब 35,000 लोग शरण के लिए शहर के मुख्य अस्पताल के मैदान में एकत्र हो गए हैं।



### सऊदी अरब में अफगानी नागरिकों से 12 हजार नकली पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद

**इस्लामाबाद।** सऊदी अरब में अधिकारियों ने अफगानिस्तान के नागरिकों से नकली 12,000 पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद किए हैं। जियो न्यूज की रिपोर्ट की मुताबिक सऊदी अरब में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध प्रवासियों, विशेषकर अफगानों को फर्जी नागरिकता दस्तावेज जारी करने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। इसी दौरान अधिकारियों ने रियाद में पाकिस्तानी दूतावास को अफगान नागरिकों से बड़ी संख्या में पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद होने की सूचना दी। आव्रजन एवं पासपोर्ट निदेशालय के महानिदेशक मुस्तफा काजी और संघीय जांच एजेंसी ने इस संबंध में जांच शुरू की। फर्जी पासपोर्ट बनाने के मामले में मुख्य संदिग्ध उमर जावेद को आरोप में लाहौर में गिरफ्तार किया गया। जावेद की गिरफ्तारी पासपोर्ट निदेशालय के एक पूर्व अधिकारी और एक सेवारत ग्रेड-15 अधिकारी की गिरफ्तारी और जांच के बाद हुई।

### तीन घंटे में खाली करें गाजा

# इजरायल ने नागरिकों को जारी की चेतावनी



**एजेंसी। युरूशलम**

पोप फ्रांसिस ने गाजा में फंसे लोगों की मदद के लिए मानवीय गलियारे की मांग की है। इसके साथ ही हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के लिए अपनी अपील दोहराई है। पोप ने सेंट पीटर्स स्क्वायर में अपने संबोधन के दौरान कहा, मैं दृढ़ता से अनुरोध करता हूं कि बच्चे, बीमार, बुजुर्ग, महिलाएं और सभी नागरिक संघर्ष का शिकार न बनें। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ अपनी बैठक में, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कहा कि राज्य मौजूदा स्थिति को बढ़ने से रोकने और गाजा में घेराबंदी हटाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। सऊदी राज्य समाचार एजेंसी के अनुसार, सऊदी अरब स्थिरता की वापसी के लिए स्थितियां बनाने के लिएॠ प्रयास बढ़ा रहा है। इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा खाली कर रहे नागरिकों को तीन घंटे का समय दिया है। सेना ने कहा है कि इस रूट पर स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक, यानी तीन घंटे तक कोई ऑपरेशन नहीं चलाए जाएंगे। ये बिल्कुल सुरक्षित रूट है। इजरायली सेना ने अपने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, "इन चार घंटों को उत्तरी गाजा से दक्षिण गाजा की ओर जाने के लिए इस्तेमाल करें।

ज्ञान की बात
राष्ट्रीय नवीन मेल

किसी ने क्या खूब कहा है- ना खुशी खरीद पाता हूँ ना ही गम बेच पाता हूँ फिर भी मैं ना जाने क्यूँ हर रोज कमाने जाता हूं ।

– अज्ञात




# पर्व त्योहारों का मौसम

**पर्व** व त्योहारों की भूमिका हमारे जीवन में काफी महत्व रखते हैं। अब दशहरा पर्व की तैयारी चल रही है। दशहरा भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इसी दिन भगवान राम ने बुराई के प्रतीक दस सिर वाले राक्षस रावण का वध किया था। दूसरी तरफ देवताओं को हराकर स्वर्ग पर अधिकार करने वाले महिषासुर का दस दिन तक चले भयंकर युद्ध के बाद मां दुर्गा ने वध किया। यह शक्ति पूजा का पर्व है। ये त्योहार मनुष्य के जीवन में हर्षोल्लास से भर देते हैं। इन त्योहारों से जीवन की नीरसता समाप्त होती है। त्योहार के आगमन से पूर्व ही मनुष्य की उत्कंठा व उत्साह उसमें एक सकारात्मक व सुखद परिवर्तन लाना प्रारंभ कर देते हैं। यही हाल के दिनों में शुरू हो गया है। लेकिन त्योहारों में बहुत कुछ सावधानी बरतने की जरूरत है। मसलन यह पर्व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। ऐसी स्थिति में हम सब को अच्छा बनना है। यह संकल्प लेने की जरूरत है। लेकिन हाल के दिनों में देखा गया है कि पर्व और त्योहार सरदर्द बनते जा रहे हैं। दंगे व फसादों ने जन्म ले लिया है। यह दुखद है। यही कारण है कि शांति व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि राज्य में दुर्गा पूजा और आगामी अन्य पर्व-त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हों। कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई हिंसा और उपद्रव की घटना नहीं हो, इसे सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सुनिश्चित करें। इस क्रम में सारी प्रशासनिक तैयारियां समय पर हो जानी चाहिए। मुख्यमंत्री राज्य मंत्रालय में दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व समेत अन्य पर्व-त्योहारों के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर वरीय अधिकारियों एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ उच्चस्तरीय बैठक किये। उन्होंने सुरक्षा, साफ सफाई, स्वच्छता, बिजली-पानी, यातायात व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से जानकारी लेने के साथ उन्हें कई अहम निर्देश दिये। दुर्गा पूजा के दौरान संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता की जरूरत है। यह एक ऐसा मौका होता है जब अराजक तत्व सक्रिय होते हैं। विशेष कर पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी की व्यवस्था होनी चाहिए। महिलाओं के साथ छेड़खानी की घटनाएं नहीं हो, ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखने की जवाबदेही पुलिस के साथ समाज के प्रबुद्ध वर्गों की होती है। पर्व-त्योहारों के दौरान कई बार पावर कट की वजह से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है । ऐसे में सभी हाई मास्ट और स्ट्रीट लाइट्स दो दिनों के अंदर दुरुस्त करने की जरूरत है। बेहतर होगा कि इसके लिए जनरेटर की व्यवस्था भी रखी जाये। बड़े पूजा पंडालों और जुलूस विसर्जन मार्ग में सभी सीसीटीवी फंक्शनल होनी चाहिए ताकि यहां की गतिविधियों की सतत निगरानी हो सके। इसके साथ पूजा पंडालों में जवानों की 24 घंटे तैनाती रहनी चाहिए। विसर्जन जुलूस मार्ग में कहीं भी ईंट-पत्थर जमा नहीं रहना चाहिए। डिवाइडर में लगे लोहे के तार भी दुरुस्त कर लेनी चाहिए। विभिन्न पूजा समितियां को इको फ्रेंडली पूजा आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। पूजा के दौरान प्रदूषण नहीं हो, इसके लिए जागरूक करें।

**त्योहार के आगमन से पूर्व ही मनुष्य की उत्कंठा व उत्साह उसमें एक सकारात्मक व सुखद परिवर्तन लाना प्रारंभ कर देते हैं। यही हाल के दिनों में शुरू हो गया है। लेकिन त्योहारों में बहुत कुछ सावधानी बरतने की जरूरत है। मसलन यह पर्व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। ऐसी स्थिति में हम सब को अच्छा बनना है।**

# जातिगत जनगणना वामपंथियों का सुनियोजित षडयंत्र





राजेन्द्र तिवारी

**बात** बहुत गहराई की है, समझने की है कि देश में क्या-क्या षड्यंत्र चल रहे हैं। विषय है 'जातिगत जनगणना' का। कुछ लोग 'जातिगत जनगणना' की मांग का राग अलाप रहे हैं। यह समझना होगा कि वृहद हिंदू समाज के विरुद्ध वामपंथियों का यह सुनियोजित षड्यंत्र है और ताज्जुब तो यह है कि इस झांसे में कांग्रेस व अन्य राजनीति दल सत्ता की लालसा में अंधे हो चुके हैं। देखिये, बात को ऐसे समझते हैं, जब किसी बड़े परिवार में विघटन कराने की योजना कुछ ईष्यालु बनाते हैं तो परिवार के सदस्यों में फूट डालने के लिए छोटे, बड़े, ऊंचे, नीचे आदि के भेदभाव की बातें करने लगते हैं। उनमें ईर्ष्या और एक-दूसरे में भेदभाव का बीजारोपण करते हैं। उनमें आपस में लड़ाई कराने की कोशिश करते हैं, और यदि परिवार के सदस्य आपस में लड़ने झगड़ने लगें, तो विघटनकारी बड़े ही खुश होते हैं, फिर तमाशा देखते हैं, उस बड़े परिवार की खिल्ली उड़ाते हैं। बस यही षड्यंत्र वृहद हिंदू समाज के खिलाफ चल रहा है। ये चाहते हैं कि हिन्दुओं में विघटन, भेदभाव हो और आपस में लड़ें झगड़ें। क्या कभी यह सोचा है कि जातिगत जनगणना से हिन्दू समाज की सैकड़ों जातियों में संख्यात्मक भेदभाव और संख्या के आधार पर उनमें शक्तिशाली व कमजोर होने का भाव प्रकट होगा। अभी हम सब एक हैं, परंतु फिर सभी संख्या के आधार पर विघटित हो जायेंगे। अभी संकट आने पर सब साथ होते हैं, लेकिन तब सिर्फ जातिगत पुकार की जायेगी। जो संख्या में अल्प होंगे, उन्हें कमजोर माना जाने लगेगा और चुनावी राजनीति के चलते उन्हें अनदेखा किया जायेगा। देश में बहुत बड़ी साजिश राजनीतिक स्तर पर चल रही है। ओबीसी बनाम अन्य के बीच विघटन कराने का षड्यंत्र। इसके पीछे राजनीति और चुनाव है। इसकी शुरूआत हुई थी अनुसूचित जाति बनाम अन्य जातियों के बीच विघटन कराने से। समय बदला और फिर हम तीन में बंट गये। अनुसूचित जाति, ओबीसी और सामान्य जाति। इस पर भी जातिगत भेदभाव के चलते सभी मेलजोल के बने रहे। तो भी सियासती चालबाजों का दिल नहीं भरा, तो 'जातिगत जनगणना' कराने की मांग करने लगे। ब्राह्मण, बनिया व क्षत्रिय के अलावा भी तो सामान्य वर्ग में दर्जनों जातियां हैं, जो अनुसूचित जाति व ओबीसी के दायरे में नहीं हैं। यह समझ से परे है कि संख्या के आधार पर बांटने से आखिर फायदा क्या होगा? आवश्यकता तो जातिगत भेदभाव मिटाने की है, जबकि इसके विपरीत जातिगत कट्टरता की इमारत खड़ी की जा रही है। 'जातिगत जनगणना' सन 1931 में अंग्रेजों द्वारा इस उद्देश्य से कराई गई थी कि भारत के हिन्दू समाज को संख्या के आधार पर जातिगत चिह्नित करते हुए फूट डालो और राज करो' की नीति पर चलना है। भारत की स्वतंत्रता के पश्चात जब से प्रजातंत्र के आईने में चुनाव होना प्रारम्भ हुए, तभी से लगातार प्रत्येक चुनाव में जातियों को चिह्नित किया जाता रहा है। शनैः शनैः स्थिति ऐसी बन गई कि उनमें ईर्ष्या और वैमनस्यता के साथ भेदभाव आभासित कराया गया। जातिगत संख्या के आधार पर प्रत्याशियों को चुनाव में उतारने की परिपाटी बनी। और अब तो स्थिति यह है कि बड़ी बेशर्मी से समस्त चुनाव जातिगत बन गये हैं। विघटन की इस योजना और षड्यंत्र में कोई भी राजनीतिक दल 'दूध का धुला' नहीं है। सभी को सत्ता की मलाई चाहिए। देश के राजनीतिक दलों ने वोट-बैंक की खातिर जनता को जातिगत आधार पर विभाजित करने का काम किया है। स्वतंत्रता के सात दशक व्यतीत होने के बाद भी जाति-भेद में बढ़ोतरी हुई है, द्वेष एवं ईर्ष्या के साथ-साथ जातिगत वैमनस्यता का विकराल स्वरूप प्रकट होने लगा है। जब ये सत्ता लोलुप पदपिपासियों को जातिगत जहर के आधार पर 'फूट डालो और राज्य करो' का सूत्र सफल होता दिखा, तो विश्वनाथ प्रताप सिंह ने मंडल आयोग के आधार पर अगड़ा और पिछड़ा की राजनीति का बीज डाला। विषय बहुत गम्भीर है और इस पर यदि ध्यान नहीं दिया गया तो देश में जातिगत आधार पर झगड़े-फसाद होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता, बल्कि सच तो यह है कि अनेक जगह जातिगत झगड़े होने लगे हैं। जातिगत आधार पर क्षेत्र, गांव, मोहल्लों का विभाजन होने लगा है। उस पर भी जातिगत जनगणना करा कर गृह युद्ध जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है। इस की जड़ में जाने पर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि राजनीति का विकृत स्वरूप सत्ता सापेक्ष सोच ने जातिगत कट्टरता के साथ जनता को चिह्नित करते हुए फूट डालो और राज्य करो की नीति पर सियासती चालें चालीं जा रही हैं। मैं इस विषय से इनकार नहीं करता कि पिछड़े वर्ग को अपग्रेड किया जाना चाहिये, लेकिन प्रश्न तो यह है कि पिछड़ा कौन है? पिछड़ेपन की परिभाषा क्या है? पिछड़ा होने की कसौटी क्या है? बिडंबना तो यह है कि आर्थिक रूप से पीड़ित होना, सामाजिक स्तर पर तिरस्कृत होना, अशिक्षित होना, आदि अयोग्यताएं पिछड़ेपन की परिभाषा में समाहित नहीं हैं और ऐसी ही अयोग्यताओं से सामान्य जाति के भी जो लोग पीड़ित हैं, क्या उन्हें हम पिछड़े नहीं मानेंगे? देश के समक्ष समाज की एक तस्वीर यह भी है कि पिछड़ी व अनुसूचित जाति के अनेकों चिह्नित व्यक्ति आर्थिक रूप से सम्पन्न भी हैं, पढ़े-लिखे हैं, बड़े शासकीय व अशासकीय पदों पर पदस्थ हैं, सामाजिक स्तर पर प्रतिष्ठित भी हैं और राजनीतिक स्तर पर स्थापित हैं। फिर भी उन्हें पिछड़े व दलित कहा जाना क्या उचित है? कहना चाहूंगा कि जब-जब जातिगत आधार पर चिह्नित करते हुए सुविधाएं दी जाती रहेंगी, तो वृहद हिंदू समाज में भेदभाव व विघटन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। मैं इस बात से इनकार नहीं करता कि जातिगत भेदभाव समाज में है और इसे मिटना चाहिए। परंतु इसे तो बढ़ाने का काम किया जा रहा है। प्रश्न तो यह है कि यह भेदभाव, समरसता और समानता के लिए हानिकारक है या नहीं? यदि 'जातिगत भेदभाव' हानिकारक है, तब फिर प्रश्न यह उठता है कि क्या इसे किसी राजनीतिक फायदा के लिए हवा देना चाहिए ? या जातिगत भावना का दमन करना चाहिए? ध्यान करना होगा, जड़ में राजनीति व चुनाव है, और इसके अलावा कुछ भी नहीं है। मैं देख रहा हूं कि एक समय की एकक्षत्र शासन करने वाली कांग्रेस की नीति में परिवर्तन हो चुका है। अब राष्ट्रवादी कांग्रेस नहीं रही है, बल्कि कांग्रेस वामपंथी विचारधारा से प्रेरित हो गई है। मैं उन्हें पप्पू शब्द से सम्बोधित नहीं करना चाहता, और उचित भी नहीं समझता, लेकिन उनके निर्णय भी देखिए, घोषणा ही कर दी कि कांग्रेस शासित प्रदेशों में जातिगत जनगणना कराई जायेगी।

**जातिगत संख्या के आधार पर प्रत्याशियों को चुनाव में उतारने की परिपाटी बनी। और अब तो स्थिति यह है कि बड़ी बेशर्मी से समस्त चुनाव जातिगत बन गये हैं। विघटन की इस योजना और षड्यंत्र में कोई भी राजनीतिक दल 'दूध का धुला' नहीं है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

**काल** लोक के धर्मराज (यम) जो कर्मों के आधार पर न्याय करने वाले देवता जो सभी को इनाम या दंड देते हैं परम अक्षर ब्रह्म के दरबार में एक साधारण कार्यकर्ता की तरह है। काल लोक में तो धर्मराय कर्म के आधार पर सजा तय करता है लेकिन वह खुद एक राक्षस है। उसके निर्णय से जीव पीड़ित होते हैं। बताया गया है **धर्मराय (यम) आदि जुगादि चेरा, चैदह कोटि कटक दल तेरा** धर्मराज (यम) अर्थात कालब्रह्म के लोक का न्याय देवता जो सतपुरुष का सेवक है। धर्मराज (यम) की सेना में 14 करोड़ धर्मदूत हैं जो मृत्यु के समय शरीर से आत्माओं को निकालकर धर्मराज के दरबार में पेश करते हैं। धर्मराज के पास 14 करोड़ सैनिकों की फौज है। आदरणीय संत गरीबदास जी महाराज ने सर्वशक्तिमान कबीर जी की महिमा बताते हुए कहा है पूर्ण परमात्मा धर्मराज (यम) द्वारा लिखे गये खाते को रद्द करने में सक्षम हैं और आत्माओं को काल के जाल से मुक्त करते हैं। और केवल वही परमात्मा पूजनीय है। कहा है कि **अदली आरती असल जमाना, जम जौरा मेटूं तलबाना। धर्मराय पर हमरी धाई, नौबत नाम चढ़ो ले भाई। चित्र गुप्त के कागज कीरुं, जुगन जुगन मेंटू तकसीरूं। अदली ग्यान अदल इक रासा, सुनकर हंस न पावै त्रासा। अजराईल जोरावर दाना, धर्मराय का है तलवाना। मेटूं तलब करुं तागीरा, भेटे दास गरीब कबीरा।** कबीर परमेश्वर समर्थ परमात्मा हैं जो यमराज के बुलावे को भी टाल सकते है और सच्चे उपासक की मृत्यु को भी दूर कर सकते हैं। कबीर परमेश्वर से सच्चा आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने वाले गरीबदास जी बताते हैं मेरा (कबीर साहब) धर्मराज (यम) के ऊपर अधिकार है जो ब्रह्मकाल के लोक में एक मात्र न्याय का देवता है।

*(क्रमशः)*

# आ गया माता के नौ शक्तियों का महान मिलन पर्व


योगेश कुमार गोयल

**नौ** दिन तक चलने वाले नवरात्रि पर्व की शुरूआत हो चुकी है। आदि शक्ति दुर्गा की पूजा के इस पावन पर्व का विशेष महत्व माना जाता है। नवरात्रि के ये नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए निर्धारित हैं और इसीलिए नवरात्रि को नौ शक्तियों के मिलन का पर्व भी कहा जाता है। प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त हैं और हर शक्ति का अपना-अपना अलग महत्व है। नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दायें हाथ में अष्टदल की माला और बायें हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया। मां दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीश पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है। चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुईं अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वहीं जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं। दुर्गा का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द (कार्तिकेय) की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है।

**नवरात्र के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है।**

नवरात्र

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# शाकाहार-क्रांति से ही नयी विश्व-संरचना संभव


ललित गर्ग

**बढ़ती** बीमारियां के कारण जीवन की कम होती सांसों ने इंसान को शाकाहारी बनने के लिये विवश किया है, सत्य भी यही है कि शाकाहार एक उन्नत जीवनशैली है, निरापद खानपान है। न केवल बुद्धिजीवी बल्कि आम व्यक्ति भी अब शाकाहारी जीवन प्रणाली को अधिक आधुनिक, प्रगतिशील और वैज्ञानिक मानने लगे हैं एवं अपने आपको शाकाहारी कहने में प्रगतिशील व्यक्ति होने का गर्व महसूस करते हैं। पशुधन उत्पादन में शामिल क्रूरता के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी एक अवसर है। इंसान के खुशहाल जीवन एवं निरोगता के लिये खानपान में बदलाव के स्वर दुनियाभर में सुनाई दे रहे हैं। मांसाहार को छोड़ने वालों की संख्या भारत ही नहीं दुनिया में बढ़ती जा रही हैं। ग्लोबल रिसर्च कंपनी इप्सोस के हाल ही में कराये गये एक सर्वेक्षण के अनुसार अब 63 प्रतिशत भारतीय अपने भोजन में मांसाहार के स्थान पर शाकाहार को अपना रहे हैं। एक अन्य समाचार के अनुसार अमरीका में डेढ़ करोड़ व्यक्ति शाकाहारी हैं। सुप्रसिद्ध गैलप मतगणना के अनुसार इंग्लैंड में प्रति सप्ताह तीन हजार व्यक्ति शाकाहारी बन रहे हैं। वहाँ अब पच्चीस लाख से अधिक व्यक्ति शाकाहारी हैं। महात्मा गांधी कहते थे कि स्वाद पदार्थ में नहीं, अपितु मनुष्य की अपनी जिव्हा में होता है। नीम की चटनी से जीभ के स्वाद पर नियंत्रण कर लेने वाले गांधी के देश में आज मांसाहार का विरोध तो दूर, उल्टे कुछ क्षेत्रों में मांसाहार को बल दिया जाना, चिन्तनीय है, अहिंसा के उपासक देश के लिए लज्जास्पद भी। लेकिन यह शुभ संवाद है कि अब भारत में शाकाहार को बल देने की शुरूआत हुई है, जिसको जन-जन की जीवनशैली बनाना अहिंसा के पक्षधर प्रत्येक प्रबुद्ध नागरिक का नैतिक दायित्व है तथा मुख सुख के लिए निरीह प्राणियों और अजन्मे अंकुरों की निर्मम हत्या के विरुद्ध जनमानस तैयार करना सबका प्रथम कर्तव्य है। भारत में शाकाहार को बल देने के प्रयत्न होते रहे हैं, न केवल भारत बल्कि संसार के महान बुद्धिजीवी, उदाहरणार्थ अरस्तू, प्लेटो, लियोनार्दो दविंची, शेक्सपीयर, डारविन, पी. एच. हक्सले, इमर्सन, आइन्सटीन, जार्ज बर्नार्ड शा, एच.जी.वेल्स, सर जूलियन हक्सले, लियो टॉलस्टॉय, शैली, रूसो आदि सभी शाकाहारी ही थे। मनुष्य की संरचना की दृष्टि से भी हम देखेंगे कि शाकाहारी भोजन हमारा स्वाभाविक भोजन है। अमरीका के विश्व विख्यात पोषण विशेषज्ञ डॉ.माइकेल क्लेपर का कहना है कि अंडे का पीला भाग विश्व में कोलस्ट्रोल एवं जमी चिकनाई का सबसे बड़ा स्त्रोत है जो स्वास्थ्य के लिए घातक है। इसके अलावा जानवरों के भी कुछ उदाहरण लेकर हम इस बात को साबित कर सकते हैं कि शाकाहारी भोजन स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है। इस प्रकार शाकाहारी भोजन स्वास्थ्यप्रद एवं पोषण प्रदान करनेवाला है। आज विश्व में सबसे बड़ी समस्या है, विश्व शांति की और बढ़ती हुई हिंसा को रोकने की। चारों ओर हिंसा एवं आतंकवाद के बादल उमड़ रहे हैं। उन्हें यदि रोका जा सकता हैं तो केवल मनुष्य के स्वभाव को अहिंसा और शाकाहार की ओर प्रवृत्त करने से ही। महाभारत से लेकर गौतम बुद्ध, ईसा मसीह, भगवान महावीर, गुरुनानक एवं महात्मा गांधी तक सभी संतों एवं मनीषियों ने अहिंसा पर विशेष जोर दिया है। भारतीय संविधान की धारा 51 ए (जी) के अंतर्गत भी हमारा यह कर्तव्य है कि हम सभी जीवों पर दया करें और इस बात को याद रखें कि हम किसी को जीवन प्रदान नहीं कर सकते तो उसका जीवन लेने का भी हमें कोई हक नहीं हैं। 'पिछले कुछ सालों में जब से नये शोधों ने यह साबित कर दिया कि शाकाहार इंसान के लिए मांसाहार से अधिक सुरक्षित और निरापद है तब से पश्चिमी देशों में शाकाहारियों की एक बड़ी तादाद देखने में आ रही है।

**पशुधन उत्पादन में शामिल क्रूरता के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी एक अवसर है। इंसान के खुशहाल जीवन एवं निरोगता के लिये खानपान में बदलाव के स्वर दुनियाभर में सुनाई दे रहे हैं।**

शाकाहार

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## गागर में सागर

### पंसस ने कृषि मंत्री को दर्जनों सड़कों के निर्माण को लेकर मांगपत्र सौंपा



**चंदवा।** कांग्रेस पार्टी की ओर से शनिवार को पथ निर्माण विश्रामागार में जनसुनवाई कर रहे कृषि पशुपालन मत्स्य सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के मंत्री बादल पत्रलेख से लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे सह कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। पंचायत के पिछड़ेपन और सड़क के अभाव से उन्हें अवगत कराया। यह भी अवगत कराया कि अभी भी सड़क नहीं होने के कारण कई टोलों में एम्बुलेंस नहीं जा पाती है। ज्ञापन में एनएच 99 नया 22 कामता चेकनाका से कामता-सेरक पथ का कालीकरण कराने समेत अन्य दर्जनों सड़कों, पुल और पुलिया का निर्माण कराने की मांगें शामिल हैं। मौके पर माकपा अंचल सचिव बैजनाथ ठाकुर, सहजीवन भोगता आदि शामिल थे।

### संतोष बने छेंचा पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष



**बरवाडीह।** प्रखंड के छेंचा पंचायत में रविवार को रविवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता ने की। बैठक में मुख्य रूप से स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह उपस्थित थे। बैठक में संगठन मजबूती पर जोर दिया गया। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु सभी कांग्रेस सदस्यों को एकजुट होकर काम करने का निर्देश दिया गया। छेंचा कांग्रेस पंचायत समिति का गठन करते हुए संतोष प्रसाद को अध्यक्ष एवं 11 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। बैठक में युवा पंचायत समिति का गठन किया गया, जिसमें बबलू कुमार को अध्यक्ष, सुनील कुमार पूर्ति को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु सशक्त बूथ कमेटी का गठन किया गया। बैठक में यूथ प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, संतोष प्रसाद, राणा प्रताप सिंह, अजीत सिंह, अमन गुप्ता, सुमन सिंह आदि मौजूद थे।

### मुरपा नवरात्र के मौके पर गौ कथा 17 से

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत मुरपा दुर्गा पूजा समिति की बैठक समिति अध्यक्ष रोहन गोप की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से नवरात्र पर होने वाली गौ कथा को लेकर ग्रामीण एवं पूजा समिति ने विस्तृत विचार विमर्श किया। इसके बाद विजय तृतीया से गौ गोविंद कथा कराने का निर्णय लिया गया। कथा 17 अक्टूबर से 23 अक्टूबर (वियादशमी) तक होगी।

### मशहूर गायक पंकज के भोजपुरी भक्ति एलबम माई देदा दर्शनवा का शुभारंभ



**बरवाडीह।** नवरात्र के उपलक्ष्य में प्रखंड निवासी भोजपुरी के मशहूर गायक पंकज विश्वकर्मा के नए भक्ति एल्बम माई देदा दर्शनवा का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, यूथ कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, रेलवे क्लब महिला समिति की अध्यक्ष रेखा पाठक आदि ने किया। मौके पर भक्ति एल्बम के डायरेक्टर राजेश कुमार यादव, सुरेश मिश्रा, प्रिंस प्रसाद, अनीश कुमार, सोनू कुमार, धर्मदेव विश्वकर्मा, सतीश कुमार यादव, सोनू कुमार ठाकुर, भस्कर कुमार, दीपक कुमार, मनु उपाध्याय आदि मौजूद थे।

### कलश स्थापना के साथ आदिशक्ति का हुआ पूजन, 9 दिन मां आदिशक्ति के 9 स्वरूपों की पूजा की रहेगी धूम

# चतरा जिले में श्रद्धा के साथ की गई माता के पहले स्वरूप की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

मां दुर्गा की आराधना का पवित्र पर्व शारदीय नवरात्र रविवार से शुरू हो गया है। नौ दिनों तक मां आदिशक्ति के नौ स्वरूपों की पूजा की धूम रहेगी। इसके लिए शहर से लेकर गांव तक पंडाल सज गए हैं। शारदीय नवरात्र के नौ दिनो तक मां आदिशक्ति के नौ स्वरूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मान्यता है कि नवरात्रि के नौ दिन माता रानी धरती लोक पर विचरण करती हैं। प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 14 अक्तूबर को रात 11:24 बजे से हुई और 15 अक्तूबर को रात 12:32 बजे तक रहेगी। उदयतिथि को देखते हुए शारदीय नवरात्र 15 अक्तूबर रविवार से शुरू हुआ। वहीं, इससे पहले शनिवार को घर-घर में भक्तों ने श्रद्धा के साथ सांझी मां की स्थापना की। मां आदिशक्ति के स्वरूपों के साथ



शारदीय नवरात्र पर सांझी मां की भी रोजाना पूजा-अर्चना की जाएगी। नवरात्र में इस बार मां हाथी पर सवार होकर आई हैं। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक, नवरात्रि की शुरूआत जिस दिन होती है, उसके आधार पर उनकी सवारी तय होती है। रविवार या सोमवार से नवरात्र शुरू होने पर मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आती हैं। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की गई। माता पार्वती को शैलपुत्री कहा जाता है, क्योंकि उनके पिता पर्वतराज हिमालय हैं। गौरवर्ण वाली मां शैलपुत्री की सवारी बैल है। वे एक हाथ में त्रिशूल तो दूसरे में कमल का फूल धारण करती हैं। चंद्रमा उनके मस्तक की शोभा बढ़ाता है। वहीं नवरात्र के लिए जिले भर के मंदिरों और घरों में विशेष तैयारियां की गई हैं। मंदिरों और विभिन्न पंडालों में चहल-पहल बढ़ गई है।

### कलश यात्रा के उपरांत स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र का शुभारंभ

**गिद्धौर/पत्थलगड़ा(चतरा)।** जिला मुख्यालय व विभिन्न प्रखंड़ों में रविवार को कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र का अनुष्ठान शुरू हुआ। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरवाडी मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में डीएसपी केदारनाथ राम, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी मुख्य रूप से शामिल थे। ठाकुरबाडी मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना कर कलश यात्रा में शामिल 401 महिला व कन्याएं रामसागर घाट पहुंचे। जहां पंडितों ने विधिवत कलश में जल भरवाया। इसके बाद कलश यात्री कौलेश्वरी मंदिर, शिव मंदिर सलगा होते पुनः ठाकुरबाडी मंदिर परिसर पहुंचकर कलशों को स्थापित किया। कलश यात्रा में मुखिया निर्मला देवी, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, पूर्व पूजा समिति अध्यक्ष मुकेश कुमार, राजेश कुशवाहा,



निरंजन दांगी, असुरंजन कुमार, रविंद्र कुमार दांगी, विकास कुमार, मुकेश दांगी, संगीता कुशवाहा, शारदा देवी सहित पूजा समिति के सदस्य व श्रद्धालु शामिल थे। वहीं पत्थलगडा प्रखंड मुख्यालय स्थित सुभाष चौक दुर्गा पूजा समिति, श्री श्री दुर्गा पूजा समिति नावाडीह, मां कोलेश्वरी मंदिर कुब्बा, देवी मंडप उपरेली कुब्बा, लेम्बोइया मंदिर व दुर्गा पूजा समिति नोनगांव के द्वारा कलश सह शोभा यात्रा निकाली गई और पूरे विधि विधान के साथ सभी मंदिरों व पंडालों में कलश स्थापना की गई। जिप उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, जिप सदस्य, डीएसपी केदार राम, भाजपा नेता उज्जवल दास, सुजीत भारती आदि को पूजा समिति अध्यक्ष महेंद्र दांगी, सचिव चुरामन प्रजापति, महासचिव अरविंद ठाकुर, उपाध्यक्ष वासुदेव दांगी, कोषाध्यक्ष उदय अग्रवाल, संयोजक आशीष दांगी, मुकेश दांगी ने सम्मानित किया।

# विधि विधान के साथ नवरात्र शुरू

### पहले दिन कलश स्थापना के बाद हुई मां शैलपुत्री की पूजा, मंदिरों में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड मुख्यालय सहित सभी पंचायतों के देव स्थलों में कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू हो गया। बारियातु, फूलसु, गोनिया, भाटचतरा, राजगुरु, डाढ़ा, बालूभांग, हेसला, साल्वे सहित अन्य स्थानों के धार्मिक स्थलों में कलश स्थापित की गई। प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा बाड़ी में आचार्य जनार्दन पांडेय, अरविंद मिश्रा, काशी नाथ वैध व पुरुषोत्तम शर्मा ने ध्वजारोहण कर कलश की स्थापना कराई। उधर बटहेट ग्राम स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में दुर्गा पूजा समिति की ओर से आयोजित नौदिवसीय शारदीय नवरात्र का शुभारंभ भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा पूजा स्थल से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण करते हुए करमा नदी पहुंची, जहां पंडित संदीप मिश्र द्वारा पूजा के पश्चात पवित्र जल कलश में भरकर पुनः पूजा स्थल पहुंची और कलश स्थापित की गई। वहीं बारियातु दुर्गा पूजा समिति द्वारा स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इसमें मुख्य रूप से पूजा समिति के अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद, राकेश प्रसाद, अमन कुमार, निक्सन कुमार, मदन कुमार, छोटू कुमार, अमित कुमार आदि शामिल रहे। इधर टोटी दुर्गा मंडप की ओर से जल यात्रा निकाली गई। घुठी नदी से पंडित जीतेंद्र पांडेय ने कलश में पवित्र जल भरवाया। इसके बाद देवी मंडप कलश स्थापित की गई। मौके पर अध्यक्ष दामोदर यादव, सचिव भीम प्रजापति, कोषाध्यक्ष अजय यादव व अविनाश प्रजापति, अरविंद प्रजापति,





चंद्रदीप यादव, मिथलेश यादव, संदीप यादव, उदय यादव, प्रमोद यादव, तुलेश्वर यादव आदि मौजूद थे।

### बालूमाथ : कलश स्थापना के साथ नवरात्र हुआ शुरू

**बालूमाथ।** प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों एवं घरों में रविवार को कलश स्थापना के साथ ही नवरात्र प्रारंभ हो गया। प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा की गई। प्रखंड में कई आकर्षक पंडाल बनाए गए हैं। वहीं पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी दिल्लू लोहरा एवं इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशि रंजन द्वारा सभी पूजा पंडालों एवं सड़कों पर सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है। भक्तों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसके लिए निरंतर पेट्रोलिंग हो रही है। सोशल मीडिया पर पुलिस पैनी नजर रख रही है ताकि कोई भ्रमित आपत्तिजनक पोस्ट कर शांति और सौहार्द को बिगाड़ न सके।

### बरवाडीह में शारदीय नवरात्र हुआ प्रारंभ

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में रविवार को सभी पूजा पंडालों, घरों में कलश स्थापित कर पूरे विधि विधान से शारदीय नवरात्र पूजन कार्य प्रारंभ हुआ। इसके साथ ही पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। प्रखंड के रेलवे क्लब पूजा पंडाल में पंडित गिरधारी मिश्रा द्वारा शुभ मुहूर्त में कलश स्थापित किया गया। बाजार स्थित पंचमुखी मंदिर पूजा पंडाल, बाजार पूजा पंडाल, गढ़वाटांड़ पूजा पंडाल, छेंचा आदर्श क्लब दुर्गा पूजा पंडाल, केचकि दुर्गा पूजा पंडाल, कचनपुर दुर्गा पूजा पंडाल, छिपादोहर बाजार पूजा पंडाल, लात दुर्गा पूजा पंडाल, मंडल दुर्गा पूजा पंडाल, नावाडीह दुर्गा पूजा पंडाल, कैड दुर्गा पूजा पंडाल, सराइडीह दुर्गा पूजा पंडाल, मोरवाई दुर्गा पूजा पंडाल समेत मुख्यालय व ग्रामीण क्षेत्रों में तीन दर्जन से अधिक पूजा पंडालों में श्रद्धा पूर्वक कलश स्थापित किया गया। इसके साथ ही गायत्री परिवार द्वारा दो दर्जन से अधिक भक्तों द्वारा कलश स्थापित कर सामूहिक पूजा शुरू की गई।

### महुआडांड में श्रद्धा के साथ हुई कलश स्थापना

**महुआडांड़।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रखंड में रविवार से कलश स्थापना के साथ नवरात्र पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। महुआडांड़, रामपुर, राजडंडा, बोहटा, बराही, नेतरहाट, हामी व चटकपुर में विधि विधान के साथ पूजा शुरू हुई। महुआडांड़ स्थित दुर्गा बाड़ी परिसर में कलश स्थापना के साथ ही नवपराह्न रामायण पाठ प्रारंभ हो गया। पंडित सर्वेश पाठक ने बताया कि षष्ठी को बेल वरण, सप्तमी को प्राण प्रतिष्ठा, महाअष्टमी को दीप दान, नवमी एवं दशमी को हवन एवं एकादशी को शोभायात्रा निकाल कर मूर्ति विसर्जन किया जायेगा।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में चार घायल, एक गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**



थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर बाद दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य पथ पर शहर के गैरेज लेन के समीप हुई, जहां स्कूटी और बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गयी, जिसमें बाइक सवार सुरेंद्र बैठा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं स्कूटी सवार नवल मिंज को भी सिर में चोट आयी है। स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य चंदवा लाया गया, जहां डॉ. मनोज कुमार ने उनका इलाज किया। सुरेंद्र बैठा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। उनके चेहरे और सिर में गंभीर चोटें आयी हैं। वहीं दूसरी घटना एनएच 75 रांची-डाल्टेनगंज मार्ग पर ब्रहमणि के समीप हुई, जहां बाइक सवार युवकों ने यात्री बस को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार कुंवर भुइयां और गुड्डू कुमार घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा एंबुलेंस से दोनों घायल को अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार किया गया।

# कुंदा थाना क्षेत्र में विवाहिता ने किया विषपान, हुई मौत

**कुंदा(चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के सिकीदाग में युवती ने विषपान कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। ग्रामीणों के अनुसार सिक्कीदाग गांव निवासी छोट्टू गंझू की 20 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी ने आपसी विवाद में घर में रखे विषाक्त दवा खा ली। वहीं मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। अवर निरीक्षक मोती राम देवगम ने बताया कि पोस्टपार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

शहर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन के नाम से मशहूर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती धूमधाम से रविवार को मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आनन्द कुमार सिंह ने डॉ. कलाम के तस्वीर पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कलाम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सपना वह नही होता जो आपको सोते समय आए, बल्कि सपना तो वह होता है जो आपको सोने नहीं दे। सफलता अमीरी गरीबी से नही बल्कि आपके मेहनत और



संकल्प से प्राप्त होता है। अगर आपके पास धैर्य और मेहनत करने की क्षमता है तो सफलता अवश्य मिलेगी। जीवन में कठिनाई से भागना नहीं चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शाहनवाज आलम, पूनम सिंह, प्रज्ञा पाठक, अमन कुमार, अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा एलएलएम में चंदवा की बेटी आयुषी ने प्राप्त किया अव्वल स्थान

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

शहर के स्वर्गीय दुलीचंद अग्रवाल के बड़े पुत्र राज अग्रवाल की पुत्री आयुषी अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली एलएलएम की परीक्षा में प्रथम स्थान लाकर चंदवा प्रखंड का नाम रौशन किया है। यह वकालत पढ़ने वाले लोगों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली बड़ी डिग्री की एक परीक्षा है, जिसे डग्री ऑफ लॉ कहा जाता है। इसकी परीक्षा चंदवा निवासी राज अग्रवाल उर्फ (राजू) की बेटी ने पास कर



ली है। इस परीक्षा के लिए आयुषी ने कड़ी मेहनत की है। वह अपनी पढ़ाई के दौरान शुरू से ही बेहतर करते आई। इसी का परिणाम है कि आज इस परिणाम की हकदार बन सकी। आयुषी की पढ़ाई दसवीं वीं सेंट एनोथेनी रांची कांटाटोली स्कूल से, +2 डे डीपीएस से, टॉप-3 बी.कॉम जेवियर रांची कॉलेज, एलएलबी- के.सी कॉलेज मुंबई, लॉ की प्रैक्टिस तीन साल तक मुंबई उच्च न्यायालय से करने के बाद रांची हाई कोर्ट में ढाई वर्ष तक प्रैक्टिस करने के बाद यह मुकाम हासिल हुआ। माता पिता ने बताया कि आयुषी बचपन से ही अपने स्कूल की मेधावी विद्यार्थी रही है।

## खेलकूद

### विजेता व उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

# मनिका में फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल के मैदान में आयोजित यशकायी गौरी प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार को समापन किया गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती आदि शामिल हुए। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 अक्टूबर को स्वर्गीय गौरी प्रसाद साहू की 16वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र राजीव रंजन कुमार साहू, रंजीत कुमार साहू और सुजीत कुमार साहू द्वारा उक्त टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था, जो चार



दिनों तक चला। बहेराटांड़ मनिका की टीम विजेता बनी। प्रथम पुरस्कार के रूप में 7100 रुपये नकद, टी-शर्ट और शील्ड मेडल दिया गया। उपविजेता मुरु बरवाडीह को 5100 रुपये नकद, टी-शर्ट और शील्ड दिया गया। लातेहार को तृतीय पुरस्कार के रूप में 3100 रुपये नकद, टी-शर्ट और शील्ड दिया गया। चतुर्थ पुरस्कार के 1100 रुपये नकद, टी-शर्ट और शील्ड भवरलगा लातेहार को प्राप्त हुआ। मौके पर प्रसाद ने कहा कि अपने पिता की याद में साहू भाइयों द्वारा खेल को बढ़ावा देना काफी सराहनीय कार्य है। स्व. साहू हमेशा ही क्षेत्र के गरीबों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। मौके पर अरुण सिंह, सत्यम गुप्ता, दिनेश प्रसाद आदि भी उपस्थित थे।

# एआर क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न, फाइनल मुकाबले में राहम ने कामता को हराया

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

प्रखंड अंतर्गत कामता में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को राहम बनाम कामता के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य सह बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुबास यादव ने किया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था, जिसमें शुरू से ही राहम ने बेहतर प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरी तरफ कामता भी फाइनल मैच में प्रवेश किया।

दर्शकों की भारी उपस्थिति में एकतरफा फाइनल मुकाबले में राहम ने कामता को हराया। राहम ने मो. सकलैन की 48 रनों की बदौलत 12 ओवर में कुल स्कोर 118 बनाये। वहीं रन चेस करने उतरी कामता टीम को कुल 22 के स्कोर पर ही रोक कर राहम ने फाइनल अपने नाम किया। फाइनल में राहम के कैप्टन मो. मजहर अंसारी 4 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच बने। पूरे टूर्नामेंट में 2.50 की



इकॉनमी से सर्वाधिक विकेट लेने वाले मो. नुरुल अंसारी को बेस्ट बोलर का खिताब मिला एवं पूरे टूर्नामेंट में बेहतर बैटिंग प्रदर्शन, मैन ऑफ द सीरीज मो साबिर (बबलू) को दिया गया। मौके पर कामता समाजसेवी अब्दुल शुभान, गुलाम सर्वर, ललित पांडेय, शम्सुल अंसारी, इस्राफील अंसारी, समेत राहम टीम के कप्तान मो. मजहर, उप कैप्टन उपेंद्र पांडेय, कोषाध्यक्ष मो. नुरुल अंसारी, टूनामेंट के संचालक एवं कामता टीम के कैप्टन मो. जाबिर, मो. जिलानी, मो. इनतेकाम समेत दोनों टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## गागर में सागर

### प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा ने दीं नवरात्र की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** नवरात्र के पहले दिन दिल्ली सहित देश भर के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने देशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं। मोदी ने एक्स पर शुभकामना संदेश पोस्ट करते हुए कहा, नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री के चरणों में कोटि-कोटि वंदन। उनसे प्रार्थना है कि देश के जन-जन को शक्ति और समृद्धि का आशीर्वाद दें। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, शक्ति की आराधना के पावन पर्व नवरात्र की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। माता रानी सभी पर अपनी कृपा बनाये रखें। जय माता दी! भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने अपने शुभकामना संदेश में कहा, ॐ सर्वमंगल मांगल्ये, शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्रयम्बके गौरी, नारायणी नमोस्तुते।। समस्त देशवासियों को शारदीय नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं। माँ जगत जननी से सभी के सर्वविद उत्कर्ष की प्रार्थना करता हूँ। जय माता दी!

### ईडी ने महाराष्ट्र में 315 करोड़ रुपये की 70 संपत्तियां जब्त कीं

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र के मुंबई, ठाणे, सिल्लोड, जलगांव और कच्छ आदि इलाकों में कार्रवाई करते हुए 315 करोड़ रुपये की 70 संपत्तियों को जब्त किया है। सूत्रों के अनुसार ईडी की टीम ने राजमल लखीचंद ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आरएल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड, मनराज ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य बैंक धोखाधड़ी मामलों में 13 अक्टूबर से मुंबई, ठाणे, जलगांव सहित 70 जगह पर कार्रवाई शुरू की थी। इसके बाद ईडी के अधिकारियों ने कुल 315 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इससे पहले ईडी की टीम ने अगस्त महीने में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद ईश्वरलाल जैन के जलगांव स्थित राजमल लखीचंद ज्वैलर्स पर छापा मारा था। 24 घंटे तक गहन तलाशी के बाद ईडी ने राजमल लखीचंद ज्वेलर्स के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। इसी मामले के तहत ईडी ने सूबे में विभिन्न जगह कार्रवाई कर 315 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है।

### विदेश मंत्री जयशंकर वियतनाम पहुंचे ट्रान क्वोक पैगोडा का किया दौरा



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर रविवार को वियतनाम और सिंगापुर की छह दिवसीय यात्रा पर हनोई पहुंचे। वियतनाम के बाद डॉ. जयशंकर 19 से 20 अक्टूबर तक सिंगापुर के दौरे पर रहेंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अपने सिंगापुर के समकक्ष और देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। वह भारतीय क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे। डॉ. जयशंकर ने एक्स पर कहा कि आज वे वियतनाम की राजधानी हनोई पहुंचे हैं। वे विदेश मंत्री बुई थान सोन का प्रसिद्ध ट्रान क्वोक पैगोडा में गर्मजोशी से व्यक्तिगत स्वागत के लिए धन्यवाद करते हैं। वे सोमवार को 18वीं संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं। उल्लेखनीय है कि हनोई स्थित ट्रान क्वोक पैगोडा एक बौद्ध मंदिर है। यह वेस्ट लेक के एक द्वीप पर स्थित है। यह वियतनाम के सबसे पुराने पैगोडा में से एक है। इसका इतिहास 1,500 साल से अधिक पुराना है। विदेश मंत्री ने हनोई में ऐतिहासिक ट्रान क्वोक पगोडा का दौरा किया।

#### पीएम ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी की जयंती पर उन्हें किया नमन, बोले

# राष्ट्र निर्माण में डॉ. कलाम का योगदान अतुलनीय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन के नाम से मशहूर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को सदैव श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति कलाम को उनकी जयंती पर याद करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, अपने विनम्र व्यवहार और विशिष्ट वैज्ञानिक प्रतिभा को लेकर जन-जन के चहेते रहे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को सदैव श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाएगा।



देश की सुरक्षा को अभेद्य बनाने में उनके योगदान को याद करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, ज्ञान और विज्ञान के अद्भुत संयोजन से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने देश की सुरक्षा को अभेद्य बनाने में अहम योगदान दिया। संघर्ष से शीर्ष तक का उनका सफर न केवल देश बल्कि सम्पूर्ण मानव जगत के लिए एक विरासत है। मिसाइल मैन डॉ कलाम का जीवन देश के युवाओं को नई सोच व समर्पण के साथ राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा। पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी की जयंती पर उन्हें नमन।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी उन्हें याद करते हुए कहा , भारत के पूर्व राष्ट्रपति, 'मिसाइल मैन' के नाम से विख्यात, महान वैज्ञानिक 'भारत रत्न' डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर शत-शत नमन करता हूं। राष्ट्र के प्रति आपका अनन्य समर्पण व जीवन संघर्ष समाज के सर्वांगीण उत्कर्ष हेतु सभी में कर्तव्यबोध की भावना का सृजन करता रहेगा। विज्ञान व अनुसंधान को समर्पित आपके कार्य समस्त देशवासियों की प्रेरणा हैं।

# महाराष्ट्र, राजस्थान व बिहार में सड़क दुर्घटनाओं में 24 की मौत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के तीन राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान और बिहार में हुईं सड़क दुर्घटनाओं में 24 लोगों की मौत हुई है। इन दुर्घटनाओं में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। शनिवार देर रात महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर (पूर्व में औरंगाबाद) में भीषण सड़क हादसा हुआ। रात लगभग 1 बजे एक टैंपो और ट्रक के बीच हुई टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही 23 लोग घायल हैं। यह हादसा एक्सप्रेस-वे पर बैजापुर टोल प्लाजा के पास हुआ। बैजापुर पुलिस चौकी इंचार्ज इंस्पेक्टर श्याम सुंदर कवथाड़े ने कहा कि एक्सप्रेस पर खड़े एक ट्रक को पीछे से तेज गति से आ रहे टैंपों ने टक्कर मार दी। इससे टैंपों में बैठे 12 लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई है। 17 घायलों में से 6 को बैजापुर के ग्रामीण चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। बाकी को संभाजी नगर जिला चिकित्सालय भेजा गया है। इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने शोक संदेश में कहा है कि सुबह-सुबह संभाजी नगर में भीषण दुर्घटना की सूचना से मन दुःखी है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ है। प्रधानमंत्री ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।


**बिहार में पांच लोगों की मौत :** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 28 के सुजावलपुर के पास बस और ऑटो की भीषण टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई है। गुस्साए लोगों ने मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर मुख्य मार्ग एनएच-28 पर सुजावलपुर चौक के पास जाम लगाकर हंगामा भी किया। उग्र लोगों और पुलिस के बीच हल्की नोक-झोंक भी हुई।

**राजस्थान के डूंगरपुर में सात लोगों की मौत :** राजस्थान के डूंगरपुर जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के रतनपुर पुलिस चौकी के पास रविवार को एक ट्रक और क्रूजर जीप में टक्कर हो गई। हादसे में जीप में सवार सात लोगों की मौत हो गई। दस यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने घायलों को 108 एम्बुलेंस व निजी वाहनों की मदद से बिछीवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## राजौरी में एलओसी पर बारूदी सुरंग विस्फोट में सैनिक घायल

**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास रविवार को एक बारूदी सुरंग विस्फोट में एक सैनिक घायल हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नौशेरा सेक्टर के कलसियान इलाके में नियंत्रण रेखा के पास बारूदी सुरंग विस्फोट में गुरचरण सिंह नामक एक सैनिक घायल हो गया। सैनिक सिख लाइट इन्फैंट्री का है। सूत्रों ने कहा, उन्हें नौशेरा में प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर



उधमपुर शहर में सेना के कमांड अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

## कांग्रेस ने मप्र, छग, तेलंगाना के लिए पहली सूची जारी की

### कमल नाथ, बघेल और दिग्विजय के बेटे जयवर्धन को टिकट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लंबे विचार-विमर्श के बाद कांग्रेस ने रविवार को नवरात्र के पहले दिन मध्य प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में 230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए 144 उम्मीदवारों की घोषणा की, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य इकाई के प्रमुख कमल नाथ को छिंदवाड़ा



विधानसभा सीटकी सूची की घोषणा की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पाटन विधानसभा सीट से, उनके डिप्टी और वरिष्ठ पार्टी नेता टी.एस. सिंह देव को अंबिकापुर विधानसभा सीट से और ताम्रध्वज साहू को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेकी सूची की घोषणा की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पाटन विधानसभा सीट से, उनके डिप्टी और वरिष्ठ पार्टी नेता टी.एस. सिंह देव को अंबिकापुर विधानसभा सीट से और ताम्रध्वज साहू को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेपुर से, पार्टी के विधायक दल के नेता भट्टी विक्रमार्क मल्लू को मधुर (एससी) आरक्षित सीट से मैदान में उतारा गया है। मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए मतदान 17 नवंबर को होना है। तेलंगाना विधानसभा के लिए 30पुर से, पार्टी के विधायक दल के नेता भट्टी विक्रमार्क मल्लू को मधुर (एससी) आरक्षित सीट से मैदान में उतारा गया है। मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए मतदान 17 नवंबर को होना है। तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवंबर को और छत्तीसगढ़ के लिए दो चरणों में 7 और 17 नवंबर को मतदान होगा। वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

# लैपटॉप आयात पर रोक लगाने के आदेश के बाद बढ़ने लगे दाम

### ऐपल, सैमसंग ने किया विरोध, सरकार को आदेश रोकना पड़ा

**आरएनएम। नई दिल्ली**

जिन विदेशी कंपनियों के ज्यादा लैपटॉप भारत में बिक रहे हैं , सरकार ने उन लैपटॉप वाली विदेशी कंपनियों के लैपटॉप भारत में आयात पर रोक लगाने का फरमान जारी किया था, ताकि ये विदेशी कंपनियां भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाकर उत्पादन करें। इसकी अधिसूचना 3 अगस्त को जारी हुई थी। जिसे 1 नवंबर 2023 से लागू होना था। लेकिन इस फरमान के चलते कंपनियों ने लैपटॉप आयात करना कम कर दिया। जिसके कारण भारत में लैपटॉप के दाम बढ़ गये।ऐपल के साथ ही सैमसंग, डेल, लेनोवो और एचपी जैसी कंपनियों ने सरकार के लैपटॉप बैन के फैसले का विरोध किया गया था। जियो जैसी कंपनियां को भी सरकार के फैसले का नुकसान उठाना पड़ा है, क्योंकि जियो बुक चीन से आयात होता है।

सरकार के फैसले के कारण बीते 2 माह में लैपटॉप उद्योग को बहुत नुकसान हुआ है। भारत में लैपटॉप की कमी का सामना करना पड़ा है, जिससे लैपटॉप की कीमत में बढ़ोत्तरी हो गई। इसके कारण सरकार को अपने फरमान को लागू करने पर रोक लगानी पड़ी है। रॉयटर्स के मुताबिक भारत सरकार के ट्रेड सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल ने कहा कि लैपटॉप और कंप्यूटर के इंपोर्ट पर बैन नहीं लगाया गया है। केन्द्र सरकार ने उनका कहना था कि सरकार लैपटॉप इंपोर्ट बैन पर निगरानी चाहती है, जिससे लैपटॉप और कंप्यूटर के हार्डवेयर और सिक्योरिटी पर निगाह रखी जा सके। सरकार विदेश से आने वाले लैपटॉप और कंप्यूटर के हार्डवेयर की सिक्योरिटी को लेकर चिंतित थी, लेकिन सरकार को अमेरिका समेत इंडस्ट्री लीडिंग लैपटॉप कंपनियों की तरफ से आलोचना का सामना करना पड़ा था। लैपटॉप बैन पर सरकार का कहना था कि वो लोकली लैपटॉप और कंप्यूटर की मैन्युफैक्चरिंग के लिए इसके इंपोर्ट पर बैन लगाया गया था। सिक्योरिटी को भी एक वजह बताया जा रहा था। लैपटॉप और कंप्यूटर की लोकल मैन्युफैक्चरिंग के लिए सरकार ने पीएलई स्कीम का ऐलान किया था, जिसमें ज्यादातर कंपनियों ने हिस्सा लिया था, लेकिन सैमसंग और एप्पल ने पीएलआई स्कीम में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया था। उनका कहना था कि भारत लैपटॉप के लिहाज से फोन की अपेक्षा बहुत छोटा मार्केट है। भारत में लैपटॉप का मार्केट मात्र 5 प्रतिशत है।

## FILMY हलचल

### मास्क लगाने पर पति राज कुंद्रा के साथ ट्रोल हुईं शिल्पा शेट्टी

**अभिनेत्री** शिल्पा शेट्टी ने 90 के दशक में कई लोकप्रिय फिल्मों में काम किया है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके पति राज कुंद्रा इस वक्त चर्चा में हैं। अब राज कुंद्रा पर 'यूटी69' फिल्म 03 नवंबर को स्क्रीन पर आएगी। इस फिल्म में राज कुंद्रा मुख्य भूमिका निभाएंगे। अब हाल ही में कुंद्रा कपल का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में पति राज कुंद्रा के साथ-साथ शिल्पा शेट्टी भी चेहरे पर मास्क लगाए नजर आ रही हैं। शिल्पा ने पति की तरह ब्लैक मास्क पहना था। शिल्पा और राज कुंद्रा का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पैपराजी की डिमांड के बाद आखिरकार शिल्पा ने इसमें अपना चेहरा दिखाया। एक्ट्रेस के इस वीडियो पर कई कमेंट्स कर नेटिजन्स ने शिल्पा शेट्टी को ट्रोल किया है। जब आप गलत काम करते हैं, तो चेहरा छिपाने का समय आ जाता है, अब शिल्पा शेट्टी भी पति की तरह व्यवहार कर रही हैं, अब दोनों एक साथ अपना चेहरा छिपा रहे हैं, वाह क्या जोड़ी है, उनके घर एक अलग अलमारी होगी मास्क के लिए, शिल्पा अपने पति के गलत कामों का समर्थन करती हैं।




### प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा गरबा गीत



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नवरात्रि के प्रथम दिन एक गरबा गीत साझा किया। इसे उन्होंने पिछले सप्ताह में लिखा था। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, जैसे ही शुभ नवरात्रि हमारे सामने आई है, मुझे पिछले सप्ताह के दौरान मेरे द्वारा लिखा गया एक गरबा साझा करने में खुशी हो रही है। उत्सव की लय को सभी को गले लगाने दें! मैं इस गरबा गीत को आवाज और संगीत देने के लिए मीटब्रोस और दिव्या कुमार को धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री ने इस गीत माढ़ी को अपने यूट्यूब चैनल पर भी साझा किया है।

### भाग्यश्री इस साल अयोध्या की रामलीला का बनेंगी हिस्सा

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस भाग्यश्री इस साल रामलीला में वेदवती की भूमिका में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने पिछले साल कुछ समय के लिए सीता की भूमिका निभाई थी। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, वेदवती देवी सीता का पिछला जन्म है, जिन्होंने रावण को श्राप दिया था कि वह दूसरे जन्म में उसकी मृत्यु का कारण बनेगी। आयोजकों के मुताबिक, अयोध्या रामलीला के निर्देशक बॉबी मलिक ने कहा, रामलीला के प्रत्येक एपिसोड का यूट्यूब चैनल, दूरदर्शन और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सीधा प्रसारण किया जाएगा, जबकि दिल्ली और मुंबई के कई वरिष्ठ कलाकार यहां प्रदर्शन करेंगे। मलिक ने यह भी दावा किया कि पिछले साल अयोध्या की इस रामलीला को



सोशल मीडिया पर 25 करोड़ से ज्यादा दर्शकों ने देखा था। 11 दिवसीय कार्यक्रम में कई राज्यों से राजनीतिक और बॉलीवुड हस्तियां आएंगी। मलिक ने दावा किया कि इस बार बॉलीवुड निमार्ता बोनी कपूर दर्शकों के बीच होंगे। इस बीच, अयोध्या में पारंपरिक रामलीला, जो छह दशकों से अधिक समय से दशहरा के दौरान अयोध्या में एक कैलेंडर इवेंट रहा है, कोविड-19 महामारी के कारण लागू अंतराल के बाद मंच पर लौट आई। 1964 से एक कैलेंडर इवेंट, रामलीला का आखिरी बार मंचन 17 अक्टूबर, 2021 को किया गया था। अयोध्या और हनुमानगढ़ी के महंत संजय दास, दशरथ महल मंदिर के महंत बिंदु गद्दाचार्य, जानकी महल मंदिर के महंत रसिक पीठाधीश्वर, बड़ा भक्त महल मंदिर के महंत अवधेश दास जी महाराज समेत अयोध्या के सांसद, मेयर और विधायक सहित कई राजनीतिक नेता रामलीला देख रहे हैं।

## कार्यक्रम

### दीपोत्सव के दौरान अयोध्या में भव्य आयोजन की तैयारी

# 25 हजार वालंटियर्स 24 लाख दीये जलाएंगे

**एजेंसी। लखनऊ**

लगातार छठे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए इस साल 11 नवंबर को लगभग 25,000 वालंटियर्स अयोध्या के 51 घाटों पर 24 लाख दीये जलाएंगे। अयोध्या में इस दीपोत्सव पर 21 लाख मिट्टी के दीये जलाने के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से सरकार अपने ही पिछले रिकॉर्ड को तोड़ने की योजना बना रही है।

आयोजन में करीब एक लाख लीटर तेल का इस्तेमाल होगा। कार्यक्रम के आयोजक राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने 21 लाख दीये सफलतापूर्वक जलाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 24 लाख दीये लगाने का निर्णय लिया है।

अवध विश्वविद्यालय के एक



अधिकारी ने कहा, "बड़ी संख्या में दीये जल्द ही बुझ जायेंगे। एहतियात के तौर पर हम 24 लाख दीये जलाएंगे ताकि अगर दो-तीन लाख दीये बुझ जाएं तो 21 लाख दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जा सके।"

अयोध्या प्रशासन इस उपलब्धि को सफलतापूर्वक हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इस मेगा इवेंट को सफल बनाने के लिए राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद और अयोध्या के सभी कॉलेजों के 25,000 से अधिक वालंटियर्स लगे हुए हैं। आयोजन के लिए अवध विश्वविद्यालय नोडल एजेंसी है। वालंटियर्स को एक लीटर तेल की बोतल दी जाएगी। विश्वविद्यालय ने दीया जलाने के लिए सभी आवश्यक तत्वों की आपूर्ति के लिए एक निविदा प्रक्रिया के माध्यम से एक एजेंसी को काम पर रखा है। दीपोत्सव पर करीब तीन करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें वालंटियर्स के लिए दीये, टी-शर्ट और स्नैक्स पर खर्च शामिल है। योगी सरकार 11 नवंबर को इस दीपोत्सव पर 21 लाख मिट्टी के दीये जलाकर छठा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखेगी। गौरतलब है कि यह एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। पिछले साल दीपोत्सव पर अयोध्या के घाटों को 15.76 लाख दीयों से रोशन किया गया था। स्वयंसेवकों ने घाटों पर बक्सों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है जहां दीये रखे जाएंगे।

## गागर में सागर

### प्रधानमंत्री के जाति पर सवाल उठाना हास्यास्पद



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने जेडीयू नेता नीरज कुमार द्वारा प्रधानमंत्री के जाति पर सवाल उठाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोढ़ घांची तेली जाति से आते हैं। उन्होंने कहा कि जदयू नेता को मालूम होना चाहिए कि बिहार सहित अन्य राज्यों में भी तेली समाज अति पिछड़ी जाति में शामिल है। ऐसे में प्रधानमंत्री के जाति पर सवाल उठाना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि जदयू नेता को यह कहना चाहिए था कि प्रधानमंत्री ओबीसी होकर जातीय जनगणना क्यों नहीं करना चाहते हैं? ना कि उनके जाति पर सवाल उठाना चाहिए । प्रसाद ने कहा कि वे भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जातीय जनगणना करने का आग्रह कर चुके हैं।

### पुलिसकर्मियों का किया गया स्वास्थ्य जांच



**रांची।** रांची के कांके रोड स्थित नवीन पुलिस केन्द में रविवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। भगवान महाबीर मेडिका के जरिये ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी और आंख का जांच डॉ केसी और उनके टीम की ओर से किया गया । सार्जेंट मेजर अभिनव पाठक ने बताया कि शिविर में लगभग 200 पुलिसकर्मियों का जांच किया गया।

### मनरेगा में 100 की जगह 200 दिन काम की गारंटी दे सरकार : महेन्द्र पाठक



**रांची।** झारखंड खेत मजदूर यूनियन का राज्य सम्मेलन रविवार को भाकपा कार्यालय में संपन्न हुई। सम्मेलन की अध्यक्षता मंडल कन्हाई मल पहाड़िया, अर्जुन कुमार और इम्तियाज खान ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि झारखंड खेत मजदूर यूनियन के सम्मेलन ऐसे समय पर हो रहा है, जब पूरी दुनिया में युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। दूसरी ओर केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है। झारखंड बनने के बाद भी पलायन नहीं रुका है। सरकार की उदासीनता के कारण आज भी मजदूर दूसरे राज्यों में रोजी रोजगार के लिए जाने को मजबूर हैं। इसलिए 26 नवंबर को राजभवन के समक्ष महा पड़ाव का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार खेत मजदूर के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाए। साथ ही मनरेगा में 100 दिन की जगह 200 दिन काम की गारंटी दे। काम नहीं मिलने पर मुआवजा की गारंटी सरकार करे। मनरेगा मजदूरों को 500 रुपये प्रतिदिन आठ घंटे की मजदूरी तय करे। खेत मजदूर के लिए और खेती पर जीने वाले लोगों के लिए महिला हो या पुरुष प्रतिमा 60 वर्ष की उम्र के सभी लोगों को दस हजार मासिक पेंशन और सभी खेत मजदूरों को 18 हजार रुपये मजदूरी निर्धारित करने की मांग सरकार से की। इसके अलावा सभी खेत मजदूरों को 20 लाख रुपये तक असाध्य रोगियों के लिए इलाज की व्यवस्था भी राज्य सरकार करे। इस मौके पर सीपीआई के अजय कुमार सिंह, गणेश महतो ,धर्मवीर सिंह, किरण कुमारी सहित अन्य शामिल थे।

### समृद्धि स्क्वायर में वैदेही बुटिक और पूजा कॉस्मेटिक का उद्घाटन

**रांची।** किशोरगंज चौक स्थित समृद्धि स्क्वायर के पहले तल्ले में सोमवार को वैदेही बुटिक का उद्घाटन हुआ। संचालिका मनीषा संथालिया ने बताया कि बुटिक में सभी तरह के ड्रेस की डिजाइनिंग की जाएगी, जिसमें महिलाओं, बच्चों और पुरुषों के कपड़ों के लिए पारंपरिक से लेकर आधुनिक लहंगा, चुनरी, सूट, कुर्ती समेत विभिन्न प्रकार के कपड़े शामिल हैं। बुटिक की यूएसपी रेडिमेड कपड़ों के अलावा ग्राहकों की मांग के अनुसार भी कपड़ों की डिजाइनिंग की जायेगी। बुटिक का उद्देश्य किफायती दर पर अच्छी सेवा देना है। वहीं दूसरे तल्ले में पूजा कॉस्मेटिक का भी उद्घाटन हुआ। इसकी संचालिका पूजा सिन्हा ने बताया कि यहां कॉस्मेटिक और गिफ्ट आईटम के सामान उचित दर पर मिलेंगे।

### महाराजा अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

# छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान से किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा रांची के तत्वाधान में श्रीअग्रसेन जयंती महोत्सव सह 47 वें पन्द्रह दिवसीय वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ महाराजा अग्रसेन भवन में मनाया गया। आज अग्रसेन जयंती महोत्सव में प्रतिभा सम्मान एवं प्रोत्साहन सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि प्रधान महालेखाकार भारत सरकार के राजकुमार अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता समाजसेवी पुनीत कुमार पोद्दार अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। उर्मिला पाड़िया ने गणेश वंदना तथा शशि सर्राफ ने अग्रसेन ध्वज वंदना की। अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ने महोत्सव में आए सभी आगंतुक अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं महाराजा अग्रसेनजी का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राजकुमार अग्रवाल ने कहा की महाराजा अग्रसेन जी एक




पौराणिक कर्मयोगी लोकनायक समाजवाद के युगपुरुष रामराज्य के समर्थक और महादानी माने जाते थे। उन्होंने कहा कि मानव जीवन मिला है तो हम सबों को इसे मानव सेवा में लगाना चाहिए उन्होंने कहा अग्रवाल सभा द्वारा किए जा रहे हैं सामाजिक कार्यों की सराहना की। मुख्य वक्ता उद्योगपति सह समाजसेवी पुनीत कुमार पोद्दार ने कहा कि भगवान अग्रसेन का ध्वज अहिंसा और सूर्य का प्रतीक है तथा सूर्य की 18 किरणें 18 पुत्रों का प्रतिनिधित्व करती है। ध्वज में चांदी के रंग की एक ईट और एक रुपैया भाईचारे एवं परस्पर सहयोग प्रदान करता है आध्यामिक के माध्यम से बच्चों को संस्कार देना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने की। उन्होंने अग्रसेन महाराज जी की 5177 वां जन्मोत्सव पर सभी को शुभकामनाएं दी। अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने अग्रवाल सभा के किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। जयंती संयोजक सज्जन पाड़िया ने अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित 15 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव की पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत की। मंच का संचालन अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने


**मुख्य वक्ता उद्योगपति सह समाजसेवी पुनीत कुमार पोद्दार ने कहा कि भगवान अग्रसेन का ध्वज अहिंसा और सूर्य का प्रतीक है**

किया।प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान में रांची क्षेत्र के सभी अग्रवंशी छात्र-छात्राएं जिन्होंने वर्ष 2022- 23 की परीक्षाओं में निर्धारित मापदंड के अनुसार अंक प्राप्त किए हैं। जिसमें आईसीएसई- 10 के 12 बच्चों को तथा सीबीएससी- 10 के 20 बच्चों को झारखंड बोर्ड- 10 कक्षा के 2 छात्र को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। सीबीएसई एवं आईसीएसई 10 एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 18 छात्र- छात्राओं को गंगा प्रसाद बुधिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नन्दलाल मोदी खेलकूद पुरस्कार अद्वितीय आर्यन पटवारी को दिया गया।

# रांची में चतुर्थी से खुलेंगे पंडालों के पट, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर एक से एक आकर्षक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। सभी पूजा समितियों के पंडाल लगभग तैयार होने को है। इसी क्रम में भारतीय नवयुवक संघ बकरी बाजार चतुर्थी के दिन अपने पंडाल का पट खोल देगा। यहां चक्रव्यूह में अभिमन्यु रथ पर सवार होकर कौरवों से युद्ध करने की मुद्रा में मां नजर आएंगी। ओसीसी क्लब पूजा समिति, बांग्ला स्कूल के पंडाल का पट चतुर्थी को शाम को खुलेगा। यहां पंडाल के अंदर की कलाकृतियां विभिन्न राज्यों की रंगोलियां और वृहद प्रकाश व्यवस्था की होगी। आरआर स्पोर्टिंग क्लब, रातू रोड पंचमी के दिन पंडाल का पट खोलेगा। आरआर स्पोर्टिंग क्लब पुनर्जन्म की यात्रा को दिखाएगा। भगवान बुद्ध की जीवनी भी बताई जाएगी। इसके अलावा चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति, मेन रोड के पंडाल का पट पंचमी को खुलेगा। यहां देवनगरी का प्रारूप बनाया गया है। माता के हाथ



में ग्लोब रहेगा। बनारस की तर्ज पर महाआरती और डमरू नृत्य होगा।

तीन हजार जवान रहेंगे तैनात : दुर्गा पूजा में सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से राजधानी रांची में तीन हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने रविवार को बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों को लगाया जाएगा। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जायेगी।

### झारखंड : 75 फोर्टिफायड पुलिस थाने में प्रशासनिक कार्य शुरू

**रांची।** झारखंड में 75 फोर्टिफायड पुलिस थाना बनकर तैयार है और इसमें काम भी शुरू हो गया है। इसके अलावा सात फोर्टिफायड पुलिस थाना के निर्माण के लिए स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम के तहत 17.50 लाख का आवंटन किया गया है। राज्य में 54 पुलिस थानों का भी निर्माण पूरा हो चुका है और आठ निमार्णाधीन हैं। जानकारी के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2017-18 से 2019-20 के बीच राज्य में स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम के तहत 156 करोड़ की लागत से कुल 75 फोर्टिफायड पुलिस स्टेशन का निर्माण पूरा किया गया है। फोर्टिफायड पुलिस स्टेशन खास तौर पर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बनता है। फोर्टिफायड का अर्थ किलानुमा यानी ऐसा पुलिस स्टेशन, जिसपर नक्सली या अपराधी चाहकर भी हमला नहीं कर पायें। इस पुलिस स्टेशन की घेराबंदी किले की तरह होती है। संतरी पोस्ट से लेकर सुरक्षा वे तमाम उपाय मजबूत होते हैं, जिससे थाना भवन हर तरह से सुरक्षित होता है। स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम के तहत फोर्टिफायड पुलिस स्टेशन के निर्माण में राज्य सरकार का जहां 40 प्रतिशत राशि खर्च होती है। वहीं केंद्र 60 प्रतिशत खर्च करता है। प्रोजेक्ट, डिजाइन व खर्च का आकलन कर केंद्र को प्रस्ताव भेजा जाता है। अंतिम रूप से खर्च की राशि की वापसी को 60 प्रतिशत राशि के लिए राज्य सरकार केंद्र को प्रस्ताव भेजती है।

### टेट पास पारा शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर घेरा कांग्रेस प्रदेश कार्यालय

# गेट के सामने धरने पर बैठे आंदोलनकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में टेट परीक्षा पास पारा शिक्षक लगातार वेतनमान की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। अब तक राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन, मुंडन कार्यक्रम के साथ मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव के आवास पर प्रदर्शन कर चुके राज्यभर के टेट पास पारा शिक्षकों ने रविवार को रांची में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। टेट पास पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापक) के प्रदर्शन के मद्देनजर जिला पुलिस के जवानों को कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगाया गया है। पार्टी ऑफिस का मुख्य गेट बंद कर दिया गया है। कार्यालय के अंदर सिर्फ दफ्तर के स्टाफ मौजूद हैं। कांग्रेस पार्टी ऑफिस के बाहर भारी संख्या में टेट पास पारा शिक्षक धरने पर बैठे



और नारेबाजी की।क्या है टेट पास पारा शिक्षकों का पक्षः आंदोलित पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापक) का कहना है कि लगातार बच्चों को पढ़ाने और टेट परीक्षा पास करने के बाद भी सरकार उन्हें वेतनमान नहीं दे रही है। मुख्यमंत्री पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए आंदोलित पारा शिक्षकों ने कहा कि 2019 में सीएम हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद उनकी सेवा नियमित होगी और वेतनमान मिलेगा। लेकिन चार साल होने को उनके साथ सिर्फ छल ही हुआ है। सेवा नियमितीकरण और सहायक शिक्षक की वैकेंसी में टेट पास सहायक अध्यापकों का सीधे समायोजन की मांग को जायज बताते हुए टेट पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) ने कहा कि मांगें पूरी होने आंदोलन जारी रहेगा। अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को पारा शिक्षकों, कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय का घेराव और प्रदर्शन कर रहे पारा शिक्षक नेता टेकलाल महतो ने कहा कि आक्रोशित टेट पास पारा शिक्षकों ने शिक्षक की सभी योग्यता और मापदंड पूरा कर लिया है फिर भी उनके साथ सरकार छल कर रही है।21 अक्टूबर को राजद के प्रदेश कार्यालय का घेरावः टेट पास पारा शिक्षक महेंद्र प्रसाद, टेकलाल महतो, प्रमोद कुमार ने कहा कि जो पार्टियां सरकार में शामिल हैं उनके कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके अगले चरण में 21 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रीय जनता दल के कार्यालय का घेराव किया जाएगा। 15 नवंबर को काला झंडा के साथ प्रदर्शन की तैयारीः कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर रहे टेट पास पारा शिक्षकों ने कहा कि 21 अक्टूबर को राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय का घेराव करेंगे। इस पर भी उनकी मांगें पूरी नहीं होने पर 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर रांची में राज्य भर के टेट पास 14 हजार से अधिक पारा शिक्षक काला झंडा के साथ प्रदर्शन करेंगे।

### रांची में 28 को संकल्प यात्रा का होगा समापन

# प्रदेश की जनता सरकार के खिलाफ आक्रोशित : अदित्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शुरू की गई संकल्प यात्रा का समापन 28 अक्तूबर को रांची में होगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में रांची महानगर एवं रांची ग्रामीण जिला की संयुक्त बैठक में तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में जिलों में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायकगण, दोनों जिलों के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने किया। गंगोत्री कुजूर ने कहा कि अब तक आठ चरण में 71 विधानसभा क्षेत्र में संपन्न संकल्प यात्रा में जनता का स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त हुआ है, उससे स्पष्ट है कि समापन कार्यक्रम भी ऐतिहासिक होगा। प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने कहा कि पूरे प्रदेश में हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश है। जनता आज प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की बातों पर विश्वास




करते हुए राज्य को भ्रष्टाचार, ध्वस्त विधि व्यवस्था, हत्या, लूट, बलात्कार से उबारने की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता राज्य सरकार को सबक सिखाने के लिये अवसर की प्रतीक्षा कर रही है। प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि भाजपा की संकल्प यात्रा को जनभागीदारी ने जन संकल्प यात्रा में बदल दिया। इस यात्रा ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा राज्य की जनभावनाओं की आवाज है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा ने जनता को भरोसा दिलाया है। जनता की टूटती उम्मीद को फिर भाजपा ही जोड़ सकती है। रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि रांची के कार्यकताओं में बजरंगी ताकत है। इन्हे केवल ताकत का अहसास कराना पड़ता है। इनके प्रयासों से कई कार्यक्रमों ने इतिहास रचा है। विधायक नवीन जायसवाल व एवम समरी लाल ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक में सुबोध सिंह गुड्डु, काजल प्रधान, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, शोभा यादव, संतोष कुमार, सुनील गुप्ता, राजीव रंजन, मनोज मिश्रा, कमाल खान, लक्ष्मी चन्द दीक्षित, सूरज चौरसिया, रविनाथ किशोर, मुनचुन राय, अरुण झा, संदीप वर्मा, रमेश सिंह, केके गुप्ता, वरुण साहु, बलराम सिंह, जितेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र सिंह पटेल, निरज सिंह, राकेश सिंह गुड्डु, अनिता वर्मा, देवेंद्र शर्मा, अरविन्द सिंह पिंटू, रोमित नारायण सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

### मारवाड़ी समाज ने सुशील पोद्दार पर जानलेवा हमले की निंदा की

# मुख्यमंत्री से दोषियों को समिति ने अभिलंब गिरफ्तार करने की मांग की

**नवीन मेल संवाददातपा। रांची**

मारवाड़ी सहायक समिति रांची ने धनबाद के धनसार के व्यवसायी सुशील पोद्दार को कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट करने एवं जानलेवा हमले करने की तीव्र निंदा की है। मारवाड़ी शहर समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया एवं सचिव कौशल कुमार राजगढ़िया ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र प्रेषित कर कहा है कि धनबाद के धनसार निवासी सुशील कुमार पोद्दार को कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा दुर्गा पूजा के जबरन चंदा वसूली के लिए मारपीट की गई एवं जानलेवा हमला किया गया तथा उन लोगों द्वारा मारवाड़ी समाज के लिए भी अभद्र शब्दों का व्यवहार किया गया। जिसका मारवाड़ी समाज में काफी रोष व्याप्त है। मारवाड़ी सहायक समिति आपसे आग्रह करती है कि धनबाद के वरीय पुलिस अधिकारियों को निर्देश दें तथा दोषी व्यक्तियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा उनके खिलाफ अविलंब भारतीय दंड संहिता के अनुसार कानूनी कार्रवाई करने की कृपा किया जाए। ताकि भविष्य में इस तरह की घटना किसी और के साथ नहीं हो। मारवाड़ी समाज आपसे अपील करता है। इस तरह की दुर्घटना को मारवाड़ी समाज कभी सहन नहीं कर सकता है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री ललित कुमार पोद्दार, प्रवक्ता संजय सर्राफ, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया एवं मंत्री मनोज कुमार चौधरी ने भी धनबाद के धनसार के व्यवसायी सुशील कुमार पोद्दार को असामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट एवं जानलेवा हमले की तीव्र निंदा की है एवं प्रशासन से दोषियों को अभिलंब गिरफ्तार करने की मांग की।

# नवंबर में प्रदेश के किसान और मजदूर राजभवन के समक्ष करेंगे प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में किसान और मजदूरों की परेशानी को देखते हुए राज्य भाकपा कार्यालय में किसानों और मजदूरों की बैठक हुई। इस बैठक में राज्य भाकपा के सचिव महेंद्र पाठक ने बताया कि राज्य में किसानों और मजदूरों की हालत हाशिये पर हैं और सरकार की नजर किसानों पर नहीं पड़ रही है। महेंद्र पाठक ने कहा कि सरकारी योजना का लाभ राज्य के गरीब किसानों और मजदूरों को नहीं मिल पा रहा है। मनरेगा में मजदूरों को 200 दिन का काम मिलना चाहिए अगर 200 दिनों का काम नहीं मिलता है तो उसके बदले मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बैठक में आए राज्य के मजदूरों और किसानों से चर्चा के दौरान यह तय किया गया कि 60 वर्ष पूरा कर चुके मजदूर और किसानों को 10 हजार रुपया पेंशन उपलब्ध कराना चाहिए। इन मांगों को लेकर वो सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।भाकपा के सचिव महेंद्र पाठक ने बताया कि आगामी 2 नवंबर को पटना में किसान और मजदूर यूनियन की बैठक होगी। जिसमें राज्य की नई समिति का गठन होगा, उसके बाद 26, 27 और 28 नवंबर को रांची के राजभवन के समक्ष किसानों और मजदूरों का महापड़ाव होगा। इस महापड़ाव के दौरान मजदूरों और किसानों का संगठन सरकार से यह मांग करेगा कि मजदूरों के लिए पेंशन की सुविधा दी जाए और प्रतिदिन रोजगार भी मुहैया कराई जाए ताकि वह अपना और अपने परिवार का जीवनयापन कर सके। इस बैठक में आए मजदूर और किसान नेताओं ने कहा कि कागज कलम पर लिखने वालों को लाखों रुपए दिए जाते हैं तो मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी और पेंशन क्यों नहीं उपलब्ध कराई जा सकती है। मजदूरों के हित में कई मामलों को लेकर आने वाले दिनों में भारत कम्युनिस्ट पार्टी और मजदूर यूनियन आंदोलन करेगा ताकि मजदूरों को उनका अपना हक मिल सके।

### श्री कृष्ण प्रणामी परिवार ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का किया वितरण

# 1700 श्रद्धालु परिवार के सदस्यों ने प्रसाद किया ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री ी 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 113 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। रविवार को 114 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन श्री कृष्ण परिवार के सदस्यों एवं गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी(राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद



सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण में संस्था के अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक विशाल जालान सह-संयोजक ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, बिष्णु सोनी की देखरेख में संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ के द्वारा वहां आये हुए प्रभु प्रेमी ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओ मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालु परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 114 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहां उपस्थित महिलाओं और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर आज के 114 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे में संस्था ने भोजन के प्रसाद में विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों में आलु काबुली चना का छोला,

**यह भंडारा श्री कृष्ण परिवार के सदस्यों एवं गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया**

भटुरा, केसरिया खीर, जलेबी भेजिटेबल पुलाव, चिप्स एवं बिस्किट का वितरण किया गया। इस में लगभग 1700 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का प्रसाद का वितरण कर सेवा की गई। प्रत्येक सप्ताह श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे में समाज के लोग बढ़-चढकर अपनी भागेदारी निभा रहे हैं। प्रणामी निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:30 बजे से पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंदिर के प्रांगण में एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सदस्यों की देखरेख में की जाती है। आज के भंडारे की सेवा श्री कृष्ण प्रणामी परिवार के सदस्यों एवं उनके परिवार के सौजन्य से मंदिर प्रांगण में की गई। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान,पुर्णमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी,नन्द किशोर चौधरी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, मनीष सोनी, बिष्णु सोनी,चन्द्रदिप साहु,धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु, महेश वर्मा, बसंत वर्मा इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

### धार्मिक आजादी से आदिवासियों को किया जा रहा वंचित : सालखन मुर्मू

**रांची।** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा कि प्रकृतिपूजक आदिवासियों लिए सरना धर्म कोड नहीं देना, उन्हें हिंदू, मुसलमान, ईसाई बनने-बनाने के लिए मजबूर करना है। मुर्मू शनिवार को विधानसभा अतिथि गृह में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड की मान्यता देश के लगभग 15 करोड़ प्रकृति पूजक आदिवासियों के अस्तित्व, पहचान, हिस्सेदारी के लिए अहम है। यह संवैधानिक मौलिक अधिकार भी है। 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 50 लाख आदिवासियों ने सरना धर्म लिखा था, जबकि मान्यता प्राप्त 44 लाख जैनों ने लिखा। तब भी सरना धर्म कोड की मान्यता नहीं देना भारत के आदिवासियों को उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करना है।

# अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को 69 रनों से हराया



## स्कोर बोर्ड

| अफगानिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज | 80 | 57 | 8 | 4 |
| इब्राहिम जदरान | 28 | 48 | 3 | 0 |
| रहमत शाह | 3 | 8 | 0 | 0 |
| हशमतउल्लाह शहीदी | 14 | 36 | 0 | 0 |
| अजमतउल्लाह ओमरजाई | 19 | 24 | 1 | 1 |
| इकराम अलीखिल | 58 | 66 | 3 | 2 |
| मोहम्मद नबी | 9 | 15 | 1 | 0 |
| राशिद खान | 23 | 22 | 3 | 0 |
| मुजीब उर रहमान | 28 | 16 | 3 | 1 |
| नवीन उल हक | 5 | 6 | 1 | 0 |
| फजलहक फारूकी | 2 | 4 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 15, **कुल :** 284/10 (49.5 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-114, 2-122, 3-122, 4-152, 5-174, 6-190, 7-233, 8-277, 9-277, 10-284 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** क्रिस वोक्स 4-0-41-0, रीस टॉप्ली 8.5-1-52-1, सैम करन 4-0-46-0, आदिल रशीद 10-1-42-3, मार्क वुड 9-0-50-2, लियम लिविंगस्टन 10-0-33-1, जो रूट 4-0-19-1

| इंग्लैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉनी बेयरस्टो | 2 | 4 | 0 | 0 |
| डाविड मलान | 32 | 39 | 4 | 0 |
| जो रूट | 11 | 17 | 2 | 0 |
| हैरी ब्रूक | 66 | 61 | 7 | 1 |
| जॉस बटलर | 9 | 18 | 1 | 0 |
| लियम लिविंगस्टन | 10 | 14 | 1 | 0 |
| सैम करन | 10 | 23 | 0 | 0 |
| क्रिस वोक्स | 9 | 26 | 1 | 0 |
| आदिल रशीद | 20 | 13 | 2 | 0 |
| मार्क वुड | 18 | 22 | 3 | 0 |
| रीस टॉप्ली | 15 | 7 | 3 | 0 |

**अतिरिक्त :** 13, **कुल :** 215/10 (40.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-3, 2-33, 3-68, 4-91, 5-117, 6-138, 7-160, 8-169, 9-198, 10-215. डीआरएस
**गेंदबाजी :** मुजीब उर रहमान 10-1-51-3, फजलहक फारूकी 7-0-50-1, नवीन उल हक 6-1-44-1, मोहम्मद नबी 6-0-16-2, राशिद खान 9.3-1-37-3, अजमतउल्लाह ओमरजाई 2-0-13-0

## वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.821 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.604 |
| सा. अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 4 | +2.360 |
| पाकिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.137 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.084 |
| अफगानिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.652 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.699 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.161 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.800 |
| ऑस्ट्रेलिया | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.846 |

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के 57 गेंद में 80 रन के बाद मुजीबुर रहमान की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान ने इस विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए रविवार को गत चैम्पियन इंग्लैंड को 69 रन से हरा दिया। लंबे समय तक युद्ध की विभीषिका झेलने और राहत शिविरों के अलावा अपने ह्यदूसरे घरह्व भारत में क्रिकेट का ककहरा सीखने वाले अफगान खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट इतिहास का सबसे सुनहरा पन्ना लिख डाला और उसके साक्षी रहे अरूण जेटली स्टेडियम पर उनकी हौसलाअफजाई करने पहुंचे 25000 से अधिक दर्शक।

पहले दोनों मैच हारकर यहां आई अफगानिस्तान टीम ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में इंग्लैड को उन्नीस साबित कर दिया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर 49 . 5 ओवर में 284 रन बनाये। जवाब में इंग्लैंड की टीम 40.3 ओवर में 215 रन पर आउट हो गई। राशिद खान ने जैसे ही मार्क वुड को बोल्ड किया, खुशी से उछलते अफगान क्रिकेटरों के चेहरों पर साफ था कि यह जीत उनके और उनके देश के लिये कितने मायने रखती है। इंग्लैंड के लिये हैरी ब्रूक (61 गेंद में 66 रन) को छोड़कर कोई बल्लेबाज नहीं टिक सका। वहीं अफगानिस्तान के लिये पहले 16 गेंद में 28 रन बनाने वाले मुजीबुर ने गेंदबाजी में भी जलवा दिखाते हुए तीन विकेट चटकाये । अनुभवी स्पिनर मोहम्मद नबी ने छह ओवर में 16 रन देकर दो विकेट लिये। इससे पहले दोनों टीमों का सामना सिडनी में 2015 विश्व कप में और 2019 में मैनचेस्टर में 2019 विश्व कप में हुआ था और इंग्लैंड ने क्रमशः नौ विकेट और 150 रन से जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड की शुरूआत बेहद खराब रही और दूसरे ही ओवर की पहली गेंद पर फजलहक फारूकी ने जॉनी बेयरस्टो (तीन) को पवेलियन भेज दिया। वहीं 33 के स्कोर पर उसका दूसरा विकेट जो रूट के रूप में गिरा जिन्हें मुजीबुर रहमान ने बोल्ड किया। फॉर्म में चल रहे डेविड मलान को अनुभवी स्पिनर मोहम्मद नबी ने इब्राहिम जदरान के हाथों लपकवाया। मलान ने 39 गेंद में 32 रन बनाये। इंग्लैंड को सबसे करारा झटका तेज गेंदबाज नवीनुल हक ने दिया जब 18वें ओवर में कप्तान जोस बटलर सिर्फ नौ रन का योगदान देकर बोल्ड हो गए। लियाम लिविंगस्टोन (10) और सैम कुरेन (10) को क्रमशः राशिद खान और नबी ने पवेलियन भेजा। अफगानिस्तान के गेंदबाजों का इस कदर दबदबा था कि उसकी पारी का पहला छक्का 31वें ओवर में लगा जब हैरी ब्रूक ने मुजीबुर की गेंद को सीमा पार पहुंचाकर इंग्लैंड का स्कोर 150 रन तक पहुंचाया। ब्रूक ने 61 गेंद में 66 रन बनाये जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल था। मुजीबुर ने उन्हें पवेलियन भेजकर इंग्लैंड की करारी हार पर लगभग मुहर लगा दी। इससे पहले अफगानिस्तान की टीम एक गेंद बाकी रहते आउट हो गई लेकिन 284 रन का अच्छा स्कोर बनाया। उसके लिये गुरबाज ने 57 गेंद में 80 रन बनाये जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल थे। गुरबाज के अलावा इकराम अलीखिल ने 66 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों के साथ 58 रन बनाये जबकि निचले क्रम पर अनुभवी मुजीबुर रहमान ने 16 गेंद में 28 रन की आक्रामक पारी खेली।

# जीत की राह पकड़ने की कोशिश करेंगी श्रीलंका और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम



**एजेंसी। लखनऊ**

अपने पहले दोनों मैच में हार से आहत ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका वनडे विश्व कप में सोमवार को यहां जब एक दूसरे का सामना करेंगे तो उनका लक्ष्य एक दूसरे से बेहतर प्रदर्शन करके जीत की राह पर लौटना होगा। यह दोनों टीम टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। ऑस्ट्रेलिया को जहां भारत और दक्षिण अफ्रीका से करारी हार का सामना करना पड़ा वहीं श्रीलंका की टीम दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान से हार गई थी। पांच बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की टीम 10 टीमों की अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट -1.846 है।

श्रीलंका -1.161 के नेट रन रेट के साथ सातवें स्थान पर है। इन दोनों टीमों ने अभी तक टूर्नामेंट में तीनों विभाग में लचर प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलिया का खराब क्षेत्ररक्षण वास्तव में हैरान करने वाला है। उसने अभी तक दो मैच में छह कैच टपकाए हैं। यह टूर्नामेंट में अभी तक किसी भी टीम का सबसे खराब प्रदर्शन है। उसकी गेंदबाजी में भी वह पैनापन नहीं दिखा जिसके लिए वह जाने जाते हैं। उसके बल्लेबाज भी नहीं चल पाए हैं और आलम यह है कि उसकी टीम अभी तक 200 रन की संख्या पर नहीं कर पाई है। पहले मैच में उसके बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों के सामने नहीं चल पाए जबकि दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने उनकी बखिया उधेड़ दी थी। खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रहे श्रीलंका का आक्रमण कमजोर है और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों के लिए लय हासिल करने का यह सुनहरा मौका होगा।

ऑस्ट्रेलिया की टीम इस मैदान पर एक मैच खेल चुकी है और उसको इसका भी फायदा मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने इस सप्ताह के शुरू में कहा था कि वह अपने गेंदबाजों को रोटेट नहीं करेंगे।

### टीम इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया:** पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, जोश इंगलिस, सीन एबॉट, एश्टन एगर, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम जम्पा, मिशेल स्टार्क।

**श्रीलंका:** कुसाल मेंडिस (कप्तान), कुसाल परेरा, पथुम निसांका, लाहिरू कुमारा, दिमुथ करुणारत्ने, सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका, धनंजय डी सिल्वा, महीश तीक्षणा, डुनिथ वेलालेज, कासुन राजिथा, मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, दुशान हेमंथा, चमिका करुणारत्ने। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:00 बजे शुरू होगा।

# पाक के बल्लेबाज मेरी गेंदों को नहीं समझ पाए : कुलदीप यादव



**एजेंसी। अहमदाबाद**

भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव का मानना है कि वह पाकिस्तान के बल्लेबाजों के दिमाग में भ्रम पैदा करने में सफल रहे, जिन्होंने शनिवार को यहां खेले गए विश्व कप मैच में उनकी गेंदों को समझे बिना जोखिम भरा स्वीप शॉट खेलने का प्रयास किया। कुलदीप ने सौद शकील और इफ्तिखार अहमद के महत्वपूर्ण विकेट लिए। इन दोनों ने बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर की गेंद पर स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में अपने विकेट गंवाए। कुलदीप से पूछा गया कि क्या उन्होंने इफ्तिखार के पांव को निशाना बनाकर गेंदबाजी करने की रणनीति बनाई थी तो उन्होंने इसका दिलचस्प जवाब दिया। कुलदीप ने भारत की सात विकेट से जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, नहीं मैंने ऐसी योजना नहीं बनाई थी लेकिन मैं गुगली कर रहा था तो मैंने ऐसा प्रयास किया। वह थोड़ा शॉर्ट पिच गेंद थी जो बाहर जा रही थी और इस गेंद पर उसके लिए स्वीप करना मुश्किल था।' इफ्तिखार ने ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद को स्वीप करने के प्रयास में अपने विकटों में खेल दिया था। कुलदीप ने कहा, ह्ययह विकेट मुझे भाग्य से मिला और इस तरह के विकेट से बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ता है। वे मेरी गेंद को नहीं समझ पाए और इसको लेकर भ्रम में थे कि वे मेरी गेंद पर स्वीप शॉट लगाएं या सामान्य बल्लेबाजी करें। मैं हालांकि उसे बेहतर तरीके से आउट करना पसंद करता।' असल में कुलदीप को वह ओवर नहीं करना था और उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा से बात करने के बाद ही यह ओवर किया था। कुलदीप ने कहा, मुझे लगा कि वे स्वीप शॉट खेलने का प्रयास करेंगे क्योंकि वे ऐसा करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पहले कोई जोखिम नहीं उठाया लेकिन जब कप्तान से बात करने के बाद मुझे वह अतिरिक्त ओवर करने को मिला तो मैंने दोनों विकेट उस ओवर में लिए।' उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर मोहम्मद सिराज ने बाबर आजम को आउट करके पाकिस्तान पर दबाव बनाया। इससे हमें मदद मिली।

# विराट ने बाबर को तोहफे में दी हस्ताक्षरित जर्सी

## वसीम अकरम ने की पाक कप्तान की आलोचना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2023 क्रिकेट विश्व कप में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ शानदार जीत में, भारत के बल्लेबाज विराट कोहली ने पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को एक हस्ताक्षरित जर्सी उपहार में दी, जो पिच से परे क्रिकेट के दिग्गजों के बीच आपसी सम्मान और सौहार्द का प्रदर्शन है। इस भाव ने उन भावुक प्रशंसकों को खेल के बाद खुशी का क्षण प्रदान किया, जो सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता देखने के लिए अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बड़ी संख्या में आए थे।

एकतरफा मैच में, भारत ने अहमदाबाद में खचाखच भीड़ के सामने पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया और अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। मैच के बाद, बाबर और कोहली को मैदान पर बातचीत करते हुए देखा गया। इस आदान-प्रदान के दौरान, कोहली ने बाबर को भारत की कुछ जर्सियाँ भेंट कीं। इस हल्के-फुल्के पल को सोशल मीडिया पर प्रशंसकों से व्यापक सराहना मिली, लेकिन हर कोई इससे प्रभावित नहीं हुआ क्योंकि पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम भारी हार के बाद बाबर द्वारा सार्वजनिक रूप से सौहार्दपूर्ण प्रदर्शन से खुश नहीं थे। 57 वर्षीय ने मैदान पर कोहली से टी-शर्ट मांगने के लिए बाबर की आलोचना की और कहा कि अगर बाबर को कोहली से शर्ट मांगनी थी, तो यह ड्रेसिंग रूम में किया जाना चाहिए था। पाकिस्तान टीवी शो द पवेलियन में विशेषज्ञ पैनल में बोलते हुए, अकरम को मेजबान द्वारा एक प्रशंसक प्रश्न पढ़ा गया।

# बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी उपविजेता रही एटीपी फाइनल्स टीम में पदार्पण करेंगे

**एजेंसी। शंघाई**

भारतीय शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई पुरुष युगल जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन शंघाई मास्टर्स में स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस से रविवार को यहां फाइनल में 7-5, 2-6, 7- 10 से हारकर उपविजेता रहे। इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को ग्रैनोलर्स और जेबालोस से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। दोनों टीमें पहले सेट में अपनी-अपनी सर्विस बचाने में सफल रहीं, इससे पहले रोहन और एबडेन 12वें गेम में निर्णायक ब्रेक प्वाइंट हासिल कर बढ़त लेने में सफल रहे। लेकिन स्पेनिश-अर्जेंटीना जोड़ी का आत्मविश्वास तेजी से बढ़ा और उन्होंने जल्द ही दूसरे सेट में 4-0 की बढ़त ले ली, लेकिन दूसरा सेट 6-2 से जीतकर बराबरी कर ली। मैच टाईब्रेक में वे अधिक प्रभावशाली जोड़ी थे, उनके



तीसरे मैच प्वाइंट पर जीत सुनिश्चित हुई। यह बोपन्ना का साल का तीसरा एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। 43 वर्षीय भारतीय ने इस साल की शुरूआत में इंडियन वेल्स मास्टर्स खिताब जीतने के लिए एबडेन के साथ साझेदारी की थी। इस जीत ने बोपन्ना को टेनिस इतिहास का सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स चैंपियन भी बना दिया। दोनों ने दोहा में ट्रॉफी भी उठाई। बोपन्ना और एबडेन यूएस ओपन के एक प्रमुख फाइनल और मैड्रिड में एक और मास्टर्स 1000 फाइनल में भी पहुंचे। हालाँकि, एक टीम के रूप में अपने पहले सीजन में, बोपन्ना और एबडेन एटीपी फाइनल्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने शंघाई मास्टर्स के फाइनल में पहुंचकर सीजन फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। एटीपी फाइनल्स में बोपन्ना की यह चौथी उपस्थिति और 2015 के बाद उनकी पहली उपस्थिति होगी। उनकी सभी चार योग्यताएं अलग-अलग भागीदारों के साथ आई हैं। एबडेन पहली बार सीजन के समापन टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए टीम की घोषणा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने रविवार को बेंगलुरु के साई सेंटर में 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 34 सदस्यीय कोर संभावित समूह घोषित कर दिया है। यह शिविर झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से पहले 22 अक्टूबर को समाप्त होगा। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट पहली बार रांची (झारखंड) में 27 अक्टूबर से आयोजित किया जा रहा है। इसमें मेजबान भारत के साथ मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड भी शामिल होंगे। भारत अपने अभियान के शुरूआती मैच में थाईलैंड से भिड़ेगा। महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच जेनेके शोपमैन के अनुसार शिविर से भारतीय टीम को उन क्षेत्रों पर फिर से ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी, जिनमें मूल्यांकन और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अब से ओलंपिक क्वालीफायर तक खेले जाने वाले सभी टूर्नामेंट हमारे लिए महत्वपूर्ण होंगे, जिससे हमें एक टीम के रूप में सुधार करने का मौका मिलेगा।

### संभावित कोर ग्रुप

**गोलकीपर्स** - सविता, रजनी एतिमारपु, बिच्चू देवी खारिबाम, बंसारी सोलंकी

**डिफेंडर्स** - दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी

**मिडफील्डर्स** - निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, अजमीना कुजूर

**फॉरवर्ड्स** - लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वन्दना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो, ब्यूटी डुंगडुंग।


# अलविदा कहने का मन बना चुकी थी : अन्नुरानी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने से पहले अपने लगातार खराब प्रदर्शन से भालाफेंक खिलाड़ी अन्नु रानी इतनी परेशान हो गई थी कि उन्होंने खेल को अलविदा कहने का मन बना लिया था। अन्नु ने भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा, इस साल मैने बहुत संघर्ष किया है। मैं विदेश में अभ्यास करने गई थी। सरकार से जिद करके विदेशी कोच से सीखने गई थी लेकिन मेरा प्रदर्शन गिर गया। पूरा साल खराब हो चुका था। एक के बाद एक हर प्रतियोगिता में खराब प्रदर्शन हो रहा था।' उन्होंने कहा, ह्यमैने एशियाई खेलों से पहले सोच लिया था कि मैं खेल छोड़ दूंगी। इतनी कोशिश के बावजूद कुछ जीत नहीं पा रही थी। सरकार और साइ ने मुझ पर इतना पैसा लगाया है लेकिन मैं प्रदर्शन नहीं कर पा रही थी। बुडापेस्ट में विश्व चैम्पियनशिप के बाद मैने खेल को अलविदा कहने के बारे में सोच लिया था।' अन्नु अगस्त में बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 57.05 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ 11वें स्थान पर रही और फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। वह सितंबर में ब्रसेल्स में डायमंड लीग में 57.74 मीटर के थ्रो के साथ सातवें स्थान पर रही। पूरे सत्र में वह 60 मीटर का आंकड़ा नहीं छू सकी थी। हांगझोउ में एशियाई खेलों में हालांकि 69.92 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर खराब फॉर्म को अलविदा कहा।

# ब्राजील ने बोटाफोगो के एड्रिएल्सन को बुलाया



**एजेंसी। रियो डी जेनेरो**

सीबीएफ ने बोटाफोगो के अनकैप्ड डिफेंडर एड्रिएल्सन को उरुग्वे के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने फ्लुमिनेंस सेंटर-बैक मार्सिलियो मोटा की जगह ली है, जिनके बाएं घुटने में शनिवार को प्रशिक्षण सत्र के दौरान चोट लग गई थी। जुलाई 2022 में स्पोर्ट रेसिफ से मुफ़्त ट्रांसफर पर क्लब में शामिल होने के बाद से एड्रिएल्सन ने बोटाफोगो के लिए 65 मैचों में शुरूआत की हैं। उरुग्वे और ब्राजील मंगलवार को उरुग्वे की राजधानी मोंटेवीडियो में एस्टाडियो सेंटेनारियो में भिड़ेंगे।

## वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन

## 18वें संस्करण का पुरुष और महिला एलीट वर्ग का खिताब

# डेनियल एबेन्यो-अल्माज अयाना ने जीते पदक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्या के डेनियल एबेन्यो और इथियोपिया की अल्माज अयाना ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के 18वें संस्करण का क्रमशः पुरुष और महिला एलीट वर्ग का खिताब अपने नाम किया है। पुरुष वर्ग में एबेन्यो ने 59 मिनट 27 सेकंड के समय के साथ दौड़ जीती, वहीं महिला वर्ग में अयाना ने 67 मिनट 58 सेकेंड के समय के साथ दौड़ जीती। 2016 रियो ओलंपिक चैंपियन और छह साल पहले दिल्ली हाफ मैराथन की



विजेता अयाना महिलाओं की रेस में 2017 की जीत के दौरान निकाले गए समय के करीब पहुंची। उन्होंने रेस के पहले क्वार्टर को 15:45-15:47 मिनट समय में कवर किया। हालांकि अयाना ने प्रत्येक पांच किलोमीटर के अंतराल के लिए अपनी 16 मिनट की गति बनाए रखी, लेकिन उसके बाद रेस के अंतिम चरण में धीमी हो गई क्योंकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी स्टेला कुछ दूरी पर थीं और उन्हें अपनी रेस के पेस को बनाये रखना पड़ रहा था। अयाना ने 67:58 समय में शीर्ष स्थान हासिल किया। युगांडा की स्टेला चेसांग 28 सेकंड बाद फिनिश लाइन पर पहुंचकर दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि केन्या की वियोला चेपनजेनो ने 69:09 में पोडियम फिनिश पूरा किया।

जीत के बाद अल्माज अयाना ने कहा कि मैं यहां जीतकर खुश हूं। यह आसान रेस नहीं थी और मौसम भी थोड़ा गर्म था। हालांकि, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में दौड़ना बहुत अच्छा था। अल्माज ने कहा, "मुझे इस इवेंट में आमंत्रित करने के लिए मैं आयोजकों को धन्यवाद देना चाहती हूं और इस रेस से मुझे भविष्य में होने वाले इवेंट्स के लिए तैयारी करने में मदद मिली है।"

पुरुषों की रेस में विश्व हाफ मैराथन में रजत पदक विजेता डेनियल एबेन्यो ने 59 मिनट 27 सेकंड में विजेता बनकर रेस जीत लिया। केन्या के चेल्स माटाटा ने 60:05 मिनट का समय लिया और दूसरे स्थान पर रहे। अदिसु गोबेना ने 46 सेकंड बाद फिनिश लाइन पर पहुंचकर इथियोपियाई खेमे में कुछ खुशी ला दी।

जीत के बाद एबेन्यो ने कहा, यहां दौड़ना अद्भुत था। हालांकि, मैं अपनी टाइमिंग से निराश हूं। मैं इवेंट रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य बना रहा था लेकिन चूक गया। फिर भी, वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में दौड़ना एक शानदार अनुभव था। उम्मीद है कि मैं अगले साल इस इवेंट का रिकॉर्ड तोड़ने में सफल रहूंगा। मैं वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के आयोजकों को एक शानदार आयोजन की मेजबानी के लिए बधाई देना चाहता हूं।